


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 3, अंक : 140 रांची, सोमवार, 04 मई, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 03, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,



email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

**शराब घोटाला : ईडी ने 13 ठिकानों पर छापे मारकर 53 लाख कैश और 3.2 किलो सोना किया बरामद**

**रायपुर।** ईडी के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने 30 अप्रैल 2026 को रायपुर, दुर्ग–भिलाई और बिलासपुर के 13 ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया था। इस कार्रवाई में 53 लाख रुपये नकद और लगभग 3.23 किलोग्राम सोना, आभूषण और बुलियन के रूप में, जिसका मूल्य लगभग 4.86 करोड़ रुपये है, जब्त किया गया। इस ताजा कार्रवाई में कुल 5.39 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां और महत्वपूर्ण दस्तावेज/डिजिटल उपकरण बरामद किए गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में 3,200 करोड़ के कथित शराब घोटाले को लेकर अपनी कार्रवाई के संबंध में आज एक महत्वपूर्ण प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए यह जानकारी दी ।

**प्रधानमंत्री ने विवेक विहार हादसे पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के आग दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) की ओर से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के हुई भीषण आग की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, दिल्ली के शाहदरा जिले में आग लगने की घटना में हुई जानमाल की हानि अत्यंत दुखद है। अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**बिहार के मुजफ्फरपुर में हुई सड़क दुर्घटना में चार की मौत**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के एनएच–27 पर रतनपुरा के पास रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।


# पांच राज्यों के विस चुनाव परिणाम आज

## सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना, कड़ी सुरक्षा के बीच वोटों की गिनती

**तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम में व्यापक तैयारी**

एजेंसी

**चेन्नई/कोलकाता/गुवाहाटी।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आज (सोमवार) सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। पूरे देश की नजर इन चुनाव परिणामों पर टिकी है। निर्वाचन आयोग ने मतगणना को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं, वहीं सभी केंद्रों पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। तमिलनाडु में 62 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जहां 75 हजार से अधिक मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती होगी। मतगणना के लिए 10 हजार से ज्यादा कर्मचारियों और 4 हजार से अधिक माइक्रो ऑब्जर्वरों की तैनाती की गई है। यहां सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी, जबकि 8:30 बजे से ईवीएम के वोट गिने जाएंगे। पश्चिम बंगाल में 293 विधानसभा सीटों के लिए 77 केंद्रों पर मतगणना होगी। कोलकाता समेत विभिन्न जिलों में जिला-वार केंद्र तय किए गए हैं। आयोग ने पहले 87 केंद्र निर्धारित किए थे, जिन्हें बाद में घटाकर 77 कर दिया गया। असम में 126 विधानसभा सीटों के लिए 40 केंद्रों पर मतगणना होगी। यहां 722 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज होगा। राज्य में इस बार रिकॉर्ड 85.5 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। सभी राज्यों में मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बाहरी, मध्य और आंतरिक तीन स्तरों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है, जिसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की कंपनियां भी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, हर राउंड के नतीजे संबंधित केंद्रों पर सार्वजनिक घोषणा प्रणाली के जरिए घोषित किए जाएंगे।





## असम विस चुनाव : 126 विस क्षेत्रों की 40 मतदान केंद्रों पर होगी मतगणना

**गुवाहाटी।** मतगणना के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह से तैयार है। असम के 40 मतगणना केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार की सुबह 8 बजे से मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। कल तय होगा 126 विधानसभा क्षेत्रों के 722 उम्मीदवारों का भाग्य। उल्लेखनीय है कि, हाल ही में 09 अप्रैल को एक ही चरण में राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ था। इस बार राज्य में रिकॉर्ड संख्या के 85.5 प्रतिशत मतदान हुआ। यह राज्य के लिए रिकॉर्ड मतदान था। इस बार सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 90 सीटें, असम गण परिषद (अगप) ने 26 सीटें, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) ने 11 सीटें, कांग्रेस ने 99 सीटें, असम जातीय परिषद (अजाप) ने 10 सीटें, राइजर दल ने 13 सीटें, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने 19 सीटें, यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) ने 17 सीटें, सीपीआई ने 5 सीटें, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने 2 सीटें होगी।

# सरना धर्म को अलग कोड देने की मांग, पीएम को सीएम ने लिखा पत्र

**अस्पतालों के ऑडिट के निर्देश, रेल सेवाओं की लेटलतीफी पर भी जताई नाराजगी**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनगणना 2027 में सर्ना धर्म को अलग पहचान देने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र की प्रतिलिपि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल संतोष गंगवार को भी भेजी गई है। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि सर्ना धर्म आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का आधार है, इसलिए इसे जनगणना में पृथक कोड देकर मान्यता दी जानी चाहिए। उन्होंने आदिवासी समाज की प्रकृति पूजा, ग्राम देवता, कुल देवता और पारंपरिक त्योहारों का उल्लेख करते हुए इसकी विशिष्ट पहचान पर जोर दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह करते हुए आदिवासी समाज की धार्मिक पहचान को सुरक्षित रखने की मांग की है।



## रेल सेवाओं की लेटलतीफी पर नाराजगी

**चांडिल-टाटा** रेल सेक्शन पर यात्री ट्रेनों की देरी को लेकर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि पिछले दो वर्षों से पैसेंजर ट्रेनें घंटों लेट चल रही हैं, जबकि मालगाड़ियों का परिचालन निर्बाध जारी है। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि इस सेक्शन में यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता दी जाए, लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा किया जाए और देरी की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा और गरिमा से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## अस्पतालों के ऑडिट के निर्देश

**मुख्यमंत्री** ने राज्यभर के अस्पतालों का ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। पलामू जिले के पांकी सीएचसी में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत मिलने के बाद उन्होंने उपायुक्त को तत्काल कार्रवाई कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही सभी जिलों के उपायुक्तों को अस्पतालों की जांच कर ऐसी अनियमितताओं पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

## राजनगर सीएचसी में लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत

**टॉर्च की रोशनी में कराया गया प्रसव, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**सरायकेला।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। प्रसव के दौरान कुव्यवस्था के कारण एक गर्भवती महिला और उसके नवजात की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है। मृतका की पहचान हाथीसिरिंग गांव निवासी बिनीता बानरा के रूप में हुई है, जो स्वयं स्वास्थ्य सहिया थीं। परिजनों के अनुसार, 30 अप्रैल को प्रसव के दौरान अस्पताल में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। स्थिति इतनी खराब थी कि मोबाइल फोन की टॉर्च की रोशनी में प्रसव कराने की कोशिश की गई। आरोप है कि अस्पताल में जरूरी चिकित्सा उपकरणों का अभाव था और डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ ने समय पर उचित संवेदनशीलता नहीं दिखाई। महिला की हालत बिगड़ती रही, लेकिन न तो बेहतर इलाज मिला और न ही समय रहते किसी बड़े अस्पताल में रेफर किया गया। परिणामस्वरूप प्रसव के दौरान ही मां और नवजात दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ और दोषी स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा मुआवजे की मांग की गई। परिवार में मातम का माहौल है।

## देश की लोकतांत्रिक और न्यायिक संरचना को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध : मेघवाल

**रांची में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कई कार्यक्रम में हुए शामिल**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार को रांची दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और न्यायिक व्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं पर विस्तार से बात की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक और न्यायिक संरचना को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सबसे पहले रांची स्थित आरोग्य भवन में चलंत एकल कंप्यूटर लैब वाहन का उद्घाटन किया। इसके बाद दोपहर एक बजे बरियातू रोड स्थित एक होटल में उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के सम्मेलन में शामिल हुए। इस सम्मेलन में न्यायिक व्यवस्था की चुनौतियों, सुधारों और अधिवक्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। यूनियन ऑफ लॉ ऑफिसर्स की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि भारत की न्यायिक प्रणाली को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार न्यायिक सुधारों के लिए लगातार प्रयासरत है और आने वाले समय में इसमें और पारदर्शिता और गति लाने पर जोर दिया जाएगा।



# विवेक विहार में एसी फटने से 9 लोगों की मौत, 15 को बचाया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के पॉश इलाके विवेक विहार में रविवार तड़के एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में एसी फटने से भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। आग की सूचना सुबह 3:47 बजे मिलने के बाद दमकल की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं, जिसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह लगभग 03:48 बजे विवेक विहार थाने को विवेक विहार फेज-1 के मकान नंबर बी-13 में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस,एसएचओ और एसीपी विवेक विहार के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दमकल विभाग और क्राइम टीम भी मौके पर जुट गई।



बिल्डिंग की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित छह फ्लैट आग की चपेट में आ गए थे।

आग बुझाने और बचाव कार्यों के दौरान इमारत से 10 से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें से दो लोगों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें इलाज के लिए पास के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों के साथ ही आपदा प्रबंधन दल, स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस कर्मी घटनास्थल पर मौजूद रहे। प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया कि इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई है। फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग मंजिलों से 9 जले हुए शव बरामद किए गए हैं। इनमें पहली मंजिल से 1 शव, दूसरी मंजिल से 5 शव और मुमटी सीढ़ियों के पास से 3 शव मिले हैं। इन शवों को पुलिस की क्राइम टीम को सौंप दिया गया है। सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है, क्योंकि आशंका है कि कुछ और लोग फंसे हो सकते हैं।

# मिशन दृष्टि लॉन्च, पीएम मोदी ने गैलेक्सीआई टीम को दी बधाई



**अब मौसम आपदा, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिलेंगी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई द्वारा विकसित उपग्रह मिशन दृष्टि रविवार को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से लॉन्च किया गया। इस उपग्रह से मौसम आपदा के असर, कृषि और ?सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए, गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा- गैलेक्सीआई द्वारा शुरू किया गया मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक अहम उपलब्धि है। विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। रविवार को 190 किलोग्राम वजनी मिशन दृष्टि कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। यह किसी भारतीय निजी कंपनी द्वारा निर्मित अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह है। इस विशेष उपग्रह की विशेषता यह है कि इसमें एक ही उपग्रह पर मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार इमेजर लगा हुआ है। दृष्टि मिशन का मूल आधार ऑप्टोसार नामक एक नवीन हाइब्रिड प्रणाली है, जो एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल इमेजिंग और सिंथेटिक एपर्चर रडार को संयोजित करने वाली तकनीक है। परंपरागत रूप से उपग्रह या तो ऑप्टिकल सेंसर या फिर रडार पर निर्भर करते हैं।

# ईरान ने अमेरिका को भेजा 14 सूत्रीय नया शांति प्रस्ताव

एजेंसी

**वाशिंगटन/दोहा/तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को नया शांति प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव 14 सूत्रीय है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार किया है कि यह प्रस्ताव मिल चुका है। उन्होंने शनिवार को पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर पत्रकारों को यह जानकारी दी। ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंने अभी भी नहीं लग रहा कि ईरान से बात बन पाएगी। उन्होंने कहा कि वह शांति प्रस्ताव की गहराई से समीक्षा करेंगे। इस बीच अमेरिका-इजराइल के फरवरी के आखिर में किए गए सैन्य हमले के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट लगातार गहरा रहा है। कतर के प्रधानमंत्री ने ईरान के विदेशमंत्री से सूझबूझ से काम लेने की सलाह दी है। सीबीएस न्यूज, फॉक्स न्यूज, अल जजीरा और तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्रकारों को बताया कि ईरान ने अभी-अभी प्रस्ताव भेजा है। बावजूद इसके उन्हें नहीं लगता कि ईरान समझौता कर पाएगा। इसमें आक्रमण न करने की गारंटी, नाकाबंदी हटाने और लेबनान सहित सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा, रमैंने इसे अभी देखा नहीं है। मैं प्रस्ताव की समीक्षा करूंगा। इसके बाद ही हमारे रुख की मीडिया को आधिकारिक जानकारी दी जाएगी।" ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत के कुछ समय बाद ट्रुथ सोशल पर लिखा, " मुझे नहीं लगता कि ईरान का शांति प्रस्ताव स्वीकार्य होगा। ईरान ने पिछले 47 वर्षों में मानवता और दुनिया के साथ जो कुछ भी किया है, उसके लिए उसने अभी पूरी कीमत नहीं चुकाई है। वह इस प्रस्ताव को एयरफोर्स वन में पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में सब कुछ तबाह हो चुका है। वह समझौता करने के लिए लालायित है। उन्होंने दुहराया कि अगर अमेरिका ईरान से हट भी जाए तो तबाह हुए मुल्क को खड़ा होने में 20 साल लग जाएंगे। ट्रंप ने कहा, " मुश्किल यह है कि यही समझ में नहीं आ रहा का इस समय ईरान का सर्वमान्य नेता कौन है। कभी कोई आगे आ जाता है तो कभी कोई। ऐसी स्थिति में इस बात की पक्की संभावना है कि अमेरिका फिर से कुछ ठिकानों पर सैन्य हमले शुरू कर सकता है।



## समुद्री डाकुओं ने तेल टैंकर को किया हाईजैक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-ईरान के तनाव के चलते होर्मुज बंद है। वहीं जो जहाज लाल सागर से गुजर रहे हैं उनके ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है। यमन के तट के पास एक बार फिर समुद्री लुटेरों का खतरा बढ़ता दिख रहा है। सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने एक तेल टैंकर को हाईजैक कर लिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट्स पर चिंता बढ़ गई है। यह तब हुआ है जब अमेरिकी नेवी अरब सागर में मौजूद है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि सोमाली सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक एमटी यूरेका नाम के इस टैंकर को गल्फ ऑफ अदन में हथियारबंद लोगों ने कब्जे में ले लिया।

# अवैध अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** जिले में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को सफलता हाथ लगी है। एनडीपीएस थाना, खूंटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को करीब एक किलो अवैध अफीम (लासा) के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सदर अस्पताल से ईंट्टे की ओर जाने वाली मुख्य मार्ग पर एक व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर अवैध अफीम की बिक्री के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एनडीपीएस थाना की टीम गठित कर तत्काल छापेमारी की गई। पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। हालांकि मोटरसाइकिल स्टार्ट नहीं हो सकी, जिसके बाद वह वाहन छोड़कर भागने लगा। पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद जब मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई, तो सीट के अंदर छिपाकर रखे गए काले पॉलीथिन में करीब एक किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मानी मुंडा (25) के रुप में की गयी है। वह खूंटी जिले के मूरहू थाना क्षेत्र के बिचागुटू गांव का रहने वाला है। इस संबंध में एनडीपीएस थाना (कांड संख्या 06/2026) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अन्य संभावित तस्करों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी कर रही है। एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है और किसी भी हाल में ऐसे अवैध धंधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मदरसा अरबिया तजवीदुल कुरआन में जलसा-ए-दस्तार बंदी 9 को

प्रातः नागपुरी संवाददाता



पिठोरिया। रांची जिले के कांके प्रखंड के हुसीर गांव स्थित मदरसा अरबिया तजवीदुल कुरआन हुसीर में 9 मई को जलसा-ए-दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें मदरसा में पढ़ने वाले 15 हाफिजों की दस्तार बंदी किया जाएगा। इस दौरान जलसा में मुस्लिम धर्म के देश के जानेमाने ओलेमा और शायर भी शामिल होंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौलाना अबु तालिब रहमानी साकिन (कोलकाता) और मौलाना अशरफ अब्बास (दारुल उलूम देवबंद) शामिल होंगे। शायर में दिल खेराबादी व असद आजमी भी शामिल होंगे। इनके अलावा क्षेत्र के ओलेमा मौजूद होंगे।

हुसीर के सदर अंजुमन इस्लामिया और मदरसा के जिम्मेदारान ने बताया कि जलसा में लाखों की भीड़ उमड़ने की संभावना है।? इसके लिए तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। बाहर से आने वाले अतिथियों को किसी भी तरह के परेशानी ना हो, इसके लिए हर एतबार से तैयारी की जा रही है।

## संक्षिप्त

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत पति घायल

**खूंटी।** बाबा आम्रेश्वर धाम में पूजा करने आ रहे एक परिवार की सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति घायल हो गए और बेटी को मामूली चोटें आईं। घटना रांची-खूंटी मार्ग पर तजना नदी के समीप रविवार दोपहर करीब 12 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रांची जिले के हरमू विद्यानगर निवासी मनीष कुमार अपनी पत्नी बिनिता देवी और बेटी अरुणा कुमारी के साथ बाइक से खूंटी की ओर आ रहे थे। तजना नदी के पास पहुंचते ही एक अज्ञात चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनीष कुमार और बिनिता देवी बेहोश हो गए, जबकि उनकी बेटी को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सदर अस्पताल खूंटी पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान बिनिता देवी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। घायल मनीष कुमार का इलाज जारी है। अरुणा कुमारी ने बताया कि वे अपने माता-पिता के साथ बाबा आम्रेश्वर धाम पूजा करने जा रहे थे, तभी एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी और चालक भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर खूंटी थाना की पुलिस भी अस्पताल पहुंची और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सीएनआई मंडली के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक

**खूंटी।** रनिया प्रखंड के ताम्बा पेरिस अंतर्गत हालोम सी.एन.आई. मंडली के स्थापना दिवस के 21वें वर्षगांठ समारोह में शनिवार को विधायक सुदीप गुड़िया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा, मंडली के सभी श्रद्धालुओं, पादरी एवं प्रचारकों के बीच उपस्थित होकर आत्मीय स्वागत और सम्मान पाकर हृदय भावविभोर हो गया। विधायक ने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, दरअसल विश्वास, सेवा, प्रेम और समाज के प्रति समर्पण की निरंतर यात्रा का प्रतीक है।

# थाना चौक पर 40 डिसमिल जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** थाना चौक पर 40 डिसमिल जमीन पर कब्जे को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। रविवार को एक तरफ जहां प्रशासन नीट की परीक्षा में व्यस्त था, दूसरी तरफ वजीरूद्दीन सिद्दीकी ने झारखंड उच्च न्यायालय का हवाला देकर पॉश इलाके की 40 डिसमिल जमीन पर जेसीबी चलाने का प्रयास किया। वहीं अमरेश गणक ने उस भू-खंड को पुश्तैनी करार देते हुए विरोध किया। मामला इतना अधिक बढ़ गया कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया और बिना वैध आदेश के काम करने पर रोक लगा दी। उन्होंने जमीन कब्जा करने पहुंचे वजीरूद्दीन सिद्दीकी से थाने में बॉन्ड लिखवाया और कहा कि बिना दंडाधिकारी और पुलिस की मौजूदगी के बिना जमीन पर किसी भी तरह का काम वह नहीं करेंगे। यदि उच्च न्यायालय ने उनके पक्ष में आदेश दिया है तो वह एसडीओ कार्यालय जाएं और वहीं से दंडाधिकारी की नियुक्ति कराएं। जबरन जमीन पर काम करना और विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करना उचित नहीं है। पूर्व में हुई जमीन मापी के आधार पर एक पक्ष ने भूमि पर कार्य शुरू कराने का प्रयास किया। लेकिन दूसरे पक्ष के विरोध और पुलिस हस्तक्षेप के बाद काम रोक दिया गया। मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को भी दी गई है।

जानकारी के अनुसार वजीरूद्दीन सिद्दीकी ने अपने पिता शेख अब्दुल समद के नाम पर खरीदी करीब ०3 एकड़ 30 डिसमिल जमीन पर दावा किया है। उनका कहना है कि संबंधित जमीन की डीड के आधार पर रामगढ़ अंचल कार्यालय में जमाबंदी कायम है और अद्यतन रसीद भी जारी हो रही है। उनकी पहल पर प्रशासनिक स्तर पर जमीन की मापी कराई गई थी। मापी के दौरान कुछ प्लॉटों पर जमीन खाली नहीं पाई गई, जबकि कुछ हिस्सों में आंशिक या पर्याप्त खाली भूमि होने की जानकारी मिली। संबंधित नक्शा एवं रिपोर्ट तैयार की गई थी। वजीरूद्दीन सिद्दीकी ने जिला प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की है, जबकि दूसरे पक्ष ने भी अपने दावे को सही बताते हुए निष्पक्ष जांच की अपेक्षा जताई है। फिलहाल भूमि विवाद का समाधान प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने खूंटी में लगाए आठ अमृत धारा प्याऊ

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि




**खूंटी।** भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, खूंटी नगर शाखा की ओर से रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर एक साथ 8 अस्थाई अमृत धारा प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इन प्याऊ का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी एवं महावीर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। शहर के मेन रोड, कर्रा रोड, तोरपा रोड, बाजार टांड़, चाईबासा रोड और रांची रोड सहित कुल आठ स्थानों पर प्याऊ की स्थापना की गई है, जहां राहगीरों को निःशुल्क ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस तरह का सेवा कार्य बेहद सराहनीय है। उन्होंने मारवाड़ी समाज और मंच के सदस्यों को जनसेवा के इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे कार्यों से जुड़े रहने की अपील की। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष राजेश मिश्रा, सचिव गौरव जैन, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, संजय अग्रवाल, अखिल सरावगी, निवर्तमान अध्यक्ष अंकित जैन, अमृत धारा संयोजक तन्मय जैन, मुकुल पीपुरिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग 3 डी प्रिंटिंग का दो दिवसीय कार्यशाला समापन

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़ के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा रविवार को आयोजित एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग 3डी प्रिंटिंग विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन व्यावहारिक सत्रों एवं छात्र सहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ।कार्यशाला के उद्देश्य 3डी प्रिंटिंग के माध्यम से नए व्यवसाय (स्टार्टअप) स्थापित करने के लिए छात्रों को प्रेरित करना। विद्यार्थियों को अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करना। लघु उद्योगों में कम लागत लगाकर अधिक लाभ अर्जित करने की संभावनाओं से अवगत कराना।कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों को 3डी प्रिंटिंग की उन्नत तकनीकों का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया गया। विशेषज्ञों ने 3डी प्रिंटर के विभिन्न घटकों, सामग्री चयन, प्रिंट सेटिंग्स एवं प्रोटोटाइप निर्माण की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। इसके साथ ही छात्रों को स्वयं डिजाइन किए गए मॉडल्स को प्रिंट करने का अवसर भी प्रदान किया गया, जिससे उन्हें वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्राप्त हुआ। सत्र के दौरान प्रो. (डॉ) कौशिक कुमार, बीआईटी मेसरा तथा डॉ. चिकेश रंजन, एनआईटी राउरकेला से आए विशेषज्ञों ने इंडस्ट्री में 3डी प्रिंटिंग के उपयोग, स्टार्टअप संभावनाओं एवं भविष्य के करियर विकल्पों पर भी प्रकाश डाला।

### सोनाहातू पंचायत भवन में रेन सिद्धिविनायक हॉस्पिटल ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**सोनाहातू।** प्रखंड के सोनाहातू पंचायत भवन में रविवार को मुखिया विकास सिंह मुंडा की पहल पर रेन सिद्धिविनायक हॉस्पिटल, बुंडू द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपना स्वास्थ्य जांच कराए। शिविर में 180 लोगों का स्वास्थ जांच कर आवश्यकता अनुसार दवा दिया गया। रेन सिद्धिविनायक हॉस्पिटल की टीम द्वारा शिविर आयोजन से पूर्व पूरे सोनाहातू पंचायत क्षेत्र में स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया गया था, जिसके आधार पर आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था की गई। शिविर में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे और मरीजों की जाँच कर उचित परामर्श प्रदान किया। कैम्प के दौरान सबसे अधिक महिलाओं में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ देखने को मिलीं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहाश्री, जो मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना की पूर्व रेजिडेंट रह चुकी हैं, ने महिलाओं का उपचार करने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ देकर जागरूक भी किया। उन्होंने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जाँच, पोषण, स्वच्छता एवं स्त्री रोगों से बचाव के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया।इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि डॉ. नेहाश्री प्रत्येक शुक्रवार को रेन सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में अपनी सेवाएँ निःशुल्क प्रदान करेंगी। मौके पर रेन हेल्थकेयर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. महेश कुमार रमन, जितेश कुमार सिंह, मुखिया विकास सिंह मुंडा, डॉ सचिन,डॉ रजनीश,बरुण कुमार,सौरभ कुमार,अजय कुमार,दीपक कुमार,सत्य नारायण ठाकुर,प्रेमानंद नायक,बिजय सिंह मुंडा,दुवराज प्रजापति,सहिया सोनी कुमारी,सरस्वती देवी, पंचानन स्वांसी,नरेश भगत,लालू लोहरा आदि मौजूद थे।

### सड़क निर्माण में मनमानी से बजार में जल जमाव

**सिल्ली।** प्रखंड के पतराहातु बजार में जल जमाव एवं दुकानों में पानी घुसने से लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति बंता बुंडू सड़क चौड़ीकरण कार्य कर रहे सड़क निर्माण कंपनी द्वारा सड़क की ऊँचाई को दुकानों के स्तर से अधिक ऊंचाई करने के कारण बारिश के पानी से दुकानों के समीप जलजमाव की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। जिससे बारिश का पानी दुकानों में भी घुस जाता है। संवेदक द्वारा पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं करने का यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसको लेकर पिछले एक अप्रैल को संवेदक के जेसीबी एवं टीपर को रोक सड़क जाम कर स्थानीय दुकानदारों ने विरोध किया था। जहां संवेदक कम्पनी के अधिकारी द्वारा पानी निकासी का प्रबंध करने का आश्वासन दिया गया। परंतु महिने भर बित जाने के बाद भी पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे स्थानीय दुकानदारों में रोष व्याप्त है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क का मापी कर सड़क किनारे नाली निर्माण का मांग किया है ताकि पानी का निकास हो सके। क्या कहते है ग्रामीण दुकानदार पंकज कुमार ने कहा कि किसी को नाला निर्माण कराने की चिता नहीं है। जिससे पानी की निकासी नहीं होने से ग्रामीण काफी परेशान व चितित है। हमलोगों को अब भय सताने लगा है कि कही डायरिया व मलेरिया जैसी बीमारी ने फैल जाए। सीएसपी संचालक प्रदीप मांझी ने कहा की ग्राहक से लेकर स्थानीय लोगों को परेशानी का सबब बन गया है।हल्की बारिश होने पर ही जल-जमाव की स्थिति विकराल हो जाती है। कपड़ा व्यवसाय विशाल पोद्दार ने कहा कि नाली का निर्माण नहीं होने से पानी दुकान में भर जाता है। जलनिकासी नहीं होने के कारण सारा पानी भरा रहता है। जलभराव के कारण गंदगी व मच्छर पैदा हो गए हैं। सुदेश नायक ने कहा कि जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने को लेकर नेता, एवं प्रशासन का ध्यान कई बार आकृष्ट कराया गया है, लेकिन उनका ध्यान इस ओर नहीं है। सुखदेव महतो ने कहा अगर जल जमाव का यही आलम रहा तो आने वाले दिनों में यहां रहने वाले लोगों में गम्भीर बिमारियों व महामारी फैलने की आशंका है। प्रशासन से मांग है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाय।

### रामगढ़ जिले में नीट परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 का आयोजन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा की गई चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी।परीक्षा के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और अभ्यर्थियों की सुविधाओं का अवलोकन किया। उपायुक्त ने परीक्षा संपन्न होने के पश्चात कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखना थी, जिसे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के आपसी समन्वय से सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पांच गांवों की बैठक, धोचा पाहन बने राजा

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** प्रखंड के तुनेल गांव में रविवार को पारंपरिक पड़हा व्यवस्था के संरक्षण और सुदृढ़ संचालन को लेकर पांच गांवों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवचयनित पड़हा राजा धोचा पाहन ने की।

बैठक में लोटा, गड़के, कोने, डुफू और तुनेल गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में छोटानागपुर की प्राचीन आदिवासी पड़हा व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित करने और इसकी ऐतिहासिक परंपरा को सुरक्षित रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पड़हा व्यवस्था सदियों पुरानी सामाजिक संरचना है, जो शासन व्यवस्था से भी पहले से अस्तित्व में रही है। यह व्यवस्था क्षेत्र के विभिन्न समुदायों की सुरक्षा, स्वशासन और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पांचों गांवों में प्रत्येक महीने क्रमवार बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे परंपराओं के संरक्षण और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। साथ ही सामाजिक सुधार के तहत डीजे बाजा, गांव-गांव ढुकु शादी और नशापान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। धोचा पाहन को पड़हा राजा चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में डुफू से सुशील पाहन, तुनेल से सुनीता धान, लोटा से एतवा मुंडा, गड़के से मंगल पाहन और कोने से मनोज मुंडा को जिम्मेदारी दी गई। सचिव पद पर हरीश मुंडा, सह सचिव के रूप में शांति होरो, कोषाध्यक्ष सुषमा मिंज तथा सह कोषाध्यक्ष लीली आईन्द का चयन किया गया। इसके अलावा 10 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। बैठक में कोटवार सुशील पाहन, राजन मुंडा, जयमंगल मुंडा, अजय खलखो, राजेंद्र मुंडा, फागू मुंडा, चंपा कच्छप, सिलानंद होरो, चैतन मुंडा, मनोज होरो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नशीला पदार्थ खिलाकर चालक को किया बेहोश, कार लेकर फरार हुए अपराधी

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** ओडिशा जिले की अंगुल जिले के डेराजंगा, जरापाड़ा से भाड़े पर कार लेकर निकले दो अपराधी कार चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर कार लेकर चंपत हो गए। खूंटी थाना की पुलिस ने चुकरु मोड़ के पास बेहोश पड़े चालक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओड़िशा के अंगुल जिले के डेराजंगा, जरापाड़ा से दो व्यक्तियों ने एक ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से अर्टिका कार चालक दुश्मंता साहू की कार बुक की थी। उन्होंने चालक को बताया था कि उन्हें रांची से करीब 30 किलोमीटर आगे जाना है और वहां से अपने परिवार के कुछ सदस्यों को लेकर वापस ओड़िशा लौटना है। चालक उन्हें लेकर रांची पहुंचा। रिंग रोड स्थित दलादिली चौक के पास एक होटल से मीट-भात पैक कराया गया और दूसरी दुकान से मिठाइयां खरीदी गईं। इसके बाद तीनों चुकरू मोड़ के पास पहुंचे, जहां पेड़ के नीचे बैठकर तीनों लोगों ने खाना खाया। खाना खाने के बाद जैसे ही चालक दुश्मंता साहू कार में बैठा, वह अचानक बेहोश हो गया। इसके बाद की घटना उसे याद नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने बेहोशी की हालत में उसकी पिटाई की और उसे मृत समझकर मौके पर छोड़ दिया तथा उसकी कार लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पड़े चालक दुश्मंता साहू को उठाकर खूंटी सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड राज्य ड्राइवर संघ ने इसे गंभीरता से लिया है। संघ के अध्यक्ष के निर्देश पर चार सदस्यीय टीम खूंटी पहुंची है, जिसमें आकाश सिंह, अजय सिंह, सुनील प्रजापति और सूरज मुंडा शामिल हैं। टीम अस्पताल में घायल चालक का हालचाल लेने के साथ पुलिस से भी संपर्क कर मामले की जानकारी जुटा रही है। खूंटी के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने रविवार को घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि घायल कार चालक की स्थिति खतरे से बाहर है।

# रामगढ़ में चौकीदारी परेड आयोजित, चौकीदारों को बीट क्षेत्र में सतर्क रहकर सूचना संकलन के निर्देश

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मुकेश कुमार लुणायत के निदेर्शानुसार रविवार को जिले के सभी थाना एवं ओपी में चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया।इस दौरान संबंधित थाना एवं ओपी प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में चौकीदारों को एकत्रित कर विधिवत परेड कराई गई और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड के दौरान थाना/ओपी प्रभारी द्वारा सभी चौकीदारों को अपने अपने बीट क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने, क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर आसूचना (इंटेलिजेंस) संकलन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि किसी भी संभावित आपराधिक घटना को समय रहते रोका जा सके। अधिकारियों ने चौकीदारों को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए कहा कि वे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पुलिस की आंख और कान के रूप में कार्य करें और आम जनता के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## झामुमो ने महंगाई और झारखंड के मुद्दों पर केंद्र पर साधा निशाना

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वर्ष 2014 में महंगाई के खिलाफ दिए गए नारे अब बदल चुके हैं। पिछले 12 वर्षों में खाद्य पदार्थ, ऊर्जा और यात्रा किराये में दो से ढाई गुना तक वृद्धि हुई है। व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत 950 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये के पार पहुंचा दी गई है। होटल और खानपान व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। भट्टाचार्य रविवार को हरमू स्थित मोर्चा के प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार पर महंगाई, रेलवे सहित झारखंड में कई मुद्दों पर सरकार को घेरा और केंद्र पर जमकर निशाना साधा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम लोगों पर बोझ बढ़ा है। छोटे कारोबार प्रभावित हो रहे हैं। देशभर में लोग आर्थिक तंगहाली से गुजर रहे हैं। अर्थव्यवस्था चौपट होने के कगार पर है। यह चिंता का विषय है, लेकिन सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। रेलवे के मुद्दे पर उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। उनका कहना था कि राज्य देश को बड़ा राजस्व देता है, इसके बावजूद यहां रेल सुरक्षा और रखरखाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण पंचायत, नगर निकाय और अन्य निर्वाचित संस्थाओं में भी लागू किया जाना चाहिए। आदिवासी पहचान के सवाल पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरन ने वर्ष 2027 की जनगणना में सरना धर्म कोड शामिल करने की मांग केंद्र सरकार से की है। जिसे जानबूझकर लटकाया गया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की पहचान सुरक्षित रखना आवश्यक है। बावजूद इसके इसपर सरकार का ध्यान नहीं देना दुखद है।

## राज्यपाल से प्रतिभाशाली बालक इशांक ने की मुलाकात

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को झारखंड के नन्हें प्रतिभाशाली बालक इशांक ने अपने परिजनों के साथ रांची के लोकभवन में शिष्टाचार भेंट की। उल्लेखनीय है कि मात्र ०७ वर्ष की आयु में इशांक ने श्रीलंका और भारत के बीच स्थित लगभग 29 किलोमीटर लंबे पाक जलडमरूमध्य को पार कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। इस अवसर पर राज्यपाल ने इशांक को इस अद्भुत उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, साहस और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इशांक ने न केवल झारखण्ड, बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है और अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने हैं। राज्यपाल ने इशांक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिजनों एवं प्रशिक्षकों को भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## संक्षिप्त

### झारखंड में 4-5 मई को बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि का अलर्ट

**रांची।** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने 4 और 5 मई को राज्य के कई जिलों में बारिश के साथ वज्रपात (बिजली गिरने) और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 4 मई को रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में बारिश के साथ आंधी-तूफान और वज्रपात की संभावना है। वहीं 5 मई को राजधानी रांची समेत खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, कोडरमा, सरायकेला-खरसावां, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिलों में भी मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है।

### रांची में चलाया गया एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान

**रांची।** राजधानी रांची में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। रांची के एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर सिटी एसपी, ट्रैफिक एसपी और ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में अपराधियों और असमाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में रविवार की रात में राजधानी के विभिन्न हॉट स्पॉट और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की ओर से व्यापक एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी के सख्त निर्देश के बाद शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। शहर के प्रवेश और निकास द्वारों के साथ-साथ भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है। इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहनों की डिक्की और कागजातों की जांच की जा रही है। बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों और संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। उन इलाकों को चिन्हित किया गया है जहां पूर्व में झपट्टामारी या लूट जैसी घटनाएं अधिक हुई हैं।

## संगठन की मजबूती के लिए प्रदेश कांग्रेस ने सात कमेटियों का किया गठन

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी से अनुमोदन के बाद प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पार्टी संगठन की मजबूती के लिए सात कमेटियों की सूची जारी की। प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के साथ अन्य समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की सूची जारी की। प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव और प्रदेश सह-प्रभारी भूपेन्द्र मारावी, सतीश पॉल मुंजनी, अभिलाष साहू, सोनाल शांति, राजन वर्मा उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जेपीसीसी की एग्जीक्यूटिव कमेटी में एक ट्रेजरर, 16 वाइस प्रेसिडेंट, 43 जनरल सेक्रेटरी, 44 पीसीसी कोऑर्डिनेटर, 81 सेक्रेटरी और 44 जॉइंट सेक्रेटरी होंगे। उन्होंने बताया कि 14 वाइस प्रेसिडेंट को राज्य में एक-एक पार्लियामेंट्री सीट दी जाएगी और 02 वाइस प्रेसिडेंट को पीसीसी के डिपार्टमेंट्स और फ्रंटल्स को गाइड करने और उनके साथ कोऑर्डिनेट करने की ज़िम्मेदारी दी गई है। वहीं 34 जनरल सेक्रेटरी को डीसीसी प्रेसिडेंट के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी को गाइड करने के लिए जिलों में भेजा जाएगा। बाकी 09 जनरल सेक्रेटरी को ऑर्गनाइजेशन, कनेक्ट सेंटर, मीडिया और कम्युनिकेशन, मॉनिटरिंग, ट्रेनिंग, कांग्रेस प्रॉपर्टी की सुरक्षा और शिकायत सुलझाने जैसी काम की ज़िम्मेदारियां दी जाएगी। कमलेश ने कहा कि 34 पीसीसी कोऑर्डिनेटर को डिपार्टमेंट और फ्रंटल की देखभाल के लिए जिलों में भेजा जाएगा।

### 10 पीसीसी कोऑर्डिनेटर को कोऑर्डिनेशन की ज़िम्मेदारियां

मौके पर बताया गया कि 10 पीसीसी कोऑर्डिनेटर को पूरे राज्य में कोऑर्डिनेशन की ज़िम्मेदारियां दी जाएगी। इसके अलावा 44 जॉइंट सेक्रेटरी को 44 जरूरी असेंबली इलाकों में सेक्रेटरी की मदद के लिए भेजा जाएगा। कमलेश ने कहा कि जेपीसीसी के प्रेसिडेंट अगले 48 घंटों में एक नोटिफिकेशन जारी करेंगे, जिसमें सभी ऑफिस बेयरर्स और कमेटियों को ज्योग्राफिकल और फंक्शनल ज़िम्मेदारियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि जेपीसीसी की नई बनी एग्जीक्यूटिव कमेटी में सभी कम्युनिटी, महिलाओं और 45 साल से कम उम्र के युवाओं का सही रिप्रेजेंटेशन होगा। जेपीसीसी के ऑफिस बेयरर्स, डीसीसी के संबंधित प्रेसिडेंट, चुने हुए रिप्रेजेंटेटिव और दूसरे कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर तय पीसी जिलों और असेंबली इलाकों में काम करेंगे। वहीं जेपीसीसी की एग्जीक्यूटिव कमेटी के ऑफिस बेयरर्स का टर्म 05 साल का है, लेकिन हर साल जून में सालाना परफॉर्मेंस अप्रेजल के बाद उनके टर्म को बढ़ाया जायेगा। जिन ऑफिस बेयरर्स की परफॉर्मेंस को 'अच्छा' ग्रेड दिया जाएगा, उन्हें अगले साल ऑफिस में बनाए रखा जाएगा। जिन ऑफिस बेयरर्स की परफॉर्मेंस को बहुत अच्छा' ग्रेड दिया जाएगा, उन्हें अगले लेवल पर प्रमोट किया जाएगा।

## रांची के मैरेज पैलेस में शादी के दौरान 30 लाख चोरी, सीसीटीवी के आधार पर तलाश जारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित मैथन मैरेज पैलेस में शादी समारोह के दौरान नकदी और जेवरात से भरे बैग की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना रविवार की है, जिसके बाद पीड़ित ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, नामकुम निवासी विजय कुमार पांडेय अपनी पुत्री का विवाह मैथन मैरेज पैलेस में कर रहे थे। जयमाला के दौरान उनकी पत्नी मंजु पांडेय के पास रखा बैग, जिसमें नकद रुपये, सोने के जेवरात और एक मोबाइल फोन था, एक अज्ञात बच्चा लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मामले की जांच शुरू की, लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित विजय पांडेय ने मैरेज पैलेस प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समारोह में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। उनके अनुसार चोरी की कुल राशि करीब 25 से 30 लाख रुपये के बीच है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्ध की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## झारखंड स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट वुडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** मोरहाबादी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के खेल मैदान में झारखंड राज्य वुडबॉल संघ ने एक-दिवसीय झारखंड स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट वुडबॉल चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों एवं स्कूलों के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतीश वर्मा एवं रिंकू वर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार, हाई कोर्ट के अधिवक्ता पी.के. लाला, सोहिनी राय (समाज सेविका), युवा नाट्य संगीत एकेडमी के निदेशक ऋषिकेश लाल, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा, समाजसेवी जी.सी. बसुकी एवं संतोष कुमार उपस्थित रहे। सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार, अंश वर्मा, दीपक वर्मा, रौनक कुमार, मनीष कुमार, बलवीर, देवुजन ठाकुर, शुभम कुमार, मयंक कुमार, राजेश कुमार एवं आयुष कुमार सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे। यह जानकारी अमन कुमार ने दी।

## राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच अन्नपूर्णा महाप्रसाद का वितरण

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 264वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन रविवार को बेहद श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के तत्वावधान में डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री राधा रानी का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने महाप्रसाद का विधिवत भोग लगाया। इसके बाद मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, जलजीरा शर्बत और सत्तू पानी का वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और तीन हजार से अधिक लोगों ने दर्शन किए। उन्होंने कहा कि मंदिर में प्रतिदिन दोपहर 12 से 2 बजे तक महाप्रसाद वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि अबतक 1500 श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरित किया गया है। यह सेवा आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या भी आयोजित हुई, जिसमें मनीष सोनी ने राधा-कृष्ण एवं श्याम भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। बाद में सामूहिक महाआरती की गई। अनुष्ठान में महिला पुरुष सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### मासिक कार्यक्रम के तहत शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को प्रात: 10 बजे राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत



ऐतिहासिक धुर्वा गोलचक्कर में अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की प्रतिमा पर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव समारोह समिति के अध्यक्ष ठाकुर प्रवीर नाथ शाहदेव के नेतृत्व में पुष्प अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल कलीम कुर्ला कबीर, स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्व नागेश्वर प्रसाद के पौत्र रवि दत्त , सौरभ कुमार , रामजीत महली और जगन्नाथपुर क्षेत्र के अनेक सेवायतों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद तेलंगा खड़िया , बाबू कुंवर सिंह , पांडे गणपत राय और गुमनाम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और झारखंड के आस्था और गौरव का प्रतीक जगन्नाथ मंदिर के रात्रि प्रहरी स्व बिरसा मुंडा की जघन्य हत्या पर शोक व्यक्त किया गया और बिरसा मुंडा के हत्या की लापरवाही की जिम्मेदारी पूरे समाज को लेने और शोक संतप्त परिवार के प्रति ईश्वर से धैर्य और संयम की कामना की गई कार्यक्रम के अंत में स्व बिरसा मुंडा के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

### वार्षिक धर्म सभा में पहुंची संतों की टोली

रांची। गौर वाणी प्रचार केंद्र, तोरपा के तत्वावधान में जगन्नाथ मंदिर, कोटंगसेरा में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक धर्म सभा में भाग लेने के लिए संतों की टोली रविवार की शाम तोरपा पहुंची। संतों के आगमन पर श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। हिल चौक के समीप बड़ी संख्या में श्रद्धालु संतों के स्वागत के लिए पहले से मौजूद थे। जैसे ही संतों की टोली पहुंची, श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद नगर में भव्य संकीर्तन यात्रा निकाली गई। संकीर्तन यात्रा के दौरान श्रद्धालु मार्ग में फूल बिछाते हुए आगे बढ़े। हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, हरे राम, हरे राम के भजनों पर संत और श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर राधा दास, मंगल नीलय दास, जानकी प्रभु, वीरेंद्र प्रभु, चंद्र सेन हाजरा, निलांबर यादव, रामधन प्रभु, राजेश यादव एवं पवन महतो सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। धर्म सभा ०9 मई तक चलेगी। कार्यक्रम की शुरूआत ०3 मई को संतों के स्वागत और नगर संकीर्तन के साथ हुई।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने खाद्य पदार्थ बांटा

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा 15 दिन 15 जन सेवा अभियान चला रही है। इस क्रम में अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्वी में गाड़ीखाना शनि



मंदिर परिसर में राहगीरों और श्रमिकों के बीच जूस और खाद्यपदार्थ वितरित किए गए। इस सेवा से 250 से अधिक लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिली। कार्यक्रम में अध्यक्ष शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा रायका, कविता सोमानी, वीणा शर्मा, वर्षा धानुका, शायरी अग्रवाल, पायल जैन, निशु सर्राफ सहित शाखा की अन्य सदस्योंर ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

### गुरु नानक भवन कमेटी ने लगाया स्त्री रोग जांच शिविर

**रांची।** गुरुनानक भवन कमेटी ने 3 मई को नि:शुल्क स्त्री रोग परामर्श और जांच



शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन रातू रोड के कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुनानक भवन के हॉल में किया गया। यह सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2:30 बजे तक चला। शिविर में प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पवनदीप कौर सरोआ ने महिलाओं को स्त्री रोग से संबंधित परामर्श दिया।शिविर में 69 महिलाओं ने जांच कराई। उन्हें वजन, ब्लड प्रेशर, पल्स और शुगर की नि:शुल्क जांच भी प्रदान की गई। शिविर के संचालन में सत्संग सभा के सुरेश मिड्ढा, गुरुनानक भवन कमेटी के प्रेम मिड्ढा, नरेश पपनेजा, कवलजीत मिड्ढा, अशोक गेरा, नीरज गक्खड़,किशन गिरधर, मनीष गिरधर?, गुरु नानक सेवक जत्था के सूरज झंडई और मेदांता के सरदार बलजीत सिंह,विभु एवं बेबी ने विशेष भूमिका निभाई।

## सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला का समापन

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** रांची के आड्रे हाउस में तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला का समापन रविवार को हो गया। मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर मेघवाल ने कहा कि एक मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन महोत्सव प्रारंभ हुआ। आज हम समापन उत्सव मना रहे हैं। लेकिन कल भी हम उत्सव मनाएंगे और कल का दिन उत्सव का दिन रहेगा। उन्होंने सफल आयोजन के लिए रक्षा राज्य मंत्री सहित सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय कलाकारों के संग लोगों के लिए प्रेरणा का स्तंभ बनेगा। मुख्य अतिथि मेघवाल ने स्वदेशी मेले में लगे स्टॉल का भ्रमण किया।

**हम सभी कोशिश करें की मोटे अनाज का सेवन करें:** इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला के आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सचमुच में बहुत ही अच्छा है आने वाले समय में एक उदाहरण कायम करेगा। इस आयोजन के जरिये घरेलू उत्पाद को बढ़ावा मिलेगा और उत्पादों को लोकल बाजार में जगह मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को जीवन में उतरना होगा। हम सभी कोशिश करे की मोटे अनाज का सेवन करें। इस अवसर पर भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर, महापौर रोशनी खलको, उपमहापौर नीरज कुमार,महानगर अध्यक्ष वरुण साहू,पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू भी मौजूद थे। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि 125 स्टॉल लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया था। जो पूर्णत स्वदेशी को समर्पित था। उन्होंने कहा झारखंड की संस्कृति, पहचान, विविधता, परंपरा, लोक कला साथ ही यहां के लोक नृत्य, संगीत को एक ही छत के नीचे कला संस्कृति के माध्यम से उनका संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने का वृहद अलौकिक, सुंदर कार्य सांसद सांस्कृतिक महोत्सव स्वदेशी मेला के माध्यम से किया गया है,जो हमारे स्वदेशी कला संस्कृति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का एक सशक्त माध्यम भी है। तीन दिनों में हजारों लोगों ने सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का आनंद लिया।

## पानी की गंभीर समस्या पर ग्रामीणों में आक्रोश

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** नामकुम प्रखंड अंतर्गत हरदाग पंचायत के दजीतोरार गांव में पेयजल संकट को लेकर रविवार को आम सभा आयोजित की गई। ग्राम प्रधान बिरसा मुंडा एवं आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) प्रखंड अध्यक्ष निशिकांत तिर्की की संयुक्त अगुवाई में संपन्न इस सभा में ग्रामीणों ने कहा कि गांव में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण जलस्तर नीचे चला गया है, जबकि खेतों में बने डाड़ी का पानी भी दूषित हो चुका है। इससे स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों को दूर-दराज के जलस्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान बिरसा मुंडा ने कहा कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव ग्रामीणों के अधिकारों का हनन है।

वहीं निशांत तिर्की ने चेतावनी दी कि यदि जल्द जलापूर्ति व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगे। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्या के समाधान करने के संबंधित विभाग एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि मजबूरी में दूषित पानी पीने से गांव में डायरिया सहित अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

# किस्को प्रखंड परिसर में विधिक सशक्तिकरण सह पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**शिक्षा जीवन के सभी सफलताओ की कुंजी है : न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**लोहरदगा।** डालसा और जिला प्रशासन की ओर से किस्को प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को मेगा विधिक सशक्तिकरण सह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्रीमती अनुभा रावत चौधरी ने किया।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति ने कहा कि शिक्षा जीवन के सभी सफलताओ की कुंजी है। इसलिए खूब पढ़ें। पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना है। हर चीज से ध्यान हटाकर पढ़ाई और फिजिकल फिटनेस हासिल कर लेने पर सक्सेस आपके साथ है। यहां के बच्चों में काफी प्रतिभा छुपी हुई है। न्यायमूर्ति ने उपायुक्त को छात्र-छात्राओं के करियर बनाने के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति ने कहा कि यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम लोगों में जागरुकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। प्राकृतिक संपदा हमारे विकास का आधार है। यह हमारी जिम्मेवारी है कि हम इसका संतुलित तरीके से उपयोग करें। यदि इस प्राकृतिक संपदा का उपयोग उचित तरीके से नहीं किया जाएगा, तो इससे पर्यावरण को क्षति पहुंचेगी।

न्यायमूर्ति ने कहा कि यहां विद्यालयों में ही जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बच्चों को दिया जाय, ताकि यह प्रमाण पत्र उनके शैक्षणिक और नौकरी के लिए प्रयोग में लाया जा सके। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राजकमल मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजनों को विधिक सेवा की जानकारी देना और सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कराना भी है। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि जो भी निर्देश न्यायमूर्ति द्वारा दिये गए हैं उसका अनुपालन कराया जाएगा। लोगों को सुविधाएं प्रदान की जाएंगीं। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने जीवन में वन एवं पर्यावरण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिला में सवा पांच सौ हेक्टेयर में पौधरोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में कुल 2726 लाभुकों के बीच 29.11 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। न्यायमूर्ति ने किस्को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित औद्योगिक सिलाई केंद्र का निरीक्षण किया।

# बंगाभाषी समन्वय समिति की रजत जयंती समारोह में अतनु की गीतों की धूम

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड बंगाभाषी समन्वय समिति की ओर से अपने गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन साकची स्थित रवींद्र भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर के निदेशक प्रो (डॉ) गौतम सूत्रधार उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष बिकाश मुखर्जी ने स्वागत भाषण देकर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद समिति की रजत जयंती स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जी बंगला सारेगामापा के चैंपियन नन्हे गायक अतनु मिश्र की शानदार प्रस्तुति रही। उन्होंने रवींद्र संगीत तोमर पुजार छले.., मन्ना डे का बंगला गीत बेहाग जोदी न होय राजी... , हिंदी गीत ए मेरी जहरा जबीं तुझे मालूम नहीं.. सहित लगभग 20 लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पौशाली सरकार ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन चंदन चंदों ने किया। इस अवसर पर विकास मुखर्जी, संदीप सिंह चौधरी, नेपाल दास, परेश कुमार नंदी, पूरबी घोष, अरुण दासगुप्ता, गोविंद मुखर्जी, बनश्री सरकार, तरुण अदाक, शौमि बोस, सोमा घोष, सुलेखा डे, शिल्पी सिंह, अभिषेक सिंह, तरुण बोस, परितोष बोस, दिलीप चटर्जी सहित कई सदस्यों का योगदान रहा।

## संक्षिप्त

### नीट-2026 की परीक्षा में 238 परीक्षार्थी उपस्थित

**लोहरदगा।** जिले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से आयोजित नीट (यूजी)-2026 परीक्षा का आयोजन रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। परीक्षा के जिला में एकमात्र केंद्र पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना सेन्हा निर्धारित किया गया था। इसे लेकर उपायुक्त संदीप कुमार मीना के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा में 245 परीक्षार्थियों में से 238 परीक्षार्थी उपस्थित और 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### पेयजल संकट और बिजली कटौती के खिलाफ भाजपा महानगर का हल्लाबोल 07 को

**पूर्वी सिंहभूम।** राज्य में लगातार गहराते पेयजल संकट और अघोषित बिजली कटौती को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज कर दिया है। इस गंभीर जनसमस्याओं को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर 07 मई को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन में जमशेदपुर महानगर के सभी 28 मंडलों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसको लेकर रविवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा की अध्यक्षता में साकची स्थित जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में 07 मई को प्रस्तावित प्रदर्शन की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत चर्चा करते हुए रूपरेखा तय की गई। इसके साथ ही, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी पदाधिकारियों के बीच विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच जमशेदपुर की जनता बिजली संकट और पेयजल समस्या से त्रस्त है। एक ओर लोग पानी के लिए भटक रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर, अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं को लेकर पूरी तरह संवेदनहीन और निष्क्रिय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोग पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं, लेकिन सरकार इन सबसे बेखबर होकर मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करने को तैयार है। 07 मई को उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर सरकार को नींद से जगाने का काम किया जाएगा।

# राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बंद रहे वीआईपी और वीवीआईपी दर्शन : मंत्री

**तैयारी को लेकर पर्यटन मंत्री ने की समीक्षा**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**देवघर।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला, 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक देवघर परिसदन के सभागार में हुई। इस दौरान देवघर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और दुमका उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने एक-एक कर विभागवार मेला क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व नये तकनीकों के उपयोग से अवगत कराया।

बैठक के दौरान मंत्री ने जानकारी दी कि 31 जुलाई को राजकीय श्रावणी मेला का शुभारंभ है। ऐसे में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली तैयारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष रूप से इंतजाम करने की जरूरत है, ताकि बाहर से आने देवतुल्य श्रद्धालु सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो।

मंत्री ने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर (आउट ऑफ टर्न दर्शन) वीआईपी, वीवीआईपी दर्शन पर पूर्ण रूप से बंद रहने की बात कही, ताकि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। झारखंड का सबसे बड़ा मेला है। ऐसे में मेला के दौरान श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से मधुर स्मृति लेकर वापस लौटे यह हम सभी की जिम्मेवारी व जवाबदेही है।

मेला के दौरान की जाने वाली तैयारियों की विभगार समीक्षा की। ससमय सभी कार्यों को पूर्ण करने का आदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। मंत्री ने देवघर और बासुकीनाथ फोर लेन कार्य को मेला से पहले पूर्ण कराने की दिशा में समन्वय के साथ कार्य कराने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अन्तर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से बनाये जाने वाले ओपी, ट्रैफिक ओपी, स्वास्थ्य केन्द्र, सूचना सह सहायता केन्द्र, विद्युत केन्द्र, पर्यटन केन्द्र, मातृत्व केन्द्र के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाये जाने वाले टेंट सीटी, मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, स्नानगृह, कूड़ेदान, साफ-सफाई व कचड़ा उठाव की व्यवस्थाओं को चौबिसों घंटे दुरूस्त रखने का आदेश दिया।

मेला क्षेत्र में पथ प्रकाश, साज-सज्जा, तोरण द्वार एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर सुरक्षात्मक उपायों के अलावा वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था की स्थिति को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। आगे मेला क्षेत्र में पूर्व की तरह क्यू आर कोड के माध्यम से फीडबैक सिस्टम को डेवलप करने का आदेश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया जा सके। गर्मी को ध्यान में रखते हुए इंद्र वर्षा, मिस्ड कूलिंग सिस्टम की संख्या बढ़ाने के साथ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी बेहतर करने की दिशा में कार्य करने का आदेश दिया। मंत्री ने अपने-अपने आवंटित कार्यों के अलावा किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगामी राजकीय श्रावणी मेला-2026 के लिए विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अपराध नियंत्रण, वाहनों का पड़ाव स्थल, सुविधाजनक रूटलाईन के साथ साथ यातायात की सुव्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

## गढ़वा में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त हुई नीट परीक्षा



**गढ़वा।** जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर रविवार को आयोजित नीट यूजी-2026 की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा के दौरान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रही। इस परिधि के भीतर अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश, अनावश्यक आवागमन, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा हथियार एवं विस्फोटक जैसी गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी गई। केंद्र में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से सघन जांच की गई। साथ ही, एनटीए द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश पर पूरी तरह रोक रही। परीक्षा समाप्ति तक पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहा और किसी भी संभावित गड़बड़ी पर नजर बनाए रखा। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव कुमार मंडल, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी एवं पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार लगातार तीनों परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति की निगरानी करते रहे।

## आदित्यपुर में सर्विस रोड बना ओपन बीयर बार, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल



**आदित्यपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिटी पैलेस के समीप स्थित वाइन शॉप के पास सर्विस रोड इन दिनों ह्यओपन बीयर बारह्ण में तब्दील होता नजर आ रहा है। यह स्थिति केवल एक स्थान तक सीमित नहीं, बल्कि आदित्यपुर के विभिन्न इलाकों में इसी तरह के दृश्य आम होते जा रहे हैं। शराब के शौकीन खुलेआम सर्विस रोड के गार्ड वॉल को टेबल बनाकर शराब का सेवन कर रहे हैं। एक ओर जिले की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आदित्यपुर थाना क्षेत्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। शाम होते ही वाइन शॉप के बाहर सर्विस रोड पर शराबियों की महफिल सज जाती है, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना की लापरवाही और कार्रवाई के अभाव में शराबियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। बीच सड़क पर खुलेआम शराब पीने से महिलाओं और छोटी बच्चियों को आने-जाने में असहजता का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों को कई बार गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार भी झेलना पड़ता है। लोगों का कहना है कि स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि पुलिस की गाड़ी मौके से गुजरते हुए भी कोई कार्रवाई नहीं करती, जिससे कानून का भय समाप्त होता जा रहा है। ह्लवाइन शॉप से बोतल लो, दो कदम चलो और सड़क किनारे बैठकर पीना शुरू कर दोह्ण — यह अब आम चलन बन चुका है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, जब तक सख्त कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में नहीं लिया जाएगा, तब तक यह अव्यवस्था जारी रहेगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि सड़क आम जनता के आवागमन के लिए है, न कि शराब पीने के लिए लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है, तो जनता खुद इस समस्या के समाधान के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर होगी।

## शादी के एक सप्ताह बाद युवती की ट्रेन से कटकर मौत

**दुमका।** हंसडीहा-दुमका रेलखंड के बीच चंद्रदीप रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक घटना सामने आई है। जहां ट्रेन की चपेट में आने से नवविवाहिता की मौत हो गई। यह घटना हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत इलेक्ट्रिक पोल संख्या 86/12 और 86/15 के बीच हुई। मृतका की पहचान शोभा कुमारी (19) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शोभा कुमारी की शादी बीते 26 अप्रैल को जरमुंडी थाना क्षेत्र के डूमरथर गांव निवासी रामदयाल मांझी के पुत्र हेमकांत मांझी के साथ हुई थी।

# यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ खड़गपुर मंडल तक आंदोलन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पूर्वी सिंहभूम।** यात्री ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी के विरोध में रेल यात्री संघर्ष समिति ने अपने आंदोलन को और व्यापक करने का फैसला लिया है। अब तक चक्रधरपुर मंडल की ट्रेनों को लेकर सक्रिय रही समिति ने खड़गपुर मंडल की देरी से चलने वाली ट्रेनों के खिलाफ भी मोर्चा खोलने की घोषणा की है। इस निर्णय पर विधायक सरयू राय के बारीडीह स्थित कार्यालय में रविवार को आयोजित बैठक में सहमति बनी। बैठक में तय किया गया कि 17 मई से शहर के विभिन्न इलाकों में हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम लोगों को इस आंदोलन से जोड़ा जाएगा। अभियान की शुरूआत साकची गोलचक्कर से होगी, इसके बाद 18 मई को स्टार टॉकीज के पास और 19 मई को मानगो स्थित एमजीएम अस्पताल के समीप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 24 मई को घाटशिला में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। समिति के संयोजक शिवशंकर सिंह ने कहा कि ट्रेनों की देरी अब आम लोगों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है।

# भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने को लेकर आरएसएस की जनगोष्ठी आयोजित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**दुमका।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय कार्यालय में रविवावर को जनगोष्ठी आयोजित हुई। जनगोष्ठी संगठित सशक्त और संस्कारित समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार विषय पर आयोजित हुई। गोष्ठी में संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ के १०० वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए विभाग संपर्क प्रमुख डॉ संजीव कुमार ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण का रास्ता सशक्त व्यक्ति निर्माण के मार्ग से प्रशस्त हो रहा है। राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रसार से देश के आंतरिक और बाहरी शक्तियों को रोकने की जरूरत है। आज का भारत बुद्ध और युद्ध अर्थात शांति और शक्ति दोनों स्तर पर जवाब देने में सक्षम है। संघ पंच परिवर्तन के माध्यम से सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए कृतसंकल्पित है। वहीं प्रमुख वक्ता विभाग प्रचारक बिगेंद्र कुमार ने कहा कि संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का उद्देश्य आत्मविस्मृत हिंदू समाज को संगठित कर हिंदू चेतना का विकास करना, संगठित करना व सर्वांगीण उन्नति करना था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से भारत को स्वतंत्र कराना ही उद्देश्य नहीं था बल्कि पुनः भारत गुलाम न हो इसके लिए चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण पर बल दिया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिशु वाटिका कार्यशाला का समापन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित दो दिवसीय शिशु वाटिका कार्यशाला संपन्न हुई। इसका उद्देश्य खेल-आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से नन्हे बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास को सुदृढ़ करना तथा अभिभावकङ्मशिक्षक के बीच समन्वित भूमिका को मजबूत बनाना रहा।

शिशु वाटिका की क्षेत्र प्रमुख मंजू श्रीवास्तव ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि शिशु वाटिका की अवधारणा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है। यदि घर का वातावरण प्रेमपूर्ण, अनुशासित और शिक्षाप्रद हो, तो बच्चे स्वाभाविक रूप से सीखने के प्रति उत्सुक रहते हैं। उन्होंने अभिभावकों को दैनिक दिनचर्या, संवाद शैली, कहानी-कथन, चित्र-पहचान, ध्वनि-अभ्यास जैसी सरल गतिविधियों को घर पर अपनाने के व्यावहारिक उपाय बताए। साथ ही विद्यालय में दिए जाने वाले स्वर्ण प्राशन के लाभों की जानकारी साझा की। समापन सत्र को संबोधित करते हुए विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा ने कहा कि प्रशिक्षण तभी सार्थक है, जब सीखे गए कौशल कक्षा में दिखाई दें। प्रशिक्षु दीदियों ने जिन नवाचारों, शिक्षण तकनीकों और गतिविधि-आधारित पद्धतियों को सीखा है, उन्हें नियमित शिक्षण में अपनाकर बच्चों के सीखने को आनंददायक बनाना होगा। प्रबंधन और नेतृत्व की सक्रिय भूमिका विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह ने पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने कार्यशाला के कुशल संचालन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से शिक्षक और अभिभावक के बीच की दूरी कम होती है। बच्चों को एक मजबूत शैक्षिक आधार मिलता है। विद्यालय निरंतर नवाचारों को अपनाकर विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# मूली पड़हा का एक दिवसीय पड़हा जतरा संपन्न, पेसा अधिकारों पर जोर

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**गुमला।** पांचवीं अनुसूची क्षेत्र की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था पड़हा प्रणाली को सशक्त करने के उद्देश्य से मूली पड़हा द्वारा एक दिवसीय पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में विभिन्न गांवों के महतो, बैगा, पहान, पाइन, भरवा, पुजार, बेल, देवान, कोटवार और खोड़हा दल के प्रतिनिधियों के साथ अतखा पड़हा, डांडा पड़हा, पदा पड़हा और मूली पड़हा के पदाधिकारी, सामाजिक-धार्मिक-राजनीतिक अगुवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। स्वागत करते हुए मूली पड़हा के बेल देवराम भगत ने कहा कि पड़हा हमारे क्षेत्र का ह्लसंविधानह्ण है, जिसे भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त है। यह व्यवस्था गांवों के सामाजिक, सांस्कृतिक और न्यायिक संतुलन की आधारशिला है।

मूली पड़हा के कोटवार देवेन्द्र लाल उरांव ने कहा कि वर्ष 1996 के पेसा प्रावधानों के तहत पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में ग्रामसभा को सशक्त करने का उद्देश्य था, किंतु पारंपरिक व्यवस्थाओं पर लगातार आघात हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामसभा गठन में गैर-पारंपरिक हस्तक्षेप पेसा की भावना के विपरीत है। उनके अनुसार, पड़हा गांव के सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और न्यायिक जीवन का संरक्षक है। मूली देवान चुंइया कुजूर ने कहा कि पड़हा, डोकलो-मानकी, मांझी-परगना जैसी पारंपरिक व्यवस्थाएं पेसा की मूल भावना का आधार हैं। यह व्यवस्था 12 जाति, 36 कमह्ण की परंपरा के साथ जल-जंगल-जमीन, भाषा और संस्कृति की रक्षा करती है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शंकुतला उरांव ने सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर जोर दिया। जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि पूर्वजों की पड़हा व्यवस्था गांव की असली शक्ति है और लोकतंत्र देश की मजबूती का आधार। पदा पड़हा के बेल राजू उरांव ने बताया कि बाबा कार्तिक उरांव और भिखराम भगत ने वर्ष 1962 में पड़हा व्यवस्था का पुनर्गठन किया था। उन्होंने हर गांव, प्रखंड और जिले में पड़हा गठन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में सोनो मिंज, गौरी किंडो, फूलमनी उरांव, पुष्पा उरांव, राजबेल उरांव, महेन्द्र उरांव, शांति देवी, शांति मिंज, सच्चिदानंदन उरांव, विनोद मिंज, कल्याण आश्रम के खेदू नायक, बिरजू नगेसिया, रामवतार भगत, हन्दू भगत, राम उरांव, बलराम उरांव, डाड़ा पड़हा के अजय उरांव, महाबीर उरांव, शशिकांत उरांव, राजेश उरांव, संत कुमार भगत, जगजीवन भगत, विमल राम भगत, झाड़ी भगत सहित विभिन्न गांवों के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# फर्जी फेसबुक आईडी से उपायुक्त की फोटो का दुरुपयोग, जिला प्रशासन ने दी कड़ी चेतावनी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**




**चतरा।** जिला प्रशासन के संज्ञान में एक गंभीर मामला आया है। जिसमें उपायुक्त के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उपायुक्त रवि आनंद के फोटो का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उक्त आईडी पूरी तरह फर्जी है और इसका जिला प्रशासन या उपायुक्त से कोई भी आधिकारिक संबंध नहीं है। प्रशासन ने इसे साइबर अपराध की श्रेणी में बताते हुए कहा कि इस तरह की भ्रामक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल और संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को भी सूचित कर दिया गया है। उपायुक्त रवि आनंद ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध या अनधिकृत प्रोफाइल से दूरी बनाए रखें। उन्होंने बताया कि फर्जी अकाउंट अक्सर लोगों को गुमराह करने, विश्वास जीतने या ठगी जैसे अपराधों को अंजाम देने के उद्देश्य से बनाए जाते हैं।

# श्रावणी मेला 2026 की तैयारी तेज, मंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** आगामी श्रावणी मेला को लेकर तैयारियां अब तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने देवघर परिसदन में देवघर और दुमका के वरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रावणी मेला के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सुगम जलार्पण सुनिश्चित करना रहा। मंत्री ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला झारखंड की पहचान है, जिसमें देश-विदेश से श्रद्धालु देवघर पहुंचते हैं। ऐसे में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य



करना होगा, ताकि मेला भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 31 जुलाई से श्रावणी मेला का शुभारंभ प्रस्तावित है और इसकी तैयारी को लेकर तीन माह पूर्व ही समीक्षा शुरू कर दी गई है। पिछले वर्ष के अनुभवों से सीख लेते हुए इस बार व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु सुखद अनुभव लेकर लौटें। ओवरब्रिज निर्माण को लेकर मंत्री ने कहा कि डीपीआर की प्रक्रिया जारी है और डिजाइन पर काम चल रहा है। यह लंबी प्रक्रिया है, लेकिन प्रयास है कि इसे जल्द पूरा किया जाए। बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त संजय सिंह, देवघर उपायुक्त शशि शेखर सिंह, दुमका उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, डीडीसी पीयूष सिन्हा, जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, देवघर महापौर रवि राउत, उपमहापौर टिप चैटर्जी सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पेयजल, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन और आवास व्यवस्था जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# टाटा स्टील क्वार्टर में गैस सिलेंडर में लगी आग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** साकची थाना क्षेत्र स्थित कब्रिस्तान के समीप टाटा स्टील के एक क्वार्टर में रविवार को गैस सिलेंडर में आग लगने की घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना के दौरान गैस रिसाव के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना में किचन के अंदर रखे सारे सामान जल गए और एक बिल्ली बच्चे की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्वार्टर के अंदर रखे गैस सिलेंडर के नोजल के पास अचानक रिसाव शुरू हो गया, जिसके बाद आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और तुरंत इसकी सूचना टाटा स्टील फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही टाटा स्टील फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायरमैनों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर गैस सिलेंडर को बाहर निकालकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। इस संबंध में टाटा स्टील फायर ब्रिगेड के पदाधिकारी महताब आलम ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि सिलेंडर के नोजल के पास लीकेज होने के कारण आग लगी थी।

## संक्षिप्त

### पीएम आवास के लाभार्थियों ने छह मई को गृहप्रवेश का किया ऐलान

**पूर्वी सिंहभूम।** बिरसानगर में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के सैकड़ों लाभार्थियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। रविवार सुबह 200 से अधिक लाभार्थी जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के बिष्टुपुर स्थित आवास पहुंचे और अपनी परेशानियों से उन्हें अवगत कराया। लोगों ने बताया कि पूरी राशि जमा करने के बावजूद उन्हें अब तक अपने घर की चाबी नहीं मिली है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। लाभार्थियों ने कहा कि वे मजबूरी में किराये के मकानों में रह रहे हैं, जबकि दूसरी ओर बैंक से लिए गए कर्ज की किस्तें भी लगातार चुकानी पड़ रही हैं। दोहरी मार झेल रहे इन परिवारों का कहना है कि अब उनके पास इंतजार करने की गुंजाइश नहीं बची है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सरयू राय ने बताया कि बिरसानगर में कुल 21 ब्लॉक बनने थे, लेकिन अब तक केवल दो ब्लॉक ही तैयार हो सके हैं। इन ब्लॉकों में आवंटन भी हो चुका है और कई लाभार्थियों ने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन भी दे दिया है, फिर भी उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं मिल रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**धनबाद।** धनबाद के तेतुलमारी स्टेशन के पास पोल संख्या 280/6 के समीप एक युवक की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुबोध कुमार सिंह (40) के रूप में हुई है, जो बिहार के गया जिले के टिकारी थाना क्षेत्र के लाव गांव के निवासी थे। शव लेने धनबाद पहुंचे मृतक के परिज सूरज कुमार के अनुसार, सुबोध शनिवार सुबह करीब 9 बजे अपने घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी जब उनका कोई पता नहीं चला, तो परिजनों ने स्थानीय थाना में इसकी सूचना दी। इसी बीच धनबाद जीआरपी थाना से सूचना मिली कि तेतुलमारी स्टेशन के पास एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है, जिसकी पहचान बाद में सुबोध के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि सुबोध सूरत में प्राइवेट नौकरी करते थे और कुछ दिन पहले ही अपने घर गया आए थे। परिजनों ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद और घरेलू क्लेश के कारण मानसिक तनाव में रह रहे थे।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा में छात्रों को नहीं मिले प्रश्न पत्र, हंगामा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन रविवार दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक मेदिनीनगर शहर के चार केंद्रों पर आयोजित किया गया। योद्ध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर कई छात्रों को प्रश्न पत्र नहीं मिले। छात्र कुछ देर तक प्रश्न पत्र का इंतजार करते रहें। करीब एक घंटे तक प्रश्न पत्र नहीं मिले तो उन्होंने हंगामा कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, डीएसपी राजीव रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचे एवं मामले को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। छात्रों का कहना था कि लंबे समय से परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। परीक्षा हॉल में पहुंचने पर उन्हें प्रश्न पत्र



नहीं मिले। केंद्राधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों ने फोटो स्टेट प्रश्न पत्र देने की बात कही, लेकिन वह भी नहीं मिले। इस मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारी कुछ भी स्पष्ट तौर पर नहीं बता पा रहे हैं। केवल छात्रों को शांत करने का प्रयास किया गया। बताते चलें कि परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर पिछले दिनों जिले के उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की थी और कई स्तरों पर तैयारी करने का निर्णय लिया था। परीक्षा को कदाचारमुक्त करने की बात कही गई थी, लेकिन वर्तमान घटना को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रशासनिक तैयारी केवल कागजों एवं बैठक तक सीमित थी। परीक्षा की शुरूआत दोपहर 2:00 से हुई। बड़ी संख्या में छात्र चारों केंद्र पर पहुंचे। योध सिंह नामधारी कॉलेज के सेंटर पर अधिकतर छात्रों को प्रश्न पत्र नहीं मिले। उन्होंने जब मांग की तो बताया गया कि प्रश्न पत्र नहीं पहुंच पाए हैं। उन्हें फोटो कॉपी करके दिया जाएगा, लेकिन यह व्यवस्था भी नहीं हो पाई। काफी देर तक छात्र परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े रहे। बाद में उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। प्रशासनिक पदाधिकारी प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में कहां पर चूक हुई इसकी जांच कर रहे हैं। इस केंद्र पर छात्रों की संख्या 360 थी इनमें से 48 से 50 छात्रों को प्रश्न पत्र नहीं मिले।

## केंदु पत्ता मजदूरों की बढ़ी मजदूरी, 1000 पोला पर मिलेगा 2035 रुपये

**पश्चिमी सिंहभूम।** राज्य सरकार ने केंदु पत्ता तोड़ने वाले मजदूरों की मजदूरी दर बढ़ा दी है। इस फैसले से मजदूरों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। झामुमो जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार का यह निर्णय मजदूरों के हित में उठाया गया सराहनीय कदम है। नए प्रावधान के अनुसार अब मजदूरों को 1000 पोला (गड्डी) केंदु पत्ता संग्रह करने पर लगभग 2035 रुपये का भुगतान किया जाएगा। यह दर 30 जून 2026 तक लागू रहेगी। बुधराम लागुरी ने कहा कि इस फैसले से राज्य के हजारों आदिवासी और ग्रामीण परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा, जिनकी आजीविका केंदु पत्ता संग्रह पर निर्भर है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह पहल मजदूरों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और वन आधारित रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों से भुगतान में देरी और व्यवस्था संबंधी शिकायतें भी सामने आई हैं। इस पर सरकार ने संबंधित विभागों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय मजदूरों ने मजदूरी बढ़ोतरी के फैसले का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे उनकी आय में सुधार होगा।

## ज्येष्ठ जतरा पर पश्चिमी सिंहभूम में खेलकूद और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में आदिवासी उरांव समाज के महापर्व ज्येष्ठ जतरा के अवसर पर रविवार को बानटोला अखाड़ा में पारंपरिक उत्साह के साथ खेलकूद और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। समापन के अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहदेव किस्पोट्टा और विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी कच्छप उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सहदेव किस्पोट्टा ने कहा कि ज्येष्ठ जतरा उरांव समाज का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का पर्व है, जिसे विजय और परंपरा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। विभिन्न आयु वर्गों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दौड़, बोरा रेस, चम्मच रेस, सुई-धागा रेस, चेयर रेस और बॉल पास जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, बुजुर्गों के लिए आयोजित हांडी फोड़ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा पांच से मैट्रिक तक के लगभग 30 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा बानटोला पुस्तकालय से जुड़े रामेश्वर बोईपाई और युवराज लकड़ा को सिविल कोर्ट में नियुक्ति होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहल्ले के कई गणमान्य लोगों और युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर लालू कुजूर, दुर्गा कुजूर, मंगरू टोप्पो, फागू खलखो, राजेन्द्र कच्छप, चमरू लकड़ा, सीताराम मुंडा, खुदिया कुजूर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## छात्रा सोनाक्षी चन्द्रा को किया गया सम्मानित

**पूर्वी सिंहभूम।** सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, जमशेदपुर की मेधावी छात्रा सोनाक्षी चन्द्रा को आईसीएसई 10वीं परीक्षा में 97 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, पूर्वी सिंहभूम जिला की ओर से सम्मानित किया गया। रविवार को महासभा के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में पदाधिकारियों का दल छात्रा के घाघीडीह स्थित मां तारिणी कॉलोनी स्थित आवास पहुंचा, जहां अंगवस्त्र और सम्मान पत्र देकर उसे सम्मानित किया गया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर राकेश साहू ने कहा कि समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है और वे आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समाज के जितने भी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, सभी को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही भविष्य में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं भी बनाई जाएंगी। छात्रा सोनाक्षी चन्द्रा के पिता शैलेन्द्र कुमार साहू समाज के जिला सचिव हैं, जबकि उनकी माता का नाम चन्द्रकला कुमारी है। इस सम्मान समारोह के दौरान परिवार के सदस्यों के साथ समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर मुख्य रूप से शिवलोचन शाह, राहुल, रंजीत कुमार साव, पहलाद कुमार, शैलेंद्र कुमार, पूजा साव, मनीष साहू, आयुष कुमार, रीता देवी, सत्यदेव प्रसाद, गुड़िया कुमारी और चंद्रकला देवी मौजूद थे।

# फायरिंग मामले में दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के धतकीडीह स्थित कुरैशी मुहल्ले में रविवार दोपहर को दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बदमाशों ने गामा होटल के पास पहुंचकर हवाई फायरिंग की, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया और अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही बिष्टुपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की



जांच शुरू की। फुटेज के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि इस घटना में गोरा नामक एक अपराधी का नाम भी सामने आ रहा था। फायरिंग की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। होटल संचालक की निशानदेही और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने आरोपितों को दबोचा। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार को भी बरामद कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए थे, जिसके बाद पुलिस ने कपाली इलाके में भी छापेमारी की।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ स्वर्णरेखा घाट में मां बाघेश्वरी की प्रतिमा विसर्जित, सिंदूर खेला में झूमीं महिलाएं

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** शहर में सुवर्ण बनिक समाज, प्रदेश, जिला एवं विभिन्न शाखा समितियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मां बाघेश्वरी देवी की तीन दिवसीय वार्षिक पूजा का समापन रविवार को विधि-विधान के साथ हुआ। बाराद्वारी स्थित समाज भवन में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का अंतिम दिन विशेष रूप से भावनात्मक और उत्साहपूर्ण रहा,जब श्रद्धालुओं ने मां की प्रतिमा का विसर्जन किया। विसर्जन से पूर्व समाज की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मां के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर 'सिंदूर खेला' की परंपरा निभाई,जिससे पूरे परिसर में उत्सव और उमंग का माहौल बन गया। इसके पश्चात समाज के लोग जुलूस के रूप में स्वर्णरेखा नदी घाट पहुंचे। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच 'आसछे बोछोर आबार होबे' के उद्घोष के साथ मां बाघेश्वरी देवी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

# बहरागोड़ा में 407 वाहन टैंकर से टकराया, चालक और सह चालक गंभीर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक 407 मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सामने चल रहे अज्ञात टैंकर से जा टकराया। यह दुर्घटना कालियाडिंगा फ्लाईओवर के समीप हुई, जहां टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक तथा सहचालक केबिन में ही फंस गए। मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के कोलकाता से कोरियर का सामान लेकर टाटानगर की ओर जा रही 407 मालवाहक गाड़ी (संख्या



डब्लूबी19के 1067) सुबह करीब अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान फ्लाईओवर के पास आगे चल रहे एक अज्ञात टैंकर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। अचानक ब्रेक लगने से पीछे चल रही 407 गाड़ी का चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे टैंकर के पीछे जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक संजय राम और सहचालक जितेंद्र झा केबिन में बुरी तरह फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बहरागोड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को केबिन से बाहर निकाला गया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर तैनात एंबुलेंस की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बहरागोड़ा पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर कर दिया। घटना के कारण कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बहाल कराया। बहरागोड़ा थाना प्रभारी शंकर कुशवाहा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

# हजारीबाग बैंक लूट कांड: यूपी एसटीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई में 3 आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** हजारीबाग ज़िले के बरही स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में 24 अप्रैल को हुई करोड़ों रुपये की लूट के मामले में झारखंड पुलिस ने उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के साथ चलाए गए एक संयुक्त अभियान में तीन आरोपितों को गिरफ़्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूटा गया सोना और नकद राशि भी बरामद कर ली है। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों में अंतरराज्यीय बैंक लुटेरा गिरोह का सरगना भी शामिल है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मो. अफजल, पंकज सिंह उर्फ रौनक सिंह और सौरभ यादव उर्फ सोनू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपित लंबे



समय से विभिन्न राज्यों में बैंक लूट की घटनाओं में सक्रिय थे। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित उत्तर प्रदेश के वाराणसी में छिपे हुए हैं। इसके बाद झारखंड पुलिस ने यूपी एसटीएफ के साथ मिलकर संयुक्त रणनीति बनाई और छापेमारी कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से करीब एक किलो सोना, 20 लाख रुपये नकद, एक कार और कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद कार का इस्तेमाल बैंक लूट की वारदात और उसके बाद फरार होने में किया गया था। एसपी ने बताया कि लूट के बाद से झारखंड पुलिस लगातार उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में छापेमारी कर रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए यूपी एसटीएफ से सहयोग लिया गया। अब पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान कई अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस गिरोह ने झारखंड समेत अन्य राज्यों में और किन-किन वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# चतरा पुलिस ने लकड़ी और 282 किलोग्राम डोडा किया जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में पुलिस ने तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में लकड़ी और 282 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। इस दौरान एक आरोपित को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) संदीप सुमन ने रविवार को प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि पहली कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सहरिया चौक के पास की गई।



पुलिस को सूचना मिली थी कि मनातू की ओर से बिहार के रास्ते लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने एक नीले रंग के ट्रैक्टर को रोका। तलाशी के दौरान ट्रॉली से 24 पीस लकड़ी के बोटे बरामद किए गए। हालांकि, पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर को खेत में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर और लकड़ी को जब्त कर लिया है। इस मामले में ट्रैक्टर मालिक राम विजय यादव और अज्ञात चालक के खिलाफ प्रतापपुर थाना कांड संख्या 42/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बेलवादहर गांव में एक मालवाहक ऑटो को रोककर जांच की। तलाशी के दौरान धान की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 282 किलोग्राम डोडा बरामद हुआ। यह खेप कुंदा से बिहार ले जाई जा रही थी। मौके से ऑटो चालक अजय कुमार साव (27) को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संपादकीय

### चुनावी जीत-हार...

देश के पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में मतदान संपन्न होने के साथ ही सभी की नजरें मतगणना के साथ आने वाले रिजल्ट पर टिक गई हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की कवायद भर नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता, चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता और जनता के भरोसे की परीक्षा भी साबित होने वाले हैं। सोमवार 4 मई को होने वाली मतगणना को लेकर जिस प्रकार राजनीतिक तापमान बढ़ा हुआ है, वह इस बात का संकेत है कि चुनाव अब सिर्फ जीत-हार का खेल नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। मतदान के बाद आमतौर पर राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत के दावे करते हुए देखे जाते हैं, लेकिन इस बार खासकर पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठे विवादों ने पूरे देश का ध्यान खींचा है। मतगणना में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को लेकर मामला पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। यह स्थिति दशार्ती है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर संदेह बढ़ा है। हालांकि चुनाव आयोग ने अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और नियमों के पालन का भरोसा दिया है, फिर भी सवाल यह है कि क्या केवल प्रशासनिक कदम जनता के विश्वास को बहाल करने के लिए पर्याप्त हैं? खासतौर पर तब जबकि चुनाव के दौरान यह सुनने को मिला कि पश्चिम बंगाल में चुनाव टीएमसी और भाजपा के बीच नहीं बल्कि टीएमसी और चुनाव आयोग के बीच हो रहा है। इसने न सिर्फ चुनाव प्रक्रिया को बल्कि निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर ही सवालिया निशान लगा दिया। चुनाव की तिथि घोषित होने से लेकर चुनाव प्रचार और मतदान के बीच और अब परिणाम आने से पहले तक जिस तरह का माहौल बनता दिखा है, वह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। इसने न सिर्फ चुनाव आयोग की स्वतंत्र व निष्पक्ष के साथ ईमानदार प्रक्रिया पर संदेह पैदा किया बल्कि न्यायपालिका क्या कर रही है, इस पर भी नजर डालने को मजबूर किया है। न्यायालय की तारीख पर तारीख वाली परिपाटी से लेकर सख्त टिप्पणी के बाद फैसलों को रोके रखने ने लोगों को सवाल उठाने का मौका फराहम कराया है। जब यह कहा जाने लगे कि तमाम जांच एजेंसियां और स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं भी केंद्र के इशारे पर उठ-बैठ और फैसले लेने से लेकर कार्रवाई करती नजर आ रही हैं तो वाकई चिंता का विषय हो जाता है। इस पूरी कवायद में विपक्ष के संविधान बचाओ मुहिम को सही ठहराया जाना उचित लगने लगता है।

# ओपेक से दूरी, आई2यू2 की मजबूती...

**ब्रह्मदीप अलूने**

दुनिया में अंतरराष्ट्रीय संबंधों की वास्तविकता यह है कि यहां न तो कोई स्थायी दोस्त होता है, न स्थायी दुश्मन और न ही कोई स्थायी गठबंधन। राष्ट्रीय हितों के संवर्धन के लिए समय, परिस्थिति और रणनीतिक लाभ के अनुसार दोस्त एवं दुश्मन बदलते रहते हैं। इसी तरह तेल के कारोबार के दो मजबूत साथी माने जाने वाले सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रास्ते अब अलग-अलग हो गए हैं। सऊदी अरब नियंत्रण और संतुलन के यथार्थ को स्वीकार करके पाकिस्तान के प्रभाव में चीन की ओर जाने को तैयार है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात ने 'ओपेकइ से अलग होने की घोषणा कर रणनीतिक स्वायत्तता का संदेश दे दिया है। दरअसल, तेल की दुनिया में मजबूत हैसियत रखने वाले संयुक्त अरब अमीरात का यह निर्णय आर्थिक साधनों का रणनीतिक उपयोग बेहतर तरीके से करके अपने भू-राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने की कोशिश नजर आता है। मध्य पूर्व की सबसे प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था संयुक्त अरब अमीरात का लक्ष्य 'वी द यूएई- 2031इ योजना के तहत सतत विकास और एक ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। वह मध्य पूर्व की धार्मिक और सामरिक प्रतिद्वंद्विता के शिकंजे से बाहर निकलकर तथा तेल पर निर्भरता कम करके पर्यटन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और 'एअरोस्पेसइ पर आधारित विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भू-अर्थशास्त्र आज की विश्व व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण आधार बन चुका है। विभिन्न देश अब व्यापार, निवेश और तकनीक के माध्यम से अपनी शक्ति और प्रभाव बढ़ा रहे हैं, जिससे वैश्विक राजनीति का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। भौगोलिक रूप से होर्मुज जलमार्ग के पास स्थित यूएई एक प्रमुख वैश्विक व्यापारिक केंद्र है। वर्ष 2015 से भारत के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी और अब ओपेक से अलग रुख उसकी बढ़ती भू-राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाओं को दशार्ता है।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध में संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान की तरफ से कई हमलों को झेला है। ऐसी परिस्थितियों में उसके आगामी कदम मध्य पूर्व की राजनीति पर गहरे असर डाल सकते हैं। यूएई के अमेरिका, इजराइल और भारत से मजबूत संबंध हैं तथा मध्य पूर्व की बदलती परिस्थितियों में इसका व्यापक रणनीतिक एवं आर्थिक प्रभाव देखने को मिल सकता है। दुनिया के धनी देशों में शुमार यूएई की पूंजी, इजराइल की तकनीक, भारत का बाजार और अमेरिका का समर्थन, मध्य पूर्व के नए आर्थिक-रणनीतिक समूह के रूप में बाजी पलटने वाले साबित हो सकते हैं।

इसकी संभावना इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि इन देशों ने सहयोग का खाका पहले ही तैयार कर लिया था। गौरतलब है कि 'आई2यू2इ 2021 में स्थापित भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका का एक रणनीतिक एवं आर्थिक गठबंधन है, इसे पश्चिम एशियाई 'क्वाडइ भी कहा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार, जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है। ईरान से युद्ध में सऊदी अरब के रुख पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी नाराजगी कई बार सार्वजनिक रूप से जाहिर की। युद्ध के बीच सऊदी अरब में पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों का जाना दरअसल अमेरिका पर सऊदी अरब की सैन्य निर्भरता कम करने की कोशिश ज्यादा नजर आई। मध्य पूर्व में अमेरिका के रणनीतिक हित सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के सैन्य गठबंधन से प्रभावित हो सकते हैं। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात मध्य पूर्व में एक प्रमुख आर्थिक और रणनीतिक शक्ति है। अमेरिका के लिए यह देश बहुत महत्त्वपूर्ण है और उसने ओपेक से अलग होकर एक तरह से अमेरिकी पक्ष को मजबूत किया है। इससे अमेरिका की शैल नीति या शैल क्रांति को बल मिल सकता है। शैल क्रांति अमेरिका में वर्ष 2000 के दशक में शुरू हुई एक तकनीकी क्रांति है, जिसने वहां की ऊर्जा व्यवस्था को मूल रूप से बदलते हुए उसे वैश्विक शक्ति संतुलन में नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। नई तकनीकों के माध्यम से अमेरिका ने चट्टानों में मौजूद तेल और गैस का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू किया। नतीजतन, कभी ऊर्जा के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर अमेरिका स्वयं इसका प्रमुख उत्पादक और निर्यातक बन गया।




*अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध में संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान की तरफ से कई हमलों को झेला है। ऐसी परिस्थितियों में उसके आगामी कदम मध्य पूर्व की राजनीति पर गहरे असर डाल सकते हैं। यूएई के अमेरिका, इजराइल और भारत से मजबूत संबंध हैं तथा मध्य पूर्व की बदलती परिस्थितियों में इसका व्यापक रणनीतिक एवं आर्थिक प्रभाव देखने को मिल सकता है। दुनिया के धनी देशों में शुमार यूएई की पूंजी, इजराइल की तकनीक, भारत का बाजार और अमेरिका का समर्थन, मध्य पूर्व के नए आर्थिक-रणनीतिक समूह के रूप में बाजी पलटने वाले साबित हो सकते हैं। इसकी संभावना इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि इन देशों ने सहयोग का खाका पहले ही तैयार कर लिया था। गौरतलब है कि 'आई2यू2इ 2021 में स्थापित भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका का एक रणनीतिक एवं आर्थिक गठबंधन है, इसे पश्चिम एशियाई 'क्वाडइ भी कहा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार, जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है। ईरान से युद्ध में सऊदी अरब के रुख पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी नाराजगी कई बार सार्वजनिक रूप से जाहिर की। युद्ध के बीच सऊदी अरब में पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों का जाना दरअसल अमेरिका पर सऊदी अरब की सैन्य निर्भरता कम करने की कोशिश ज्यादा नजर आई। मध्य पूर्व में अमेरिका के रणनीतिक हित सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के सैन्य गठबंधन से प्रभावित हो सकते हैं। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात मध्य पूर्व में एक प्रमुख आर्थिक और रणनीतिक शक्ति है।*

ऊर्जा आत्मनिर्भरता ने अमेरिका की विदेश नीति को अधिक स्वतंत्र बनाया है। अब उसे मध्य पूर्व के तेल पर निर्भर रहने की मजबूरी नहीं रही। इसके साथ ही, वैश्विक ऊर्जा बाजार में अमेरिका की बढ़ती उपस्थिति ने उसे आर्थिक और रणनीतिक, दोनों स्तरों पर लाभ पहुंचाया है। ऊर्जा निर्यात के माध्यम से उसने न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि यूरोप और एशिया के देशों पर भी प्रभाव बढ़ाया। इस क्रांति का सबसे बड़ा असर सऊदी अरब और अन्य ओपेक देशों पर पड़ा।

पहले जहां ओपेक के माध्यम से सऊदी अरब तेल की कीमतों और आपूर्ति को नियंत्रित करता था, वहीं अमेरिका के ऊर्जा उत्पादन ने इस नियंत्रण को कमजोर कर दिया। वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ? से सऊदी अरब की बाजार हिस्सेदारी घटी और कीमतों पर उसका प्रभाव सीमित हो गया। वर्ष 2014-15 में सऊदी अरब ने उत्पादन बढ़ाकर कीमतें गिराने की रणनीति अपनाई, जिससे अमेरिकी कंपनियां बाजार से बाहर हो जाएं। मगर इसके विपरीत अमेरिकी कंपनियों ने अपनी तकनीक और लागत दक्षता में सुधार कर लिया और पहले से ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन गईं। परिणामस्वरूप, सऊदी अरब को आर्थिक दबाव और राजकोषीय घाटे का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, अमेरिका और सऊदी अरब की प्रतिद्वंद्विता से अलग होकर यूएई प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ा और अब वह ओपेक से अलग होकर अमेरिका का तकनीकी फायदा लेना चाहता है। यूएई यह बखूबी जानता है कि इजराइल के साथ सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनने से वह मुस्लिम देशों को नाराज कर सकता है, जिसका जोखिम वह लेना नहीं चाहता। मगर इजराइल से उसने अपने संबंधों को मजबूत किया है, ताकि उसकी तकनीक का फायदा उठाया जा सके। यूएई के लिए भारत बेहद महत्त्वपूर्ण देश है और भारत की अर्थव्यवस्था के लिए वह भी काफी अहम है। भारत से यूरोप तक बनने वाले नए आर्थिक गलियारे में यूएई की भूमिका अहम मानी जा रही है।

यह भारत को यूएई, सऊदी अरब, जॉर्डन, इजराइल और यूरोप से समुद्री एवं रेल मार्ग द्वारा जोड़कर व्यापार को आसान, तेज तथा सस्ता बनाने की पहल है, जिसे चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिवइ के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। चीन के प्रभाव को कम करने के लिए इस परियोजना में अमेरिका की गहरी दिलचस्पी है। यूएई की कुल आबादी नब्बे लाख है और इसमें दो-तिहाई प्रवासी हैं। इनमें करीब छब्बीस लाख भारतीय हैं, जो यहां प्रवासियों का सबसे बड़ा हिस्सा है। यूएई दुनिया का दूसरा देश है, जहां भारत का सबसे ज्यादा निर्यात होता है। भारत के लिए दुबई व्यापार, यात्रा और आपूर्ति प्रबंधन का केंद्र है। वहां जाने वाले पर्यटकों में सबसे ज्यादा भारतीय होते हैं। यहां श्रमिकों से लेकर सेवा क्षेत्र के कर्मचारियों और तकनीकी विशेषज्ञों तक, सबसे अधिक संख्या भारतीयों की है। 'आई2यू2इ की मजबूती के लिए यह अनुकूल समय दिखाई पड़ रहा है। अगर कृषि क्षेत्र में कोई परियोजना शुरू की जाती है, तो इजराइल तकनीक प्रदान करेगा, यूएई निवेश करेगा, भारत उस परियोजना को बड़े पैमाने पर लागू करेगा और अमेरिका उसे वैश्विक बाजार और रणनीतिक संरक्षण उपलब्ध करा सकता है। इसका फायदा इन चारों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# पांच राज्यों में किसका होगा राजतिलक

**सौरभ वार्ष्णेय**

लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे जनभावनाओं, अपेक्षाओं और राजनीतिक दिशा का स्पष्ट संकेत भी देते हैं। देश के पाँच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को इसी दृष्टि से देखा जा रहा है। यह चुनाव न केवल क्षेत्रीय राजनीति का भविष्य तय करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की धारा को भी प्रभावित करेंगे। इन चुनावों में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ दलों और विपक्षी गठबंधनों के बीच है। एक ओर जहाँ सत्ताधारी दल अपनी उपलब्धियों–विकास, कल्याणकारी योजनाओं और स्थिर शासन–को जनता के सामने रख रहे हैं, वहीं विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में जुटा है। ऐसे में मतदाता के सामने विकल्प स्पष्ट हैं, लेकिन निर्णय आसान नहीं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे निर्णायक भूमिका निभाएंगे। हर राज्य की अपनी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ हैं, जिनके आधार पर वोटिंग पैटर्न अलग-अलग हो सकता है। कहीं जातीय समीकरण हावी होंगे, तो कहीं विकास का मुद्दा केंद्र में रहेगा। यही कारण है कि एक ही राजनीतिक दल का प्रदर्शन सभी राज्यों में समान नहीं रहने की संभावना है।

इन चुनावों की एक और खासियत यह है कि क्षेत्रीय दलों की भूमिका काफी अहम हो गई है। कई राज्यों में वे किंगमेकर की स्थिति में हैं, जो यह तय कर सकते हैं कि सत्ता किसके हाथ में जाएगी। इससे गठबंधन राजनीति को भी नई मजबूती मिल सकती है। हालाँकि, इन चुनावों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू मतदाता की भूमिका है। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में होती है, और वही तय करती है कि किसे राजतिलक मिले और किसे विपक्ष में बैठना पड़े। इसलिए यह आवश्यक है कि मतदाता जाति, धर्म और भावनात्मक नारों से ऊपर उठकर विकास, सुशासन और पारदर्शिता के आधार पर अपना निर्णय लें।




पाँच राज्यों के ये चुनाव केवल सरकार बनाने का गणित नहीं हैं, बल्कि यह लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी हैं। परिणाम चाहे जो भी हों, यह स्पष्ट है कि जनता का संदेश ही सबसे बड़ा निर्णायक होगा–और वही तय करेगा कि किसके सिर सजेगा सत्ता का ताज।

**एक्जिट पोल–हवा या हकीकत?**

चुनावी लोकतंत्र में एक्जिट पोल अब सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं रह गए हैं, बल्कि वे जनमत की तत्काल झलक पेश करने का दावा करते हैं। जैसे ही मतदान समाप्त होता है, टीवी स्टूडियो से लेकर सोशल मीडिया तक, एक्जिट पोल के आंकड़े माहौल बना देते हैं–कहीं उत्साह, कहीं चिंता और कहीं संशय। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि क्या 5 राज्यों के ये एक्जिट पोल सच साबित होंगे या फिर एक बार फिर हवा साबित होंगे?सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि एक्जिट पोल वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित होते हुए भी पूर्ण सत्य नहीं होते। ये सीमित सैंपल, मतदाताओं की ईमानदारी और स्थानीय परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां हर राज्य की सामाजिक, जातीय और राजनीतिक संरचना अलग है, वहां एक समान सटीकता की उम्मीद करना अव्यावहारिक है।

पिछले चुनावों का इतिहास भी मिश्रित रहा है। कई बार एक्जिट पोल ने चौंकाने वाली सटीकता दिखाई है, तो कई बार वे पूरी तरह गलत साबित हुए हैं। खासकर राज्य चुनावों में, जहां स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार की छवि और क्षेत्रीय समीकरण निर्णायक भूमिका निभाते हैं, वहां एक्जिट पोल की सीमाएं और स्पष्ट हो जाती हैं। इन 5 राज्यों के चुनावों में भी तस्वीर जटिल है। कहीं सत्ता विरोधी लहर की चर्चा है, तो कहीं सरकार की योजनाओं के प्रभाव की। जातीय समीकरण, क्षेत्रीय दलों की ताकत और राष्ट्रीय मुद्दों का प्रभाव–ये सभी कारक परिणामों को अप्रत्याशित बना सकते हैं। ऐसे में एक्जिट पोल का सीधा-सीधा परिणामों में बदल जाना आसान नहीं है।

मीडिया की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण हो जाती है। कई बार एक्जिट पोल को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है मानो वही अंतिम परिणाम हों, जिससे जनमानस में भ्रम की स्थिति बनती है। इससे न सिर्फ मतदाताओं की धारणा प्रभावित होती है, बल्कि राजनीतिक दलों के भीतर भी अनावश्यक प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। लोकतंत्र में अंतिम सत्य मतगणना के दिन ही सामने आता है। एक्जिट पोल संकेत दे सकते हैं, लेकिन फैसला नहीं सुना सकते। इसलिए इन आंकड़ों को उत्सुकता के साथ देखना ठीक है, पर उन्हें अंतिम सच मान लेना जल्दबाजी होगी। 5 राज्यों के चुनाव परिणाम यह तय करेंगे कि इस बार एक्जिट पोल ने हवा बनाई है या हकीकत दिखाई है। लेकिन एक बात तय है–भारतीय मतदाता अक्सर आखिरी क्षण में भी ऐसा निर्णय लेता है, जो सभी अनुमानों को चौंका देता है। यही लोकतंत्र की असली खूबसूरती है।

**- (लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है)**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**4 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.06 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 08.04 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.18 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.34 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 14.46 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 16.57 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.11 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 21.27 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 23.32 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | कुंभ | 01.19 बजे से |
| | | मीन | 02.52 बजे से |
| | | मेष | 04.22 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 124 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** तृतीया अहोरात्र।
**नक्षत्र** अनुराधा 09.58 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 23.20 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 16.13 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 54'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872699
**जूलियन दिन** 2461164.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8850



**बाएँ से दाएँ**

1. जनमत-4
4. सचेत,सजग-4
7. सहयात्री,संगी-5
9. रुपया,पैसा -2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. बसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण,ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला,हुनर-2
24. मैंदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

**ऊपर से नीचे**

1. पूजा,प्रार्थना-4
2. मार्ग,पथ-2
3. यमराज,मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा,वरदान-2
6. द्वेष,ईर्ष्या-4
8. तमीज,तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद,खाद्य सामग्री-3
18. भयानक,डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज,सत्य-2
26. ईश्वर,भगवान-2
27. रुदन,क्रंदन-2
28. मोमबत्ती(उर्दू-2)

**शब्द पहेली -8849 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ला | क | ■ | ह | म | रा | ज |
| म | ■ | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | रु |
| ना | ■ | श | त | ■ | ला | ल | ■ | र |
| ना | म | क | र | ण | ■ | की | म | त |
| ■ | लि | ■ | ता | ■ | म | ■ | क्रा | ■ |
| अ | न | ल | ■ | मा | न | क | र | ना |
| रा | ■ | हू | र | ■ | मो | ल | ■ | च |
| ज | ■ | ■ | ज | ग | ह | ■ | ■ | ना |
| क | रा | मा | त | ■ | क | ल | श | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7784** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7783 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |



# कुछ किरदार फिल्म के साथ खत्म नहीं होते

**सरबजीत** सिंह की पुण्यतिथि पर अभिनेता रणदीप हुड्डा ने मंगलवार को इंस्टाग्राम के जरिए उनके लिए एक भावुक पोस्ट शेयर किया। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर सरबजीत के लिए एक नोट शेयर किया। उन्होंने इसके जरिए सरबजीत के साहस और उनके परिवार के संघर्ष को नमन किया है। रणदीप हुड्डा ने लिखा, 'सरबजीत की कहानी ने मेरी पूरी जिंदगी और नजरिए को बदल कर रख दिया, जिस काम की शुरुआत महज एक फिल्म की तैयारी के तौर पर हुई थी, तो वह धीरे धीरे मेरे लिए एक गहरा और व्यक्तिगत अनुभव बन गया। अभिनेता ने बताया कि सरबजीत का किरदार निभाते समय उन्होंने उस दर्द, खामोशी और हिम्मत को महसूस किया, जिससे सरबजीत सालों तक गुजरे थे। रणदीप हुड्डा ने अपनी इस पोस्ट में सरबजीत की बहन दलवीर कौर और पत्नी सुखप्रीत को भी याद किया। रणदीप हुड्डा ने लिखा, 'इन दोनों महिलाओं ने सरबजीत को न्याय दिलाने के लिए पूरी दुनिया से लड़ाई लड़ी। हालांकि, अब ये दोनों ही इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन इनका साहस हमेशा मिसाल रहेगा। '

अभिनेता ने संतोष व्यक्त करते हुए लिखा, 'सरबजीत, आपकी यादें आज भी आपकी बेटियों स्वप्नदीप और पूनम के जरिए जिंदा हैं, जो आज अपने परिवार के साथ एक अच्छी और सुकून भरी जिंदगी जी रही हैं। इसमें शायद एक शांत सा सुकून है, जो हर उस परिवार को मिलना चाहिए जिसने इतना दर्द सहा हो। '

उन्होंने लिखा कि इतना दर्द सहने के बाद हर परिवार को ऐसा ही सुकून मिलना चाहिए। रणदीप हुड्डा ने सरबजीत को सम्मान देते हुए लिखा, 'कई साल बीत गए, लेकिन आपकी कहानी आज भी मेरे साथ है। कुछ किरदार फिल्म के साथ खत्म हो जाते हैं, लेकिन आप कभी नहीं गए। आज आपको सम्मान और भारी दिल के साथ याद कर रहा हूं। आप हमेशा याद रहेंगे। 'ऊं शांति'। 2016 की फिल्म 'सरबजीत' में रणदीप हुड्डा ने मुख्य भूमिका (सरबजीत सिंह) निभाई थी, जो पाकिस्तान की जेल में बंद एक भारतीय किसान की सच्ची कहानी पर आधारित है। सरबजीत की बहन दलबीर कौर, जिन्होंने अपने भाई को जेल से छुड़ाने के लिए लंबा संघर्ष किया, वे रणदीप की एक्टिंग से बहुत प्रभावित थीं और उन्हें वास्तविक भाई की तरह प्यार करती थीं।

## 10 साल बाद 'सैराट' फेम एक्ट्रेस को पहचानना हुआ मुश्किल

साल 2016 में एक मराठी फिल्म 'सैराट' रिलीज हुई थी, फिल्म समाज में मौजूद जातिवाद को दिखाती है। इसका असर एक मासूस प्रेम कहानी पर कितना घातक होगा, यही फिल्म की स्टोरी लाइन थी। फिल्म में रिंकू राजगुरू ने लीड रोल निभाया था। हिंदी पट्टी के दर्शकों को भी यह फिल्म पसंद आई। हाल ही में इस फिल्म की एक्ट्रेस रिंकू राजगुरू को एक इवेंट में देखा गया, जहां नया लुक देखकर कई फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स चौंक गए। छोटे बाल और बदला हुआ चेहरा

10 साल पहले जब रिंकू राजगुरू को दर्शकों ने फिल्म 'सैराट' में देखा था तो वह काफी मासूम नजर आती थीं। लेकिन अब उनका चेहरा पूरी तरह से टोंड हो चुका है, बाल भी एक्ट्रेस ने छोटे कर लिए हैं। लेकिन अब भी उनके अंदर 10 साल पुराना वाला चुलबुलापन बरकरार है। फैंस ने जब रिंकू का वायरल वीडियो देखा तो उनके नए लुक को सराहा। वहीं कुछ यूजर्स को उनका नया अंदाज कुछ ज्यादा नहीं भाया।

फिल्म 'सैराट' को बाद में 'धड़क' नाम से बनाया गया। इसके जरिए जान्हवी कपूर ने अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसमें जान्हवी कपूर के अपोजिट ईशान खट्टर ने लीड रोल किया था। फिल्म 'सैराट' की तरह ही 'धड़क' को भी दर्शकों का प्यार मिला था।

रिंकू राजगुरू के करियर फ्रंट की बात करें तो वह कई मराठी फिल्में कर रही हैं। इसमें 'खिल्लर' और 'पिंगा' जैसे नाम शामिल हैं।



# एक्टर्स को ज्यादा सम्मान मिलना चाहिए



**अभिनेत्री** रश्मि देसाई ने थिएटर एक्टर्स की मेहनत और संघर्ष पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि थिएटर सबसे कम आंका जाने वाला माध्यम है, जहां कलाकार बहुत मेहनत करते हैं लेकिन उन्हें समय पर उनका हक नहीं मिल पाता। रश्मि देसाई का कहना है कि थिएटर ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है। उन्होंने थिएटर को एक खूबसूरत और सीखने लायक माध्यम बताया है। अभिनेत्री ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में बताया, 'थिएटर एक्टर्स बहुत मेहनत करते हैं। उन्हें उनका हक समय पर नहीं मिलता। वे जिस तरह का मजा करते हैं, उनका एक छोटा सा परिवार होता है और वे उसी में खुश रहते हैं। उन्हें किसी और की तारीफ की जरूरत नहीं होती। उन्हें यह सुनने की जरूरत नहीं होती कि ठीक है, यह करो, वह करो।' रश्मि ने थिएटर कलाकारों की रिस्क लेने की क्षमता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि थिएटर एक्टर्स रिस्क लेने के लिए तैयार रहते हैं। अगर कोई गलती हो जाए या असफलता हो तो भी उनके साथी उनका हाथ थाम लेते हैं और कहते हैं कि यह वक्त भी गुजर जाएगा। रश्मि के अनुसार, थिएटर सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है जहां हर असफलता के बाद नई शुरुआत होती है। अभिनेत्री ने थिएटर कलाकारों के लिए ज्यादा सम्मान की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'वे ज्यादा इज्जत के हकदार हैं। लोगों को थिएटर और थिएटर एक्टर्स के बारे में और जानना चाहिए। यह काम करने के लिए बहुत खूबसूरत माध्यम है। रश्मि देसाई ने अपने थिएटर अनुभव पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि उन्होंने इतने लंबे समय बाद थिएटर किया। उन्होंने वैशाली, प्रतिमा, अयूब, ओजस रावल और आसिफ पटेल जैसे सह-कलाकारों और निर्देशकों का आभार व्यक्त किया। रश्मि ने उन्हें कमाल और बेहद पॉजिटिव लोग बताया। रश्मि देसाई का करियर साल 2006 में 'रावण' से शुरू हुआ। इसके बाद 'परी हूं मैं' में डबल रोल और 'उतरन' से उन्हें व्यापक लोकप्रियता मिली। उन्होंने 'झलक दिखला जा', 'खतरों के खिलाड़ी', 'नच बलिये' जैसे रियलिटी शो में भी हिस्सा लिया।

## जिम्मेदारियों के बीच कहीं खो गई थी पहचान, अब फिर से खुद को पा रही हूं: सेलिना जेटली



**हिंदी** सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सेलिना जेटली इन दिनों अपनी प्रोफेनशन लाइफ से दूर अपने निजी जीवन और मानसिक सुकून पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। शुक्रवार को उन्होंने इंस्टाग्राम के जरिए जीवन के उतार-चढ़ाव, मानसिक शांति और अपने पुराने दिनों को याद किया। अभिनेत्री ने अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें वे घर पर एक सोफे पर हाथ में किताब लिए हुए बैठी हुई हैं। अभिनेत्री ने लिखा, 'एक महिला के तौर पर हम अक्सर घर बनाने और परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि खुद को ही भूल जाते हैं। ठीक होने की प्रक्रिया कभी शोर-शराबे वाली नहीं होती न ही कोई बड़ी जीत लेकर आती है, बल्कि कभी-कभी यह बस एक शांत दिन और एक गहरी सांस लेने के बारे में होती है।' सेलिना जेटली ने बताया कि उनके लिए ठीक होने का मतलब अपनी उस पुरानी पहचान को फिर से पाना है, जिसे वह कहीं पीछे छोड़ आई थीं। उन्होंने लिखा, 'मैं अब एक ऐसी लड़की की ओर वापस लौट रही हूं, जो मैं असल में हूं। अपनी ताकत, अपनी आवाज और अपनी हिम्मत को फिर से हासिल करना ही मेरे जीवन का लक्ष्य है। ' अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट पर पालतू कुत्ते का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, 'शादी के बाद मैं अपने सारे कुत्तों को पीछे छोड़ आई थी। उस बिछड़ने का दर्द कई वर्षों से मेरे दिल में चुपचाप बसा हुआ है। शायद किसी दिन मुझे फिर से एक छोटा सा कुत्ता मिल जाए। सेलिना ने आखिर में बताया कि फिलहाल वे अपनी शांति एक कप कॉफी, अपनी पसंदीदा किताब और 'बनी पजामा' में बिताए गए वक्त में ढूंढ रही हैं। उन्होंने बताया, 'मैं अभी नालंदा की खुदाई पर आधारित एक किताब पढ़ रही हूं और छोटे-छोटे पलों के जरिए खुद को बेहतर बना रही। सेलिना जेटली ने 'जानशीं' से बॉलीवुड में शुरुआत की थी और 'नो एंट्री' व 'गोलमाल रिटर्न्स' जैसी फिल्मों में काम किया। आर्मी बैकग्राउंड (पिता कर्नल) से आने वाली सेलिना शादी के बाद ऑस्ट्रिया में बस गई थीं। फिलहाल अभिनेत्री भारत आ गई हैं और अपनी जिंदगी की नई शुरुआत में हैं।



# जुनैद ने अपनी पहचान खुद बनाई, मुझे स्क्रिप्ट तक नहीं दिखाता : आमिर खान

अभिनेता जुनैद खान फिल्म 'एक दिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। आमिर खान ने कपिल शर्मा के साथ बातचीत में बेटे पर गर्व जताते हुए कहा कि जुनैद ने अपने करियर की राह खुद चुनी है और इसमें उनका कोई योगदान नहीं है। आमिर खान प्रोडक्शन हाउस ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें कपिल शर्मा ने आमिर खान से पूछा, 'आप जुनैद के फिल्मों की स्क्रिप्ट्स पढ़ते हैं?' आमिर खान कहते हैं, 'नहीं, मैं उसकी फिल्मों की कोई स्क्रिप्ट नहीं पढ़ता हूं और उसे पसंद भी नहीं है कि मैं उसके करियर में कोई दखल दूं। उसने अपना करियर और संघर्ष खुद चुना था। पहले वह लॉस एंजिल्स में थिएटर की बारीकियां सीखने के लिए गया था। फिर, वहां से आकर मुंबई में थिएटर किया और साथ में, कास्टिंग निर्देशकों से मिलता था और ऑडिशन देता था। इंडस्ट्री में किसी को पता तक नहीं था कि वह मेरा बेटा है। मैंने भी किसी से कुछ नहीं बताया था। ' अभिनेता ने बताया, 'फिर, एक दिन मुझे आदित्य चोपड़ा का कॉल आया कि मैं अपनी फिल्म में जुनैद को कास्ट कर रहा हूं। ये बात मुझे जुनैद ने नहीं बताई थी, बल्कि मुझे तो बाहर से पता चला था। जुनैद ने खुद फिल्म साइन की और अपने काम से सबका दिल जीत लिया। फिल्म में जुनैद ने अच्छा काम किया था और हर जगह उसकी तारीफ हो रही थी। एक पिता के तौर पर मुझे गर्व है कि उसने बिना मेरी मदद के अपनी जगह बनाई। बातचीत में आगे अभिनेता ने जुनैद की सादगी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जुनैद काफी साधारण जीवन जीता और फिजूलखर्ची से बचता है। आमिर ने कहा, 'मैंने ही जुनैद से कहा कि एक कार ले लो। अभिनेता ने बेटे के प्रति अपना प्यार जाहिर करते हुए कहा कि भले ही जुनैद अब 6 फीट 2 इंच लंबे हो गए हैं, लेकिन एक पिता के लिए आज भी छोटे बच्चे ही हैं। जब जुनैद छोटा था, तो उसे गोद में लेना आसान था। अब वह काफी लंबा है, लेकिन जब भी मैं उसे गले लगाता हूं, तो मुझे वही सुकून मिलता है, जो उसे बचपन में सीने से लगाकर मिलता था।

**वर्क-लाइफ बैलेंस जेंगा जैसा**

# थोड़ा सा बदलाव सब बिगाड़ देता है: अदा शर्मा



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अदा शर्मा ने वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर कहा कि काम और निजी जीवन के बीच सही संतुलन बनाना हमेशा संभव नहीं हो पाता। उन्होंने इसकी तुलना जेंगा के खेल से की और कहा कि अगर थोड़ी लापरवाही हो जाए तो सब कुछ बिगड़ जाता है। अदा शर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि आज के समय में सही तरीके से काम और निजी जिंदगी के बीच बैलेंस बनाना आसान नहीं है। उन्होंने इसे एक उदाहरण देकर समझाया और कहा, 'जब भी मैं अपना शेड्यूल बैलेंस करने की कोशिश करती हूं, तो वो जेंगा टावर जैसा लगने लगता है। बस एक और शूट जुड़ता है और सब कुछ डगमगा जाता है।' उनका कहना है कि परफेक्ट बैलेंस के पीछे भागने के बजाय वह दिन को हल्के-फुल्के अंदाज में जीने पर ध्यान देती हैं। छोटे-छोटे पलों में खुशी ढूंढना और खुद पर ज्यादा दबाव न डालना ही उनका तरीका है। अदा ने आगे कहा, 'मैंने समझ लिया है कि मैं परफेक्ट बैलेंस में अच्छी नहीं हूं, लेकिन इतना जरूर कर लेती हूं कि पूरी तरह टूट न जाऊं। कई बार पांच घंटे की नींद को भी मैं सेहतमंद मान लेती हूं और दिन आराम से निकाल लेती हूं। उन्होंने यह भी बताया कि अगर वह समय पर शूट पूरा कर लें, हंस लें, समय पर खाना खा लें और फोन कहां रखा है यह याद रहे, तो उनके लिए वही एक सफल दिन होता है। उनके मुताबिक, छोटी-छोटी जीत ही असली वेलनेस हैं। काम की बात करें तो 33 वर्षीय अभिनेत्री अदा शर्मा को हाल ही में फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में देखा गया था, जिसे विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया है।



# पूजा हेगड़े ने शेयर किए फिल्म 'रेट्रो' के सेट से जुड़े किस्से

**अभिनेत्री** पूजा हेगड़े की तमिल रोमांटिक-एक्शन फिल्म 'रेट्रो' ने रिलीज के एक साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर अभिनेत्री फिल्म की यादों में खोती नजर आईं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी फिल्म से जुड़ी कुछ अनसुनी और रोमांचक यादें प्रशंसकों के साथ शेयर कीं। पूजा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से कुछ बीटीएस तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि फिल्म बनाना किसी साहसिक सफर से कम नहीं था। अभिनेत्री ने लिखा, 'फिल्म रेट्रो के रिलीज को एक साल पूरा। शूटिंग के दौरान हमने कई बड़ी चुनौतियों का सामना किया। शूटिंग के समय कई बार तूफान आए, काम करते वक्त मेरा लिगामेंट भी फट गया था, जिससे मुझे काफी चोटें आईं। हर तरफ कीचड़ और फिसलन थी, लेकिन इस दौरान हमारी टीम का जज्बा कम नहीं हुआ। अभिनेत्री ने आगे एक हैरान कर देने वाली घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि एक बार शूटिंग के दौरान उनकी नाव में आग लग गई थी। पूजा ने लिखा, 'हमारी नाव में आग लग गई (सुहास, आप हमेशा हीरो रहेंगे) और शूटिंग के वक्त एक ऐसा द्वीप था जहां चारों तरफ सांपों का डेरा था। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि तकनीकी रूप से ये सारी चीजें बहुत तनावपूर्ण और मुश्किल होनी चाहिए थीं, लेकिन असलियत में ऐसा नहीं था। उन्होंने लिखा, 'वहां बहुत शांति और अच्छा माहौल था। हम सबस खूब हंसी-मजाक करते थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि हम कुछ ऐसा बना रहे थे, जो पूरी तरह से दिल से और सिनेमा के प्रति प्यार के लिए था, जब आप सही लोगों के साथ काम करते हैं, तो सबसे कठिन दिन भी आसान लगने लगते हैं। '

# ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन माले का दूसरा जिला सम्मेलन संपन्न

एजेंसी



**सुपौल।** रविवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) सुपौल का दूसरा जिला सम्मेलन त्रिवेणीगंज अनुपलाल यादव महाविद्यालय त्रिवेणीगंज परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के तौर पर आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत कुमार ने कहा आज देश के छात्र - युवा एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां भाजपा आरएसएस द्वारा शिक्षा ,रोजगार, लैंगिक एवं सामाजिक न्याय पर सुनियोजित और संगठित हमले तेज हो चुके हैं। केंद्र की भाजपा सरकार और बिहार की राज्य सरकार दोनों मिलकर शिक्षा को अधिकार के बजाय मुनाफे का साधन बना रही है। यह प्रक्रिया करोड़ों गरीबों और मेहनतकश छात्रों को शिक्षा से बाहर धकेल रही है। बिहार में शिक्षा की बदहाली का वर्तमान दौर अभूतपूर्व है। भाजपा-जदयू की तथाकथित डबल इंजन सरकार नई शिक्षा नीति 2020 के जरिए पहले से जर्जर शिक्षा व्यवस्था पर दोहरी मार कर रही है। विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज में शिक्षा को व्यवस्थित रूप से चौपट किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के छात्र विरोधी प्रावधान से शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है। सरकारी स्कूल बंद होना ,पेपर लीक, संस्थाओं के उच्च पदों पर आरएसएस के लोगों की नियुक्ति में बेधड़क हो रही है। पूरे बिहार में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आत्महत्या का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। रोहित वेमुला की संस्थानिक हत्या के बाद देश भर में छात्रों के आंदोलन और सामाजिक न्याय के संघर्षों के दबाव में शैक्षणिक परिसरों में समता सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी द्वारा कुछ महत्वपूर्ण प्रावधान लाए गए, लेकिन प्रावधानों का समाज के प्रभुत्वसाली हिस्से द्वारा विरोध किया गया और केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में यूजीसी रेगुलेशन के पक्ष में मजबूती से खड़े होने के बजाय इन्हें ठंडा बस्ती में जाने दिया। आज पूरे देश में समता के पक्षधर छात्र इन यूजीसी रेगुलेशन को लागू करने के लिए संघर्षरत है। बिहार में आइसा इन सभी मुद्दों पर लगातार लड़ रही है और सांगठनिक मजबूती के तौर पर हर जिलों में उभर कर सामने आ रही है। इस मौके पर जिला सम्मेलन के सांगठनिक सत्र में 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें संतोष कुमार सियोटा जिला सचिव, रामाशीष जिला अध्यक्ष, सुनील कुमार सरदार जिला उपाध्यक्ष, अंकू आनंद जिला उपाध्यक्ष,अभिनव आनंद जिला उपाध्यक्ष, शशिकांत कुमार संयुक्त सचिव,अभिनंदन कुमारनसंयुक्त सचिव निर्वाचित किए गए

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़े, अब 3389 में मिल रहा

एजेंसी



**सुपौल।** जिले के उपभोक्ताओं को शनिवार से 3389 रुपये में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। जबकि शुक्रवार तक यह सिलेंडर 2395 रुपये में मिल रहा था। केंद्र सरकार ने शुक्रवार की रात से प्रति कामर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 993 रुपए की वृद्धि कर दी है। कारोबारियों का कहना है कि उन्हें पहले से अंदेशा था कि विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद गैस की कीमत में वृद्धि हो सकती है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने 1 मई से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। शहर के मिंटू कुमार कहते हैं कि इसका असर सिर्फ आमजनों के खाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कई जरूरी चीजें महंगी हो सकती हैं। होटल, रेस्तरां, कैटरिंग, फूड बिजनेस, सरकारी संस्थाओं के किचन और छोटे कारोबारों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। कामर्शियल एलपीजी का इस्तेमाल होटल, रेस्तरां, चाय-समोसा की दुकानों, कैटरिंग सर्विस और फूड बिजनेस में होता है। बढ़ी कीमत का असर खाने-पीने के कारोबार पर पड़ेगा। रेस्तरां और होटल में खाने की कीमत में 10-15 प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। कीमत बढ़ने से उनका प्रॉफिट मार्जिन और कम हो जाएगा। अब इस नई बढ़ोतरी से रेस्तरां फूड और होटल फूड और महंगा हो सकता है। विक्रेता मुकेश हलुवाई ने बताया कि अगर खाने-पीने की चीजों की कीमत में वृद्धि करेंगे या मेन्यू में कटौती करेंगे तो ग्राहकों की आवाजाही कम होगी। ऐसे में आय पर दबाव पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवानपुर में दो अलग-अलग मामलों में तीन अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**भगवानपुर, बेगूसराय।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से पुलिस ने दो मामलों में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार, पहले मामले में इश्तेहार अधिपत्र के आधार पर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव निवासी रामविलास दास, पिता बाबुलाल दास और उसके पुत्र विशुन देव दास को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे मामले में थाना कांड संख्या 70/96 के नामजद अभियुक्त बनहारा गांव निवासी हरे राम चौधरी, पिता अजबलाल चौधरी को पुलिस ने दबोचा। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

### खुदरा रुपये की किल्लत से दुकानदार और ग्राहक दोनों परेशान

**भगवानपुर/बेगूसराय।** भगवानपुर बाजार में खुदरा रुपये की कमी ने आम लोगों के साथ-साथ दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 10, 20, 50 रुपये के नोट और छोटे बड़े सभी सिक्के न मिलने से छोटी खरीदारी में ग्राहक और दुकानदार दोनों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है दुकानदारों का कहना है कि रोजाना हजारों रुपये का लेन-देन होता है, लेकिन खुल्ले पैसे न होने से सामान देने में देरी और विवाद की स्थिति बन जाती है। कई बार ग्राहक को सामान के बदले टॉफी, चॉकलेट या अगली बार पैसे देने का वादा करना पड़ता है। इससे ग्राहक भी नाराज होते हैं और व्यापार पर असर पड़ता है ऑटो, सब्जी, दूध और छोटे सामान की खरीदारी करने वाले लोगों को भी खुदरा न मिलने से दिक्कत हो रही है। खासकर बुजुर्ग और ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोग छोटे नोट और सिक्के न मिलने पर वापस लौट जाते हैं। स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि बैंकों से भी खुल्ले रुपये पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहे हैं।

# मुंगेर में भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 5 मई से

एजेंसी

**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे उद्घाटन**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मुंगेर में दो दिन एवं एक रात्रि का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती विद्या मंदिर, मुंगेर में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त एवं कार्यकर्ताओं को दक्ष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन पांच मई को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया जाएगा। वे इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन और सरकार में समन्वय तथा हमारी जिम्मेदारी, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि पर अपनी बात रखेंगे। इसके अलावा वे सरकार की सफलता को लेकर भी कार्यकर्ताओं को बताएंगे।

भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख और बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर जोरशोर से तैयारियाँ चल रही हैं। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में जिले के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग को भव्य बनाने के लिए जिला के पदाधिकारी लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन के लिए मुंगेर आएंगे।

इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के कई पदाधिकारी भी कार्यकर्ताओं को संगठन, आदर्श एवं नैतिकता का पाठ पढ़ाने के लिए पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सर्वोपरि के सिद्धांत के साथ कार्य करता है और यह प्रशिक्षण उसी भावना को और मजबूत करने का माध्यम है। इस प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करने तथा आगामी समय में जनसंपर्क अभियान को गति देने की योजना है।

प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख ने बताया कि बिहार के सभी 52 सांगठनिक जिलों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य में 1420 मंडलों के प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 2 मई से बिहार में जिला प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत की गई है। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं एवं बिहार सरकार के विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे इन उपलब्धियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। झा ने कहा कि यह अभियान पूरे देश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के रूप में चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं।

## बरौनी से आफताब कमाल और उनकी पत्नी हज के लिए हुए रवाना, दुआओं और तल्बिया की सदाओं के साथ दी गई विदाई



**बरौनी, बेगूसराय।** पवित्र हज के लिए जिले भर से आजमीन-ए-हज की रवानगी का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शनिवार को नगर परिषद बरौनी के वार्ड संख्या 10 निवासी मोहम्मद आफताब कमाल अपनी अहलिया के साथ हज की अदायगी के लिए रवाना हुए। दोनों शनिवार की शाम बरौनी से ट्रेन द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान किए, जहां से वे 7 मई को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मक्का मुकर्रमा के लिए रवाना होंगे। रवानगी के मौके पर इलाके का माहौल पूरी तरह रूहानी जज्बे से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग—मर्द व खवातीन—स्टेशन पर मौजूद रहे और आजमीन-ए-हज को फूल-मालाओं से लादकर, गले मिलकर और मुसाफा करते हुए खुशी-खुशी विदा किया। इस दौरान लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक, लब्बैक ला शरीक लक लब्बैक, इन्नल हम्दा वन्नि'मता लक वल मुल्क, ला शरीक लक्क़ की सदाओं ने माहौल को और भी इमान-अफरोज बना दिया। इससे पूर्व आफताब कमाल के आवास पर एक दुआइया मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें इलाके के गणमान्य लोग और अकीदतमंद शामिल हुए। जामे मस्जिद फुलवड़िया बरौनी के इमाम व खतीब मुफ्ती मोहम्मद क़याम उद्दीन कासमी ने बेहद असरदार अंदाज में दुआ कराई। उन्होंने दुआ करते हुए कहा- ऐ अल्लाह! इन मुसाफिरान-ए-हज के सफ़र को आसान फरमा, उनके हर कदम को अपनी रहमतों से रोशन कर। उन्हें अपनी बारगाह में हाजिरी की सआदत नसीब फरमा और उनके हर अरकान-ए-हज को कबूलियत अता कर। ऐ रहम करने वाले! इन्हें अपने हिफ़ाज़-अमान में रख, हर आफत, हर बीमारी और हर परेशानी से महफ़ूज़ फरमा। इनके दिलों को तकवा, सब्र और शुक्र से भर दे और इन्हें सकुशल अपने वतन वापसी की तौफ़ीक़ अता कर। इनके जरिये हम सबकी मगफिरत और रहमत के दरवाजे खोल दे।

## आम लोगो की शिकायत त्वरित निदान हेतु विशेष कैम्प का ओयोजन

**बेगुसराय।** बिहार सरकार द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों को तवरित एवं प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हर जिले में ह्रसहयोग शिविरह्र की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत जिले में प्रत्येक मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह पहल बिहार सरकार के ह्रसात निश्चय-3ह्र के अंतर्गत सबका सम्मान, जीवन आसान के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि सहयोग शिविर के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर ही आम नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा और उनके त्वरित निष्पादन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से काफी हद तक राहत मिलेगी। शिविर का शुभारंभ 19 मई 2026 को किया जाएगा । साथ ही, सभी पंचायतों को जुलाई 2026 तक आच्छादित करने के उद्देश्य से मई से जुलाई के बीच प्रत्येक मंगलवार को विशेष अभियान के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार शाम्हो प्रखंड के अकबरपुर बरारी पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी श्री अनिल कुमार, बलिया प्रखंड के पोखरिया पंचायत में अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्रीमती राखी कुमारी, साहेबपुर कमाल प्रखंड के सादपुर पश्चिम पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री तरणिजा, रहुआ पंचायत में विशेष कार्य पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार श्री हर्ष प्रियदर्शी, डंडारी प्रखंड के कटरमाला पंचायत में उप सचिव खाद एवं उपभोगता संरक्षण विभाग बिहार पटना सुमन कुमार, वेरियाबरियारपुर प्रखंड के कुंभी पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार, खोदावंदपुर प्रखंड के सागी पंचायत में नियाजी उप सचिव सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग बिहार पटना श्री शहनवाज अहमद, छौड़ाही प्रखंड के सहुरी पंचायत में विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना चितरंजन कुमार, बखरी प्रखंड के चकहमीद पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी बखरी सन्नी कुमार सौरभ शिविर प्रभारी होंगे। वहीं गढ़पुरा प्रखंड के कोरैय पंचायत में सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना श्री सुनील कुमार, मालीपुर पंचायत में बंदोवस्त पदाधिकारी मो नरूल ऐन, नावकोठी प्रखंड के महेशवाडा पंचायत में जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार, तेघड़ा प्रखंड के पिढ़ौली पंचायत में प्रभारी जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मो शकील आलम, बछवाड़ा प्रखंड के रसीदपुर पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा श्री राकेश कुमार, चिरंजीवीपुर पंचायत में उप सचिव पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग श्रीमति सुषमा, भगवानपुर प्रखंड के मोखियारपुर पंचायत में भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री अभिषेक राज, मंसूरचक प्रखंड के साठा पंचायत में भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री मंकेश्वर कुमार उपस्थित रहकर शिविर का संचालन करेंगे तथा आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों को दी बधाई

एजेंसी



**पटना।** अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों को बधाई दी है।सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। पोस्ट के साथ उन्होंने पत्रकारों को शुभकामनाएं देने वाली एक तस्वीर भी साझा की है। पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा है- अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं। लोकतंत्र की मजबूती में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपकी कलम सच्चाई, पारदर्शिता और जनहित की आवाज बनकर समाज को जागरूक करती रहे, साथ ही आपकी जनहित के प्रति सदैव प्रतिबद्धता बनी रहे, इसी विश्वास के साथ आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

## किशनगंज में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य, 7398 से अधिक सिलेंडर उपलब्ध : डीएम

एजेंसी



**किशनगंज।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता, आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और सुचारू रूप से संचालित हो रही है। रविवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक 7398 से अधिक है और आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था पूर्व की तरह सुचारू रूप से चालू है, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है।उपभोक्ता घर बैठे बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें 2 से 3 दिनों के भीतर सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जा रहा है। प्रशासन द्वारा शहरी उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है। वहीं, कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए धावा दल द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए, जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में संचालित हो रहा है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 06456-225152 जारी किया गया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा- बिहार को समृद्ध बनाने के लिए एनडीए संकल्पित

एजेंसी



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बिहार के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी रविवार को आरा के भाजपा जिला कार्यालय, में आयोजित जिला स्तरीय बैठक और जिला कोर कमिटी की बैठक में शामिल हुए। इन बैठकों में स्थानीय निकाय उपचुनाव के संदर्भ में व्यापक चर्चा हुई। जिला स्तरीय बैठक का शुभारंभ अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने आगामी निकाय उपचुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें न केवल आशा, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भोजपुर के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं मतदाता इस बार भी एनडीए प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चल रही सुशासन, समृद्धि एवं विकास की यात्रा को और अधिक सशक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास के रास्ते को आगे बढ़ाते हुए सीएम सम्राट चौधरी बिहार को समृद्धि की ओर ले जाने में जुटे हैं। इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बामपाली (आरा) स्थित पार्टी कार्यालय में जिला कोर कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं आने वाले उपचुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को और सशक्त बनाते हुए जनसेवा के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ने विकास की राह पकड़ी है अब हमारी टीम इस गति को और तेज करेगी।

## दिघलबैंक में 17 वर्षीय किशोरी का बाल विवाह रोका, संयुक्त टीम की त्वरित कार्रवाई

एजेंसी



**किशनगंज।** जिले के दिघलबैंक प्रखंड में एक 17 वर्षीय किशोरी का बाल विवाह समय रहते रोक दिया गया। यह कार्रवाई वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन (181), चाइल्डलाइन और जनता एक्सप्रेस वेलफेयर फाउंडेशन की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार, 181 महिला हेल्पलाइन के माध्यम से बाल विवाह की सूचना मिलने के बाद वन स्टॉप सेंटर सक्रिय हुआ और स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। उस समय शादी की तैयारियां चल रही थीं। टीम ने हस्तक्षेप करते हुए विवाह की प्रक्रिया को तत्काल रोक दिया। इस दौरान परिजनों को बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समझाइश के बाद बच्ची के माता-पिता से लिखित शपथ पत्र भरवाया गया, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया कि बेटी का विवाह 18 वर्ष की वैधानिक आयु पूरी होने के बाद ही किया जाएगा। इस अभियान में वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक रोशनी परवीन की अहम भूमिका रही। मौके पर डॉ. आमिर मिनहाज (संयुक्त सचिव, जनता एक्सप्रेस वेलफेयर फाउंडेशन), इफ्तत नाज (चाइल्डलाइन टीम), एमटीएस सुबोध कुमार, पुलिस बल तथा स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोक दिया गया।

## मलमास 17 से, इस बार 59 दिनों का होगा ज्येष्ठ माह

एजेंसी



**सुपौल।** ज्योतिष और शास्त्रों के अनुसार जब सूर्य और चंद्रमा की गणना में अंतर आता है, तब अधिक मास का समावेश होता है। इसे पंचांग में संतुलन बनाने के लिए जोड़ा जाता है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण जैसे मांगलिक कार्यों पर पूर्ण रूप से विराम रहता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में शुभ कार्यों की बजाय भक्ति, साधना और दान-पुण्य करना अधिक फलदायी माना जाता है। इस मास का सबसे बड़ा महत्व भगवान विष्णु की पूजा से जुड़ा हुआ है। बभनगामा के पंडित चिरंजीवी झा ने बताया कि मान्यता है कि अधिक मास भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है और इस दौरान उनकी आराधना करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु इस अवधि में व्रत, कथा, भजन-कीर्तन और मंदिर दर्शन के माध्यम से भगवान विष्णु को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। विष्णु सहस्रनाम का पाठ, गीता का अध्ययन और दान करना विशेष रूप से लाभकारी बताया गया है। मेला ग्राउंड के मंदिर सेवक शिव कुमार यादव ने बताया कि शास्त्रों में यह भी उल्लेख मिलता है कि अधिक मास के दौरान सभी 33 कोटि देवी-देवता बिहार के राजगीर में विराजते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में बम हमले के शिकार दो मासूमों का 25 दिन बाद अंतिम संस्कार, पूरे इलाके में शोक और आक्रोश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में ट्रोंग्लाओबी घटना में जान गंवाने वाले दो मासूम बच्चों का अंतिम संस्कार 25 दिन बाद किया गया। इस घटना ने पूरे इलाके को गहरे शोक में डाल दिया है। जानकारी के अनुसार, 7 अप्रैल को मोइरांग के ट्रोंग्लाओबी अवांग लीकेई इलाके में स्थित एक घर पर संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा बम फेंका गया था। इस हमले में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। लंबे समय तक चले हालात और प्रक्रियाओं के बाद, अब जाकर दोनों बच्चों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान इलाके में माहौल बेहद गमगीन रहा और लोगों ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। यह घटना अब भी स्थानीय लोगों के बीच डर और आक्रोश का कारण बनी हुई है, जबकि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

### पश्चिम बंगाल चुनाव : अधीर रंजन चौधरी बोले– केंद्रीय बलों की मौजूदगी की वजह से लोगों ने किया बिना डरे मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में भारी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बड़ा बयान दिया। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों में केंद्रीय बलों की मौजूदगी के कारण लोगों ने बिना किसी डर के मतदान किया। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि वे चुनावी प्रक्रियाओं के संचालन के तरीके का समर्थन करते हैं। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि इस बार उन्होंने देखा कि केंद्रीय बलों की मौजूदगी के कारण आम लोग चुनावों के दौरान बिना डर के मतदान करने में सक्षम हुए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह किसी भी तरह से भाजपा या चुनाव आयोग के प्रति उनके समर्थन को नहीं दर्शाता है। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को अलग बताते हुए कहा कि लोगों ने केंद्रीय बलों की उपस्थिति और सक्रियता के कारण ही बिना डरे मतदान किया। कांग्रेस नेता ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल किसी भी मुद्दे पर अदालत जा सकती है, लेकिन अतीत में पुलिस और टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने मिलकर विपक्षी सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने से रोका है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों से लेकर नगरपालिका चुनावों तक, लोगों को नामांकन दाखिल करने की भी अनुमति नहीं दी जाती है। वहीं, टीएमसी नेता कुणाल घोष ने भाजपा पर मतगणना में हेरफेर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि वह बुरी तरह हारने वाली है, इसलिए वे अंतिम क्षण तक मतगणना में हेरफेर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी सोमवार (चार मई) को भारी जीत हासिल करेंगी, इसलिए वे आखिरी क्षण तक अनियमितताएं और पक्षपात पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में वोटों की गिनती चार मई को होनी है।

### 17 दिन बाद अदालत से विधायक आशीष शर्मा के चाचा और भाई को मिली जमानत

**हमीरपुर, एजेंसी।** हमीरपुर सदर विधायक आशीष शर्मा के चाचा प्रवीण शर्मा और भाई उमेश शर्मा को पुंघ खड्ड में बंद स्टोन क्रशर से कथित अवैध खनन मामले में शनिवार को सेशन जज हमीरपुर अदालत जमानत मिल गई है। बीते 15 अप्रैल को एसीजीएम अदालत से दोनों को पुलिस रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 17 दिन जेल में काटने के बाद अब सेशन जज की अदालत से दोनों को नियमित जमानत मिल गई है। मामला 13 अगस्त 2025 का जब सुजानपुर थाना के तहत बंद क्रशर में पुंघ खड्ड में छापामारी की थी। इस दौरान कथित तौर पर पुलिस ने पत्थर, बजरी और मशीनरी इत्यादि को पुलिस ने कब्जे में लिया था। पुलिस ने इस मामले में विधायक आशीष शर्मा के सगे भाई और चाचा के साथ दो कर्मियों को आरोपी बनाया था। मामले में दोनों कर्मचारियों को सुप्रीम कोर्ट से 19 मार्च 2026 को अग्रिम जमानत मिल गई थी जबकि प्रवीण शर्मा और उमेश शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई थी। दोनों को 16 अप्रैल तक कोर्ट में पेश होने के आदेश हुए थे। इसके बाद दोनों ने 15 अप्रैल को अदालत में सर्मपण किया था। अदालत ने दोनों को पहले पुलिस रिमांड और बाद में न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। 17 दिन तक सलाखों में काटने के बाद दोनों को नियमित जमानत पर रिहा किया गया है। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि तुलसी दास द्वारा रचित रामचरितमानस की चौपाई 'जाको प्रभु दारुण दुख देहीं, ताकी मति पहिले हर लेहीं।' वर्तमान सरकार और सरकार के एजेंट बने अधिकारियों के कृत्यों पर सटीक बैठती है जोकि अपनी बर्बादी से पहले निर्दोषों पर झूठे केस दर्ज कर रहे हैं और जनता को प्रताड़ित कर रहे हैं।

## केरल में यूडीएफ को बहुमत मिलने के बाद हो सकता है तेलंगाना कैबिनेट का विस्तार!

**हैदराबाद, एजेंसी।** अगर केरल में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को बहुमत मिलता है, तो तेलंगाना कैबिनेट का विस्तार उस राज्य के मुख्यमंत्री का पता चलने के बाद ही होगा! ऐसा लगता है कि तेलंगाना कैबिनेट में बदलाव और विस्तार में अभी कुछ और समय लग सकता है. कांग्रेस हाईकमान तेलंगाना में कैबिनेट बढ़ाने पर तभी ध्यान देगा, जब पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ जाएंगे, खासकर अगर केरल में यूडीएफ को बहुमत मिलता है. अगर केरल में कांग्रेस सत्ता में आती है तो मुख्यमंत्री पद के लिए तीन या चार लोगों में मुकाबला हो सकता है.

केसी वेणुगोपाल का नाम भी यहां सुनने को मिल रहा है, जो एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी (ऑर्गनाइजेशन) हैं और कांग्रेस की नेशनल पॉलिटिक्स में एक्टिव हैं. तेलंगाना में कांग्रेस पर उनकी पकड़ के अलावा, उन्हें मंत्रियों के काम करने के तरीके की भी जानकारी है. कांग्रेस सूत्रों को उम्मीद है कि अगर वह केरल के सीएम बनते हैं, तो उनका असर तेलंगाना में कैबिनेट में बदलाव पर पड़ेगा. अगर ऐसा नहीं भी होता है तो भी हाईकमान को कैबिनेट के मुद्दे पर ध्यान देने में समय लग सकता है. हालांकि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी कैबिनेट विस्तार को अपनी मंजूरी दे सकते हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि टॉप अधिकारी कुछ मंत्रियों के व्यवहार से



नाखुश हैं और उन्हें बदलने का सुझाव दे सकते हैं. कैबिनेट में दो और लोगों को शामिल किए जाने की संभावना है. एक सीट एसटी के लिए रिजर्व की जा सकती है. इस कैटेगरी से बालुनायक, रामचंद्रनायक और दूसरे लोग मंत्री पद की उम्मीद कर रहे हैं. रामचंद्रनायक को पिछले साल डिप्टी स्पीकर पद के लिए फ़ाइनल किया गया था, लेकिन लेजिस्लेटिव असेंबली में उनका सिलेक्शन नहीं हुआ था.

पिछले असेंबली सेशन के दौरान असेंबली में डिप्टी स्पीकर का ऑफ़िस भी तैयार किया गया था लेकिन यह आगे नहीं बढ़ा. यह शक है कि दूसरे पद के लिए किसे चुना जाएगा. संयुक्त निजामाबाद से कैबिनेट में कोई नहीं है. पूर्व मंत्री और सीनियर विधायक पी. सुदर्शन रेड्डी वेलफेयर और डेवलपमेंट स्कीम को लागू करने के लिए सलाहकार के तौर पर कैबिनेट मंत्री हैं. वह कैबिनेट मीटिंग में स्पेशल इनवाइटी हैं. हालांकि उन्हें कैबिनेट में शामिल करने की कोशिशें लंबे समय से हो रही हैं, लेकिन हाईकमान ने पहले कई वजहों से हरी झंडी नहीं दी. उनका नाम फिर सामने आ सकता है. एक कैंपेन चल रहा है कि उसी जिले से पीसीसी प्रेसिडेंट महेश कुमार गौड़ को कैबिनेट में जगह दी जाएगी. 'हम दोनों (ष्ट्रू रेवंत रेड्डी और महेश कुमार गौड़) की लीडरशिप में कांग्रेस फिर से सत्ता में आएगी. हमारी जोड़ी पहले की तरह वाईएस-डीएस (ङ्घस्-ष्ठस्) की तरह काम करेगी,' मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कई मीटिंग में कहा है. इन सब बातों को देखते हुए, महेश कुमार गौड़ के पीसीसी प्रेसिडेंट बने रहने के बहुत ज़्यादा चांस हैं. कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी का मानना ??है कि कैबिनेट विस्तार में उन्हें जरूर मौका मिलेगा. अभी उनके भाई कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी मंत्री हैं. पहले भी यह कैंपेन चला था कि राहुल ने दोनों को कैबिनेट में जगह देने का विरोध किया है. हालांकि, ऐसा लगता है कि कोमाटिरेड्डी भाइयों के मामले में आखिरी फैसला हाईकमान ही लेगा. मंचेरियल विधायक प्रेमसागर राव जो कैबिनेट में मौके का इंतजार कर रहे हैं, उन्होंने भी सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन के चेयरमैन का चार्ज नहीं लिया है. उन्हें कैबिनेट रैंक में चेयरमैन बनाने के ऑर्डर पहले ही जारी कर दिए गए थे. मालरेड्डी रंगा रेड्डी, मदनमोहन राव और राममोहन रेड्डी कैबिनेट में जगह पाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं. कांग्रेस हलकों में यह चर्चा जोरों पर है कि टॉप लीडर मौजूदा कुछ मंत्रियों के काम से नाखुश हैं और उनमें से एक-दो को बदलने की संभावना है.

अगर बदलाव होता है तो उसी सोशल ग्रुप के किसी दूसरे व्यक्ति को मौका दिया जा सकता है. ऐसी भी चर्चा है कि कुछ खास डिपार्टमेंट में बदलाव हो सकते हैं. इसका मतलब यह है कि होम डिपार्टमेंट किसी सीनियर मिनिस्टर को दिया जा सकता है और दूसरे डिपार्टमेंट में भी कुछ बदलाव होंगे. हालांकि, ऐसी राय है कि यह कोशिश शायद न की जाए क्योंकि एक डिपार्टमेंट बदलने पर कई बदलाव करने होंगे, जिससे और ज़्यादा कन्फ्यूजन होने की संभावना है.

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला सही, बोले इकबाल अंसारी सार्वजनिक जमीन पर नमाज़ की जरूरत नहीं

**इलाहाबाद , एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले पर, जिसमें कहा गया है कि सार्वजनिक भूमि पर नमाज़ अदा करना राज्य के नियमों के अधीन है, अखिल भारतीय मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा, 'यह फैसला बिल्कुल सही है।

बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि मामले के पूर्व याचिकाकर्ता इकबाल अंसारी ने शनिवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें कहा गया था कि सार्वजनिक भूमि पर नमाज़ अदा करना राज्य के नियमों के अधीन है।

अयोध्या में एएनआई से बात करते हुए अंसारी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान निर्धारित पूजा स्थलों पर ही किए जाने चाहिए और सार्वजनिक स्थानों का उपयोग ऐसे उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मस्जिदें विशेष रूप से नमाज़ के लिए बनाई जाती हैं, इसलिए नमाज़ अदा करने के लिए सार्वजनिक भूमि का उपयोग करने की कोई आवश्यकता नहीं है... लोगों को कानून का पालन करना चाहिए। यदि न्यायालय ने कोई फैसला सुनाया है, तो उस फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी उच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद आई है जिसमें कहा गया है कि सार्वजनिक भूमि पर नमाज़ अदा करना राज्य के नियमों के दायरे में आता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले पर, जिसमें कहा गया है कि सार्वजनिक भूमि पर नमाज़ [illegible] करना राज्य के नियमों के अधीन है, अखिल भारतीय मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा, 'यह फैसला बिल्कुल सही है।

क्योंकि इस्लामी शरिया के आलोक में यह स्पष्ट है कि किसी भी ऐसे स्थान पर नमाज़ अदा नहीं करनी चाहिए जहां विवाद या संघर्ष उत्पन्न हो सकता है, या जहां किसी को कोई आपत्ति या संकोच हो। ऐसे स्थानों पर नमाज़ अदा करने से बचना चाहिए। इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि सार्वजनिक भूमि का उपयोग किसी व्यक्ति या समूह द्वारा धार्मिक गतिविधियों, जिनमें नमाज़ अदा करना भी शामिल है, के लिए एकाधिकार के रूप में नहीं किया जा सकता है, और कहा था कि ऐसा उपयोग सार्वजनिक व्यवस्था और दूसरों के अधिकारों के अधीन है। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने संभल जिले की गुन्नौर तहसील के इकाउना निवासी असिन द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं, अदालत ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि का उपयोग किसी एक पक्ष द्वारा धार्मिक उद्देश्यों के लिए एकतरफा रूप से नहीं किया जा सकता है।

## कैबिनेट विस्तार पर कांग्रेस हाईकमान का फैसला सभी को मानना होगा - कर्नाटक मंत्री

**शिवमोगा, एजेंसी।** कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के करीबी सहयोगी बायराठी सुरेश ने शनिवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार का फैसला कांग्रेस हाईकमान के हाथ में है और पार्टी के सभी नेताओं को उसका पालन करना होगा। उन्होंने कहा, 'हाईकमान ने हमें सरकार चलाने की जिम्मेदारी दी है और जब तक हम सत्ता में हैं, जनता के लिए काम करते रहेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि कैबिनेट में फेरबदल एक सकारात्मक कदम होगा, क्योंकि इससे अधिक नेताओं को मौका मिलेगा। बिजली दरों में बढ़ोतरी के मुद्दे पर सुरेश ने केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ने से स्वाभाविक रूप से बिजली शुल्क भी बढ़ता है। विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मंत्री ने बताया कि महात्मा गांधी शहरी विकास योजना के तहत करीब 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की नगर निगमों को कुल 2,600 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिनमें शिवमोग्गा समेत 13 सिटी कॉरपोरेशन शामिल हैं। सुरेश ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और कार्य आरंभ करने के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज यहां भूमिपूजन करने आया हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में सरकार 'सर्वे जना सुखिनो भवन्तु' यानी सबके कल्याण के सिद्धांत पर काम कर रही है।

विधायकों की पार्टी संबद्धता देखे बिना धनराशि जारी की गई है, ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके। यह राशि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दी जा रही है। स्मार्ट सिटी परियोजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई कार्य पूरे हो चुके हैं, लेकिन अनेक परियोजनाएं अभी लंबित हैं। विकास कार्य नियमित और बिना रुकावट जारी रहने चाहिए। कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर सुरेश ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने चुनाव के बाद गैस के दाम बढ़ाए और समाज में विभाजन पैदा करने का काम किया। उन्होंने कहा, 'पहले भाजपा नेता 5 या 10 रुपये की बढ़ोतरी पर भी विरोध करते थे। अब इतनी बड़ी बढ़ोतरी के बाद गरीब लोग कहां जाएं।

## कमजोर मानसून और भीषण गर्मी से कृषि पर संकट बढ़ने की आशंका, मौसम विभाग का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण एशिया, विशेषकर भारत के लिए 2026 का मानसून चुनौतीपूर्ण रहने के संकेत दे रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार जून से सितंबर के बीच मानसूनी वर्षा औसत से कम रह सकती है, जबकि दिन और रात दोनों समय तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी 13 अप्रैल 2026 को जारी अपने पहले दीर्घावधि पूर्वानुमान में मानसून के सामान्य से कमजोर रहने की आशंका जताई है। ऐसे में कम बारिश और बढ़ती गर्मी का संयुक्त प्रभाव कृषि, जल संसाधनों और आम जीवन पर व्यापक दबाव डाल सकता है। मानसून की कमी का सबसे अधिक असर मध्य भारत के कृषि प्रधान क्षेत्रों में दिख सकता है, जहां वर्षा सामान्य से कम रहने की



आशंका है। कई राज्यों में सामान्य से ज्यादा बारिश की संभावना हालांकि उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश संभव है, लेकिन पूरे क्षेत्र में वर्षा का वितरण असमान रहने की संभावना है। दक्षिण एशिया में कुल सालाना वर्षा का लगभग 75 से 90 प्रतिशत हिस्सा जून से सितंबर के बीच होता है। ऐसे में इस अवधि में कमी का सीधा असर खेती, जल उपलब्धता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। मानसून को लेकर अनिश्चितता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और पाकिस्तान में बुवाई की तैयारी कर रहे किसानों के लिए शुरुआती संकेत अनुकूल नहीं हैं। सूखे की आशंका के साथ बाढ़ का भी जोखिम

डब्ल्यूएमओ के अनुसार 2026 में मानसून का स्वरूप असंतुलित रह सकता है, जिसमें एक ओर लंबे सूखे दौर की संभावना है तो दूसरी ओर कम समय में अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ सकती हैं। ऐसी स्थिति बाढ़ का खतरा भी बढ़ा सकती है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार दक्षिण एशिया में अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। इसका अर्थ है कि दिन के साथ-साथ रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। लगातार उच्च तापमान लू की घटनाओं को बढ़ा सकता है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और कमजोर वर्गों के लिए स्वास्थ्य जोखिम बढ़ेंगे। इसके साथ ही कूलिंग की मांग बढ़ने से बिजली व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

## देश में गहराया जल संकट, 166 जलाशयों का स्तर 40% से नीचे; ये आठ राज्य ज्यादा प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में जल भंडारण की स्थिति तेजी से दबाव में आ रही है और गर्मियों की शुरुआत के साथ संकट के संकेत और स्पष्ट हो गए हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार देश के 166 प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी घटकर कुल क्षमता के 40 प्रतिशत से नीचे आ गया है। वहीं कई प्रमुख नदी घाटियों में भी जल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे क्षेत्रीय जल असंतुलन गहराने की आशंका बढ़ गई है। केंद्रीय जल आयोग के साप्ताहिक बुलेटिन के अनुसार देश के 166 जलाशयों में कुल लाइव स्टोरेज 71.082 अरब घन मीटर (बीसीएम) रह गया है, जो उनकी कुल क्षमता 183.565 बीसीएम का केवल 38.72 प्रतिशत है। 9 अप्रैल 2026 को यह स्तर 44.71 प्रतिशत था, यानी तीन सप्ताह में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। ये 166 जलाशय देश की



कुल अनुमानित जल भंडारण क्षमता 257.812 बीसीएम का लगभग 71.20 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। इनमें से 20 जलाशय जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 35.299 बीसीएम है।

**नदी घाटियों में भी गिरावट का रुझान :** केंद्रीय जल आयोग के अनुसार अप्रैल की शुरुआत की तुलना में कई प्रमुख नदी बेसिनों में जल स्तर घटा है। गंगा बेसिन 53.8% से गिरकर लगभग 50.01% पर आ गया है। गोदावरी 47.58 से घटकर 40.69% और नर्मदा 46.09 से गिरकर 38.82 प्रतिशत पर पहुंच गई है। कृष्णा बेसिन पहले से ही कमजोर स्थिति में था और अब भी लगभग 22.55% के आसपास बना हुआ है। कावेरी (अब 35.74%) और महानदी (43.51%) में भी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि ताप्ती अपेक्षाकृत संतुलित स्थिति में बनी हुई है।

**22 जलाशयों में सामान्य से 80 फीसदी कम पानी :** मध्य प्रदेश के जलाशयों में पिछले वर्ष की तुलना में कमी दर्ज की गई है। वहीं गोवा में केवल एक प्रमुख जलाशय होने के बावजूद वहां भी 12 प्रतिशत से अधिक गिरावट दर्ज की गई है, जो स्थानीय जल उपलब्धता के लिहाज से महत्वपूर्ण संकेत है। कई प्रमुख जलाशयों में गंभीर स्थितिदेश के कई प्रमुख जलाशयों में जल स्तर अत्यंत निम्न स्तर पर पहुंच गया है। असम का खांडोंग जलाशय लगभग 21.16 प्रतिशत पर है, जबकि झारखंड का चंदन डैम पूरी तरह खाली हो गया है। कर्नाटक का तट्टिहल्ला 24.63, केरल का पेरियार 29.21, तमिलनाडु के वैगई 15.17, करायर 49.89 और अलियार 48.89 प्रतिशत नीचे हैं। कुल 166 जलाशयों में से 22 ऐसे हैं, जहां जल स्तर सामान्य के 80 प्रतिशत कम है।

## दिल्ली अब केवल 'ट्रांजिट हब' नहीं, बनेगी ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को पर्यटन हितधारक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं. इस कार्यक्रम में पर्यटन, आतिथ्य, विरासत, आध्यात्मिक, डिजिटल, मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म, नाइट टूरिज्म और दिल्ली की ब्रैंड पोजिशनिंग जैसे अहम विषयों पर व्यापक चर्चा हुई. मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को अब केवल ट्रांजिट हब के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में दिल्ली के कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) के प्रबंध निदेशक सुनील अंचिपाका सहित पर्यटन व अन्य क्षेत्रों से जुड़े कई विशेषज्ञ भी शामिल हुए. इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सम्मेलन में उद्योग जगत, नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी से कई ठोस और उपयोगी सुझाव सामने आए हैं. इन सुझावों और फीडबैक को आगामी नीतियों और योजनाओं में शामिल किया जाएगा ताकि दिल्ली के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा दी जा सके और इसे और अधिक प्रभावी बनाया जा सके. उन्होंने यह भी कहा कि देश की राजधानी होने के कारण दिल्ली का वैश्विक स्तर पर विशेष महत्व है.

**ये हैं दिल्ली के मुख्य पर्यटन स्थल :** भारत आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक प्रमुख आकर्षण बन सकती है. अब समय आ गया है कि दिल्ली को केवल एक गुजरने की जगह नहीं, बल्कि एक ऐसी डेस्टिनेशन सिटी के रूप में विकसित किया जाए, जहां पर्यटक ठहरें, अनुभव लें और बार-बार



लौटकर आएं. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट और प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसे प्रतिष्ठित शक्ति केंद्र स्थित हैं. साथ ही, लाल किला, कुतुब मीनार सहित समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर, विविध संस्कृति और देशभर की झलक तथा दिल्ली का अनूठा और विविधतापूर्ण खानपान इसे एक सम्पूर्ण पर्यटन अनुभव प्रदान करता है. उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार राजधानी की सकारात्मक ब्रैंडिंग पर विशेष जोर दे रही है ताकि इसे पर्यटन के साथ-साथ चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में भी एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके. सरकार का लक्ष्य है कि देश और दुनिया भर से अधिक से अधिक लोग दिल्ली आएं, यहां ठहरें और यहां के अनुभवों को अपने साथ लेकर जाएं. बड़े कॉन्सर्ट, फिल्म फेस्टिवल और सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा दे रही सरकार मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार बड़े कॉन्सर्ट, फिल्म फेस्टिवल और सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा दे रही है, जिससे दिल्ली की वैश्विक पहचान मजबूत हो रही है. साथ ही, फिल्म नीति और सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उद्योग को सरल, पारदर्शी और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## तिरुपति लड्डू विवाद: जांच आयोग की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, बिना परीक्षण के खरीदा गया 70 लाख किलो घी

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश सरकार के एक सदस्यीय आयोग ने शनिवार को रिपोर्ट में बताया कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने 70 लाख किलोग्राम से ज्यादा घी बिना अनिवार्य गुणवत्ता जांच के खरीदा। यह घी का प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू बनाने में इस्तेमाल हुआ।

**आयोग की रिपोर्ट में क्या कहा गया :** रिपोर्ट में कहा गया कि यह प्रशासन की बड़ी विफलता थी, जिसके कारण आपूर्तिकर्ता को मिलावटी घी देने का मौका मिला। अधिकारियों ने सुरक्षा जांच को नजरअंदाज किया और प्रयोगशाला की रिपोर्ट को दबा दिया, जिनमें वनस्पति वसा (वेजिटेबल फैट) की मौजूदगी पाई गई थी।

**सीएम ने सेवानिवृत्त आईएएस की अध्यक्षता में बनाया था आयोग :** मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में यह जांच आयोग बनाया था, जब सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी रिपोर्ट दी थी। बिना जांच के कैसे खरीदा गया 70 लाख किलो से अधिक घी? रिपोर्ट के अनुसार, टीटीडी के अधिकारियों ने पहले भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के बीटा-सिटोस्टेरोल परीक्षण को अनिवार्य करने की योजना बनाई थी, जिसे 1 जुलाई 2022 से लागू होना था। लेकिन बाद में इसे बदल दिया गया और आपूर्तिकर्ताओं को छूट दे दी गई। इसके कारण 70 लाख किलो से अधिक घी बिना जरूरी जांच के खरीदा गया।

**सही तरीके से लागू नहीं किए गए निविदा नियम :** आयोग ने कहा, यह पूरी प्रक्रिया में प्रशासनिक विफलता थी। निविदा (टेंडर) के नियमों को सही तरीके से लागू नहीं किया गया और सुरक्षा मानक धीरे-धीरे कमजोर कर दिए गए। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कुछ अहम लैब रिपोर्ट को दबा दिया गया,जिनमें मिलावट की पुष्टि थी, उन्हें और



खरीद के फैसले बिना सही निगरानी के लिए गए। जांच में पाया गया कि निविदा समिति के सदस्यों ने बिना पूरी मंजूरी के नियमों में ढील दी और कम कीमत वाली बोलियों को बिना जांच के स्वीकार किया। 2019 में तय किए गए पात्रता नियमों को भी कुछ महीनों में कमजोर कर दिया गया, जिससे कुछ ऐसी कंपनियां भी आपूर्तिकर्ता में शामिल हो गईं, जिनके पास जरूरी उत्पादन क्षमता नहीं थी।

**लैब की रिपोर्ट को दबा दिया गया :** प्रयोगशाला में एक परीक्षण में अगस्त 2022 में यह भी पाया गया कि घी में वनस्पति तेल की मिलावट है। लेकिन रिपोर्ट को दबा दिया गया और संबंधित कंपनियों को काली सूची में नहीं रखा गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कुछ कंपनियों को एफएसएसएआई परीक्षण से छूट दी गई, जिससे बड़े पैमाने पर बिना जांच के घी की खरीद हुई। आपूर्तिकर्ताओं ने बोली की प्रक्रिया में बहुत कम कीमतें देकर अनुबंध हासिल किए। कुछ मामलों में अयोग्य कंपनियों को भी ठेके दिए गए, जबकि उनकी उत्पादन क्षमता सही नहीं थी। टीटीडी की प्रयोगशाला में भी आधुनिक जांच उपकरण नहीं थे और उसका अपग्रेड तीन साल तक टलता रहा। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि जांच और निरीक्षण समितियों में वही लोग शामिल थे, जिससे स्वतंत्र निगरानी कमजोर हुई। कई शिकायतों और गुणवत्ता निगरानी प्रणाली को भी नजरअंदाज किया गया। भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी जैसी कुछ कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने मिलावटी घी की आपूर्ति जारी रखी और सिंथेटिक केमिकल का इस्तेमाल किया। प्रीमियर एग्री फूड्स जैसी प्रमुख आपूर्तिकर्ता कंपनियों को भी मिलावट के बावजूद ऑर्डर मिलते रहे। एक अन्य कंपनी एआर डेयरी फूड ने उत्पादन के गलत आंकड़े दिए, लेकिन फिर भी आपूर्ति कर्ता बनी रही। आयोग ने टीटीडी बोर्ड, खरीद समिति के सदस्यों और अधिकारियों को इस पूरी गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

# ऋतुराज ने पत्नी को दी फ्लाइंग किस, हार्दिक के आउट होने पर माहिका हुई उदास



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2026 का 44वां मुकाबला शनिवार को चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेला गया। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर सीएसके ने एमआई को आठ विकेट से हरा दिया। एल क्लासिको के नाम से मशहूर इन दो टीमों के बीच मैच में कई दिलचस्प पल भी देखने को मिले।

चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सीएसके की मुंबई पर जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 48 गेंद में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 67 रन की नाबाद पारी खेली। ऋतुराज ने कार्तिक शर्मा के साथ 98 रन की नाबाद साझदारी निभाई। अर्धशतक लगाने के बाद ऋतुराज ने दर्शक दीर्घा में बैठीं उनकी पत्नी उत्कर्षा को फ्लाइंग किस भी दी। ऋतुराज की बल्लेबाजी खराब रही थी और उन्हें फॉर्म में लौटता देख उत्कर्षा भी काफी खुश नजर आईं।

### कार्तिक शर्मा का धोनी वाला अंदाज

चेन्नई सुपर किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को फ्रेंचाइजी ने 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, इस मैच से पहले तक उनका बल्ला कुछ खास नहीं चला था। इस मैच में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की और आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक लगाया। अर्धशतक लगाने के बाद उनका गन सेलिब्रेशन ठीक उस तरह था, जैसा सेलिब्रेशन धोनी ने अक्तूबर 2005 में श्रीलंका के खिलाफ 183 रन की पारी खेलने के बाद किया था। कार्तिक धोनी की तरह विकेटकीपर भी हैं।

### माहिका दिखीं उदास

इस मैच में मुंबई की टीम पहले बल्लेबाजी कर रही थी। हालांकि, टीम ने काफी धीमी शुरुआत की। ऐसे में टीम को कप्तान हार्दिक पांड्या से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन वह भी 23 गेंद में दो चौके की मदद से 18 रन बनाकर चलते बने। वापस पवेलियन लौटते वक्त उनकी गर्लफ्रैंड माहिका को दिखाया गया, जो कि काफी उदास दिख रही थीं।

### दुबे-हार्दिक के बीच हुई बात

तस्वीरों में हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे के बीच मैच के दौरान एनिमेटेड बातचीत होती दिख रही है। दोनों खिलाड़ी आमने-सामने खड़े हैं और हार्दिक हाथ के इशारों के साथ कुछ समझाते या जवाब देते नजर आ रहे हैं, जबकि दुबे भी ध्यान से सुनते हुए प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो किसी गेंद, शॉट या मैदान पर हुई घटना को लेकर बात चल रही है। दोनों गंभीर दिख रहे होते हैं।



### सूर्यकुमार ने ऋतुराज को दी बधाई

आईपीएल 2026 में मुंबई के खराब प्रदर्शन की एक वजह सूर्यकुमार यादव का फ्लॉप रहना रहा है। हालांकि, सीएसके से मैच के दौरान ऋतुराज को उन्होंने फॉर्म में वापस लौटने की बधाई जरूर दी। सूर्यकुमार ने सीएसके के खिलाफ 12 गेंद में 21 रन की पारी खेली।

### बोल्ट का 90 मीटर का छक्का

ट्रेंट बोल्ट ने सीएसके के खिलाफ अपनी पहली ही गेंद पर 90 मीटर का जोरदार छक्का लगाया। अंशुल कंबोज गेंदबाजी कर रहे थे। बोल्ट का फॉर्म इस सीजन खराब रहा है। उन्हें ज्यादा विकेट भी नहीं मिले हैं और ऐसे में उन्होंने बल्लेबाजी के दौरान छक्का जड़कर अपनी भड़ास निकाली।

### आईपीएल एल क्लासिको मैच का हाल

मैच की बात करें तो मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे सात विकेट पर 159 रन बनाए थे। नमन धीर ने 37 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेली। वहीं, रेयान रिकेल्टन ने 24 गेंद में 37 रन बनाए। सीएसके की ओर से कंबोज ने तीन और नूर अहमद ने दो विकेट लिए। सीएसके को जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य मिला था। गायकवाड़ के 48 गेंदों पर नाबाद 67 रन और कार्तिक शर्मा के 40 गेंदों पर नाबाद 54 रन की मदद से सीएसके ने 11 गेंद रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। सीजन के नौवें मैच में सीएसके की यह चौथी जीत थी।

## टी20 मुंबई लीग में नीलामी, अर्जुन पर लगी भारी भरकम बोली

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टी20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित चौथे सीज़न के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इससे पूर्व पहली महिला लीग की नीलामी की सफलता के बाद पुरुषों की फ्रेंचाइजियों ने अपनी टीमों को अंतिम रूप देने के लिए बोली की मेज पर जोरदार मुकाबला किया, जिसमें उन्होंने जाने-माने अंतरराष्ट्रीय सितारों और शहर की सबसे होनहार उभरती प्रतिभाओं का मेल बिठाया।



सीजन 4 की नीलामी में बोलियों की जोरदार जंग देखने को मिली जिसमें ऑलराउंडर आकाश पारकर सबसे कीमती खिलाड़ियों में से एक बने। उन्हें सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 12 लाख रुपये में खरीदा। विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रसाद पवार (11.50 लाख रुपए) और हरफनमौला मुशीर खान (11 लाख रुपए) को आर्क्स अँधेरी ने अपने इरादे साफ करते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले लीग ने आइकॉन खिलाड़ियों की एक जबरदस्त सूची की पुष्टि की थी, जो अपनी-अपनी फ्रेंचाइजियों की अगुवाई करेंगे। इस सूची में भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मुंबई के दिग्गज शामिल हैं जिनमें सूर्यकुमार यादव (ट्रंफ नाइट्स मुंबई नार्थ ईस्ट), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फालकन्स), अजिंक्य रहाणे (नार्थ मुंबई पैंथर्स), शिवम दुबे (आर्क्स अंधेरी), यशस्वी जायसवाल (बांद्रा ब्लास्टर्स), शार्दुल ठाकुर (ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स), सरफराज खान (आकाश टाइगर्स) और तुषार देशपांडे (स्ब्ष्ट मराठा रॉयल्स) शामिल हैं। इस नीलामी ने भविष्य के सितारों के लिए एक लॉन्चपैड के तौर पर लीग की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

अर्जुन तेंदुलकर आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहे; उन्हें आर्क्स अंधेरी ने 10 लाख रुपए में खरीदा। दूसरी ओर, युवा सनसनी आयुष म्हात्रे और सूर्यांश शेडगे को ट्रंफ नाइट्स ने अपनी टीम के मुख्य खिलाड़ियों के तौर पर बरकरार रखा। स्ब्ष्ट के प्रेसिडेंट, अजिंक्य नाइक ने कहा, 'टी20 मुंबई लीग देश के सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी घरेलू टी20 प्लेटफॉर्म्स में से एक के तौर पर लगातार आगे बढ़ रही है। ऑक्शन में हमने जो ज़बरदस्त जोश देखा, वह मुंबई में मौजूद टैलेंट की गहराई और इस इकोसिस्टम पर फ्रेंचाइज़ियों के भरोसे, दोनों को दिखाता है। अब जब खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर तैयार हो चुका है, तो हम एक ऐसे सीजन के लिए तैयार हैं जो क्रिकेट की क्वालिटी, मुकाबले और कुल मिलाकर स्टैंडर्ड के मामले में एक नया बेंचमार्क सेट करेगा।' लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन, राजदीप गुप्ता ने आगे कहा, 'ऑक्शन ने एक बार फिर मुंबई की क्रिकेटिंग पाइपलाइन की ताक़त को उजागर किया है। फ्रेंचाइज़ियों ने अपनी अप्रोच में काफी सोच-समझकर फैसले लिए हैं और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते हुए टैलेंट का एक संतुलित मिश्रण तैयार किया है। यह कॉम्बिनेशन एक हाई-परफॉर्मेंस वाला माहौल बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है, और हमें उम्मीद है कि सीजन 4 में हमें बेहद प्रतिस्पर्धी और रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा।' यह टूर्नामेंट जून में शुरू होने वाला है, और इसकी तारीखें और जगहें जल्द ही बता दी जाएंगी। इससे पहले टी20 मुंबई वीमेन्स लीग का पहला ऑक्शन हुआ, जिसमें टीनएज संसेशन इरा जाधव ने सुर्खियां बटोरीं, जब आकाश टाइगर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल करने के लिए 10 लाख रुपये खर्च किए।

# विश्वकप के लिए भारतीय टीम घोषित हरलीन देओल को नहीं मिला मौका

**मुंबई, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को भारतीय महिला टीम घोषित हो गई। मुंबई स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में चयन समिति की बैठक के बाद टीम का एलान कर दिया गया। भारतीय टीम इस वैश्विक टूर्नामेंट में हरमनप्रीत कौर की अगुआई में खेलने उतरेगी। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था और अब टीम की नजरें अपने पहले टी20 विश्व कप खिताब पर होंगी। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा।

### टीम में क्या खास?

टी20 विश्व कप के लिए चुने गए स्क्वॉड में अनकैप्ड नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया गया है। प्रतिका रावल को टीम से बाहर कर दिया गया जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना पाई। नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

### भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए टीम घोषित

टी20 विश्व कप के अलावा इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भी टीम का एलान किया गया है। इसमें प्रतिका रावल को मौका मिला है। यह मुकाबला 10 से 13 जुलाई के बीट लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा।

**टेस्ट मुकाबले के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, हरलीन देओल, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, स्नेह राणा।




### भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

टी20 विश्व कप के लिए 12 टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम ग्रुप-1 में शामिल है। ग्रुप-1 को 'ग्रुप ऑफ डेथ' माना जा रहा है, जहां मौजूदा दिग्गज टीमों के साथ भारत-पाकिस्तान की पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ भारत के मुकाबले भी रोमांचक रहने वाले हैं।

### हरमनप्रीत कौर पांचवीं बार करेंगी कप्तानी

भारतीय टीम की कमान एक बार फिर हरमनप्रीत कौर के हाथों में होगी, जो इस ग्लोबल टूर्नामेंट में पांचवीं बार टीम की अगुवाई करेंगी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में वह भारत की शीर्ष स्कोरर रही थीं। उपकप्तानी की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना को सौंपी गई है। भारतीय टीम ने अपने स्पिन विभाग को मजबूत किया है, जिसमें दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, श्री चरणी और राधा यादव शामिल हैं। ये सभी गेंदबाज हालिया दक्षिण अफ्रीका सीरीज में प्रभावी रहे थीं। भारत का हालिया टी20 प्रदर्शन ज्यादा प्रभावशाली नहीं रहा है। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम ने 21 में से 13 मैच जीते हैं, लेकिन इस साल 8 में से सिर्फ 3 मुकाबले ही जीत पाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई सीरीज में भारत को 5 में से 4 मैचों में हार झेलनी पड़ी।

# उसे बच्चा ही रहने दो

**आरसीबी के स्टार ने वैभव को लेकर की खास अपील, अपने पुराने बयान पर दिखे कायम**



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने बल्ले से धमाल मचा रखा है। 15 साल का ये बल्लेबाज कई लोगों का चहेता है और उनमें से ही एक हैं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा। जितेश ने कुछ दिन पहले वैभव को लेकर कहा था कि वह अनप्रोफेशनल हैं। इस बात को लेकर काफी विवाद हुआ था। जितेश ने अब इस पर दोबारा बात की है और कहा है कि वैभव अभी भी बच्चा है और उसे ऐसा ही रहने दो।

जितेश ने आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के साथ एक पॉडकास्ट में वैभव को लेकर कहा था कि वह अनप्रोफेशनल हैं। अपने इस बयान को लेकर जितेश ने सफाई दी है।

### ये है सच्चाई

जितेश ने एक पॉडकास्ट में बताया कि डिविलियर्स ने उनसे भारत के भविष्य के बारे में पूछा था और उन्होंने जवाब में वैभव का नाम लिया। उन्होंने कहा, 'वह मेरा बहुत अच्छा दोस्त है। हम दोनों काफी करीब हैं। मैं उसे कुछ भी कह सकता हूं। एबी ने मुझसे पूछा था कि आपको क्या लगता है कि कौन-सा खिलाड़ी भारत के लिए स्टार बनेगा? मैंने तुरंत वैभव का नाम लिया। जब उन्होंने पूछा कि क्यों? तो मैंने उसकी तकनीक, मानसिकता और मेहनत के बारे में बताया। मैंने कहा कि वैभव तीनों फॉर्मेट में धमाल मचा सकता है और वह मैदान पर काफी प्रोफेशनल दिखता है लेकिन मैदान के बाहर ऐसा नहीं है। '

### वैभव सूर्यवंशी को आईसक्रीम पसंद है

अपने और वैभव की दोस्ती के बारे में बात करते हुए जितेश ने कहा, 'वह 15 साल का बच्चा है जिसे आईसक्रीम खाना पसंद है। वह मेरे कमरे में आता है और खाता है। मैं नहीं खाता वो खाता है। एक बच्चा अगर आईसक्रीम नहीं खाएगा तो क्या करेगा? वह मेरे घर आता है, मेरी पत्नी से बात करता है। यूट्यूब पर वीडियो देखता है। वह मेरे छोटे भाई की तरह है। 'जितेश ने कहा कि लोग क्या कहते हैं उससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, 'मुझे फर्क नहीं पड़ता कि लोग क्या कहते हैं। उनसे काफी सारे प्रोफेशनलिज्म की उम्मीदें हैं क्योंकि उसे इस लेवल पर प्रदर्शन करना है,

# क्या एमआई का खेल खत्म!

**सीएसके से मिली हार के बाद कैसे प्लेऑफ में पहुंच पाएगी हार्दिक की सेना**

**मुंबई, एजेंसी।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को करारी मात दी, जिसके बाद टीम प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है।

चेन्नई ने ये मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम किया। हार्दिक पांड्या की टीम मौजूदा सीजन में नौ मैचों में से सात हार चुकी है। उसे अभी पांच लीग मैच खेलने हैं। अगर वह सभी मुकाबले जीत भी लेती है तो उसके अधिकतम 14 अंक ही हो पाएंगे, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे। ऐसे में जानते हैं एमआई की टीम कैसे एमआई की टीम प्लेऑफ का टिकट हासिल कर सकती है।

### हार ने बिगाड़ा समीकरण

चेन्नई के खिलाफ हार ने न केवल मुंबई के अंक तालिका में इजाफे को रोका, बल्कि उनके नेट रन रेट को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। मुंबई की टीम फिलहाल निचले पायदानों पर संघर्ष कर रही है। सीएसके से मिली हार के बाद एमआई की टीम प्वाइंट्स टेबल में 9वें पायदान पर है। अब यहां से अगर मुंबई एक भी मैच हारती है तो मतलब की उनका बोरिया बिस्तर पैक होने वाला है।

### कैसे अभी प्लेऑफ में पहुंच सकती है MI

मुंबई इंडियंस को अब प्लेऑफ में पहुंचने के लिए इन तीन बातों पर निर्भर रहना होगा।

**1. बाकी बचे सभी मैचों में जीत-** मुंबई को अपने आगामी सभी मुकाबले जीतने होंगे ताकि वे 16 अंकों के चमत्कारिक अंक तक पहुंच सकें। 14 अंकों के साथ क्वालीफाई करना एमआई के लिए इस साल मुश्किल लग रहा है क्योंकि टॉप-4 टीमें तेजी से अंक बटोर रही हैं।

**2. नेट रन रेट में सुधार-** चेन्नई के खिलाफ मिली हार ने रन रेट को काफी नीचे गिरा दिया है। मुंबई को न केवल जीतना होगा, बल्कि बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी ताकि बराबरी के अंकों पर वे पिछड़ न जाएं

**3. बाकी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा-** मुंबई को अब दुआ करनी होगी कि सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमें अपने अगले कुछ मैच हार जाएं, जिससे मिड-टेबल में जगह बनाने का मौका मिले।मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी समस्या उनकी अस्थिर बल्लेबाजी और डेथ ओवर्स में गेंदबाजी रही है। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली ये टीम मैदान पर वो दिखाने में नाकाम रही है जिसके लिए मुंबई जानी जाती है। रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव का बल्ला से फ्लॉप होना टीम के लिए सबसे बड़ी मुसीबत रहा।





# थॉमस कप के सेमीफाइनल में भारत को मिली हार; फ्रांस ने 3-0 से दी

**नई दिल्ली ।** थॉमस कप 2026 के सेमीफाइनल में भारत और फ्रांस के बीच शनिवार को खेला गया हाई-वोल्टेज ड्रामे की तरह था। डेनमार्क के फोरम हॉर्सेंस एरिना में खेले गए मैच का माहौल भारतीय और फ्रांसीसी प्रशंसकों के जोश ने रोमांचक बना दिया था। अंतिम स्कोर 0-3 रहा और भारत टूर्नामेंट से बाहर हो गया, लेकिन यह आंकड़ा मैच की वास्तविक प्रतिस्पर्धा को पूरी तरह नहीं दर्शाता। मुकाबले के दौरान कई ऐसे क्षण आए जब भारतीय खिलाड़ियों ने फ्रांस को दबाव में डाला और वापसी की उम्मीद जगाई। फिर भी, निर्णायक मौकों पर फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने संयम और सटीकता दिखाते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया।

फ्रांस पहली बार थॉमस कप के फाइनल में

के फाइनल में जगह बनाई। फ्रांस की सफलता के मुख्य सूत्रधार रहे टोमा जूनियर पोपोव और क्रिस्टो पोपोव भाइयों ने न केवल शानदार खेल दिखाया, बल्कि रणनीतिक रूप से भी भारतीय टीम को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने एकल और डबल्स दोनों में भाग लेते हुए टीम को संतुलन दिया, और मैच क्रम इस तरह तय किया गया कि उन्हें पर्याप्त आराम मिल सके।

भारत के लिए सबसे बड़ा झटका था लक्ष्य सेन का चोट के कारण बाहर होना। उनकी अनुपस्थिति ने टीम संयोजन को प्रभावित किया। पहले सिंगल्स में आयुष शेट्टी को उतारा गया, लेकिन वे दबाव को संभाल नहीं पाए और क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में हार गए।

दूसरे सिंगल्स में किदांबी श्रीकांत ने अनुभव का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने एलेक्स लैनियर को कड़ी टक्कर दी और कई मौकों पर बढ़त भी बनाई। हालांकि, अहम क्षणों में सटीकता की कमी के कारण वे मैच गंवा बैठे।

# सात साल में सबसे तेज रफ्तार से तेल बेच रहा वेनेजुएला, कल तक चौपट थी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेनेजुएला के दिन बहुरते दिख रहे हैं। पिछले एक दशक से यह देश भीषण आर्थिक संकट का सामना करता आया है। लेकिन, अब इसका तेल दोबारा पूरी दुनिया में बहने लगा है। वह भी सात साल से ज्यादा समय में सबसे तेज रफ्तार से। शिपिंग डेटा और सरकारी कंपनी के दस्तावेजों के मुताबिक, अप्रैल में वेनेजुएला का कच्चा तेल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ गया। यह बढ़कर 12.3 लाख बैरल प्रति दिन हो गया। इसकी मुख्य वजह अमेरिका, भारत और यूरोप से बढ़ी हुई मांग है। यह वही वेनेजुएला है जहां 2018-19 के दौरान महंगाई चरम पर थी। लोग एक पैकेट दूध या ब्रेड खरीदने के लिए नोटों से भरे बैग लेकर जाते थे।

मार्च के मुकाबले यह तेज उछाल तब आया जब वेनेजुएला ने अपने तेल के भंडार को कम करना और कच्चे



तेल का उत्पादन फिर से शुरू करना जारी रखा। यह सब जनवरी में अमेरिका की ओर से निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद हुआ। इस घटनाक्रम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के बीच एक बड़े तेल सप्लाई समझौते का रास्ता साफ कर दिया।

**आसान हुआ वेनेजुएला का तेल खरीदना-** रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस समझौते के साथ इस साल की शुरुआत में अमेरिकी लाइसेंसों ने प्रतिबंधों में ढील दी। इससे साझेदारों और विटोल और ट्राफिगुरा जैसी बड़ी ट्रेडिंग कंपनियों के लिए वेनेजुएला का कच्चा तेल खरीदना आसान हो गया। ये कंपनियां उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया सहित दुनिया भर के कई बाजारों में रिफाइनरियों के लिए तेल खरीद रही हैं।

**अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार-** वेनेजुएला के कच्चे तेल के लिए अमेरिका सबसे बड़ा सीधा खरीदार बना रहा। पिछले महीने उसने लगभग 4,45,000 बैरल प्रति दिन तेल आयात किया। मार्च के 3,63,000 बैरल प्रति दिन से यह ज्यादा था।

**भारत और यूरोप ने भी बढ़ाई खरीद-** भारत ने भी अपनी खरीद बढ़ाई और पिछले महीने के 3,42,000 बैरल प्रति दिन के मुकाबले 3,74,000 बैरल प्रति दिन तेल खरीदा। वहीं, यूरोप को होने वाला निर्यात 1,44,000 बैरल प्रति दिन से बढ़कर लगभग 1,65,000 बैरल प्रति दिन हो गया। इसके अलावा, वेनेजुएला का 1,87,000 बैरल प्रति दिन कच्चा तेल और ईंधन कैरिबियन के स्टोरेज सेंटरों पर भेजा गया, जहां से उसे आगे बेचा जाएगा।

## रोहित जैन आरबीआई के नए डिप्टी गवर्नर बने, टी रबी शंकर की लेंगे जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने रोहित जैन को तीन साल की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। रोहित जैन की नियुक्ति 3 मई से प्रभावी होगी। वह वर्तमान में केंद्रीय बैंक में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। डिप्टी गवर्नर के तौर पर उन्हें कौन सा विभाग सौंपा जाएगा, इसकी घोषणा अभी बाकी है। रोहित जैन टी रबी शंकर की जगह लेंगे। टी रबी शंकर का विस्तारित कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो गया।




सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने तीन मई या पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन साल के लिए जैन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। रबी शंकर को पहली बार सितंबर 2021 में तीन साल के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। उन्हें 2024 में एक साल का विस्तार दिया गया। इसके बाद 2025 में भी उन्हें विस्तार मिला। रोहित जैन के पास बैंकिंग और मैनेजमेंट का लंबा अनुभव है। वह करीब 30 साल से इस क्षेत्र में है। वह बैंक की बारीकियों को गहराई से समझते हैं। बतौर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उन्होंने रिस्क मैनेजमेंट और बैंक की कमियों को पकड़ने वाले अहम विभागों को संभाला।

## डिफेंस कंपनी का नेट प्रॉफिट 69 प्रतिशत गिरा, सोमवार को शेयरों में दिखेगी हलचल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डिफेंस कंपनी जेन टेक्नोलॉजी के लिए मार्च तिमाही काफी निराशाजनक साबित हुई है। इस दौरान कंपनी के नेट प्रॉफिट में भारी गिरावट देखने को मिली। कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि जनवरी से मार्च 2026 के दौरान कुल नेट प्रॉफिट 31.50 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 101.10 करोड़ रुपये रहा था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 69 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि पिछली वित्त



वर्ष की आखिरी तिमाही के दौरान कुल 178.10 करोड़ रुपये का रेवन्यू रहा है। एक साल पहले इसी चौथी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 324.90 करोड़ रुपये रहा था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 45.20 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। जेन टेक्नोलॉजी का 63.10 प्रतिशत की गिरावट के बाद 51 करोड़ रुपये रहा है। इसके पहले के वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में यह 138 करोड़ रुपये रहा था।

**डिविडेंड का ऐलान-** कंपनी ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट भी घोषित कर दिया है। जेन टेक्नोलॉजी की तरफ से दी जानकारी में बताया गया है कि 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 1 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी ने डिविडेंड के लिए 21 अगस्त 2026, दिन शुक्रवार को रिकॉर्ड डेट घोषित किया है।

शुक्रवार को जेन टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयर बीएसई में 0.72 प्रतिशत की गिरावट के बाद 1671.25 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 30 प्रतिशत की तेजी आई है।

# ऐपल जैसे मौके अब कहां 400 अरब कैश लेकर बैठे हैं

### वॉरेन बफे ने की टिम कुक की तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे का कैश बैलेंस रेकॉर्ड 397 अरब डॉलर पहुंच चुका है। कंपनी ने मार्च तिमाही में 8.1 अरब डॉलर की बिकवाली की। कंपनी लगातार 14वीं तिमाही में नेट सेलर रही। कंपनी ने ओमाहा में अपनी सालाना शेयरहोल्डर मीटिंग में इसकी घोषणा की। इस मौके पर कंपनी के 95 साल के चेयरमैन बफे ने कहा कि नए सीईओ ग्रेग एबल की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनके काम को आगे बढ़ा रहे हैं। बफे 60 साल तक कंपनी के सीईओ रहे थे।



एबल ने कहा कि बर्कशायर की ऑपरेटिंग फिलोसफी में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'हमें बर्कशायर के कई बिजनेस में उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। यह हमारा फोकस रहा है और आगे भी यही रणनीति जारी रहेगी।' कंपनी ने मार्च तिमाही में अपने ही 234 मिलियन डॉलर के शेयर खरीदे। मई 2024 के बाद कंपनी ने पहली बार स्टॉक बायबैक किया है। इस दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 18 फीसदी बढ़कर 11.35 अरब डॉलर पहुंच गया जो पिछले साल समान तिमाही में 9.64 अरब डॉलर था।

बर्कशायर ने ऐपल में 35 अरब डॉलर का निवेश किया था जो अब बढ़कर 185 अरब डॉलर हो चुका है। अब ऐपल जैसे मौके बहुत दुर्लभ हो गए हैं। यही वजह है कि बर्कशायर का कैश बैलेंस इतना बढ़ गया है।

### वॉरेन बफे, बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन कुक की तारीफ

बफे ने मौके पर ऐपल के सीईओ टिम कुक की जमकर तारीफ की। कुक ने हाल ही में सीईओ पद छोड़ने की घोषणा की है। बफे ने कहा कि बर्कशायर ने ऐपल में 35 अरब डॉलर का निवेश किया था जो अब बढ़कर 185 अरब डॉलर हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब ऐपल जैसे मौके बहुत दुर्लभ हो गए हैं। यही वजह है कि बर्कशायर का कैश बैलेंस इतना बढ़ गया है। कुक 2011 में ऐपल के सीईओ बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी का रेवेन्यू 3.8 गुना और मार्केट मार्केट कैप 10.6 गुना बढ़ा। इस दौरान कंपनी के शेयरों में करीब 2000 प्रतिशत तेजी आई है।

बर्कशायर ने पिछले एक दशक में कोई बड़ी डील नहीं की है। रिटेल से लेकर इंडस्ट्रियल ऑपरेशंस तक इसके कई परंपरागत बिजनेस की ग्रोथ मिलीजुली रही है। निवेशक ज्यादातर टेक्नोलॉजी वाले शेयरों पर ज्यादा निवेश कर रहे हैं। बर्कशायर हैथवे 1.020 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की 12वीं बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। पिछले सत्र में कंपनी का शेयर 0.12 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ था। बफे ने पिछले साल बर्कशायर का पद छोड़ने की घोषणा की थी। उसके बाद से कंपनी का प्रदर्शन एसएंडपी 500 के मुकाबले कम रहा है।

# ईरान-इजरायल युद्ध की शिकार अमेरिकी बजट एयरलाइन, झेल नहीं पाई बढ़ते एटीएफ की मार, बंद कर दिया कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध का असर अब दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका पर भी पड़ने लगा है। वहां फ्यूल की बढ़ती कीमतों के कारण आम जनता के साथ-साथ एयरलाइन कंपनियां भी परेशान हैं। देश की बजट एयरलाइन स्पिरिट एयरलाइन्स ने अपना ऑपरेशन बंद करने की घोषणा की है। यह ईरान युद्ध के कारण कारोबार समेटने वाली अमेरिका की पहली एयरलाइन कंपनी है। कंपनी सरकार से बेलआउट लेने में नाकाम रही। इससे हजारों लोगों की नौकरी पर असर पड़ेगा। इस एयलाइन की बाजार हिस्सेदारी 5 फीसदी है और अमेरिका में पिछले दो दशक में यह पहला मौका है जब कोई इतनी बड़ी एयरलाइन बंद होने जा रही है।




ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक जेट फ्यूल की कीमत दोगुनी हो चुकी है। किसी भी एयरलाइन की ऑपरेटिंग कॉस्ट में एटीएफ की हिस्सेदारी करीब आधी होती है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक स्पिरिट एयरलाइन्स का बंद होना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए भी एक बड़ा झटका है। उन्होंने एयरलाइन को बचाने के लिए 500 मिलियन डॉलर का प्रस्ताव रखा था। उनके कुछ करीबी सलाहकारों और कांग्रेस में कुछ रिपब्लिकन सदस्यों ने इसका विरोध किया। लेकिन कंपनी सरकार के बेलआउट प्लान के लिए क्रेडिटर्स का सपोर्ट हासिल करने में नाकाम रही। स्पिरिट ने देश में हवाई टिकट की कीमत कम रखने में मदद की जबकि उसका मुकाबला कई दिग्गज एयरलाइन्स से था। कंपनी के बोर्ड की मीटिंग में एयरलाइन को बचाने के लिए कोई सहमति नहीं बन पाई। स्पिरिट ने एक बयान में कहा कि कंपनी के प्रयासों के बावजूद हाल में तेल की कीमतों में तेजी और बिजनेस पर दूसरे दबावों ने स्पिरिट की वित्तीय स्थिति पर काफी असर डाला है। ऐसी स्थिति में हमारे पास ऑपरेशन बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

कंपनी के प्रयासों के बावजूद हाल में तेल की कीमतों में तेजी और बिजनेस पर दूसरे दबावों ने स्पिरिट की वित्तीय स्थिति पर काफी असर डाला है। ऐसी स्थिति में हमारे पास ऑपरेशन बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

कंपनी ने बताया की सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। कंपनी ने यात्रियों को फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट न जाने की सलाह दी है। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की सप्लाई टाइट हो गई है। इसकी वजह यह है कि दुनिया का 20 फीसदी कच्चा तेल इसी रास्ते गुजरता है।

# भारत पर 4 तरीकों से सामने आएगा असर, सीईए नागेश्वरन ने दी चेतावनी, तेल का समझाया रोल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने खतरे की घंटी बजा दी है। शनिवार को उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष से प्राइस शॉक यानी कीमतों में अचानक उछाल की चेतावनी दी है। उनके मुताबिक, इस वित्त वर्ष (2026-27) में चालू खाता घाटा बढ़कर लगभग 2 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

नागेश्वरन अशोक यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित ग्रोथ कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष ऐसे समय में सामने आया है, जब अर्थव्यवस्था से एक और साल तक 7 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ने की उम्मीद थी। सीईए ने आगे कहा, 'लेकिन कच्चे तेल, पेट्रोकेमिकल्स और पेट्रोलियम उत्पादों



की कीमतों में बढ़ोतरी ने इस संभावना को बदल दिया है। हालांकि, भारत के लिए यह मुख्य रूप से कीमतों में आया उछाल है, न कि सप्लाई में कमी। हम सप्लाई और उपलब्धता को ठीक से संभाल रहे हैं। भले ही कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तय होती हों।'

उनकी ये प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब इस वित्त वर्ष में आर्थिक संभावनाओं को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। ग्लोबल स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को अर्थव्यवस्था और सरकारी खजाने पर बोझ माना जा रहा है। ये एफटीए हमें विदेशी बाजारों तक पहुंच प्रदान करते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ये हमारे व्यवसायों को प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। इससे उन्हें अपनी क्षमता आंकने और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलती है।

**सरकार की प्रायोरिटी बताई-** भारत की आयातित तेल पर निर्भरता को लेकर चिंताओं को दूर करते हुए नागेश्वरन ने बताया कि विकल्पों के मामले में भी कीमतों को लेकर चुनौतियां होंगी।

### एफटीए का पड़ेगा पॉजिटिव इम्पैक्ट

हालांकि, सीईए ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की ओर से किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'ये एफटीए हमें विदेशी बाजारों तक पहुंच प्रदान करते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ये हमारे व्यवसायों को प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। इससे उन्हें अपनी क्षमता आंकने और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलती है।' नागेश्वरन ने आगे कहा कि ये समझौते भारत को न सिर्फ ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करेंगे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि हम ऐसा प्रतिस्पर्धी तरीके से करें।

## एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देर रात एलपीजी सिलेंडर की बड़ी खुशखबरी आई थी। 46313 मैट्रिक टन से लदे एलपीजी कैरियर ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता पार कर लिया। भारत की एलपीजी जरूरतों को पूरा करने के लिए यह एक बड़ी गुड न्यूज है। बता दें, आज एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जिसकी वजह एलपीजी सिलेंडर का रेट पुराने स्तर पर बना हुआ है। 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये का इजाफा 1 मई को किया था। जिसके बाद दिल्ली में रेट 2078.50 रुपये से बढ़कर 3061.50 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 1 अप्रैल को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 195.50 रुपये और 1 मार्च को 114.50 रुपये का इजाफा हुआ था। तीन महीने में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का रेट 1303 रुपये बढ़ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार 46313 मैट्रिक टन एलपीजी सिलेंडर ने 2 मई को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज क्रॉस किया है। इसमें 20 सदस्य मौजूद हैं। यह जहाज 13 मई विसाखापत्तनम् पहुंच सकता है।

एलपीजी प्रोडक्शन के लिहाज से भी अच्छी खबर है। लाइव मिंट की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने अपना एलपीजी प्रोडक्शन 60 प्रतिशत बढ़ा लिया है।

# रेलवे प्लेटफॉर्म पर खाद्य पदार्थ बेचने वाले लाइसेंसी परेशान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनियों ने बीते शुक्रवार को ही कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के दाम में तगड़ी बढ़ोतरी की है। इसके बाद रेलवे प्लेटफॉर्म पर खान-पान स्टॉल, फूड ट्रॉली और ट्रे में पूड़ी-सब्जी या अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वाले लाइसेंसी परेशान हैं। इनका कहना है कि रेलवे प्लेटफॉर्म पर खान-पान स्टॉल चलाने वाले लाइसेंसी का रेट साल 2012 में तय हुआ है। तब से महंगाई कहां से कहां चली गई है। ऐसे में उन्होंने रेल मंत्रालय से रेट में रिवीजन की गुजारिश की है। रेलवे के देश भर के लाइसेंसी वेंडर का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था अखिल भारतीय रेलवे खान-पान लाइसेंसीज वेलफेयर एसोसिएशन है। इसने रेल मंत्रालय से रेलवे प्लेटफॉर्मों पर संचालित खान-पान स्टॉल, ट्रॉली, ट्रे, ढाबा और अन्य वेंडिंग यूनिट्स के लाइसेंसधारकों को तत्काल राहत देने की मांग की है। एसोसिएशन ने सरकार का ध्यान इस ओर भी दिलाया है कि आज से देशभर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब एक हजार रुपये की बढ़ोतरी एक ही दिन में हो गई है। ऐसे में वेंडरों के सामने भारी परेशानी खड़ी हो गई है ।

**रेल मंत्री से लगाई गुहार-** एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंदर गुप्ता ने रेल मंत्री अश्विनी




वैष्णव को पत्र भेज कर गुहार लगाई है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक ऊर्जा संकट से भारत भी प्रभावित है। इस वजह से 1 मार्च 2026 से सरकार द्वारा कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति भी बंद कर दी गई है। इसके चलते वेंडर को काम चलाने के लिए 14 किलो के गैस सिलेंडर लेने पड़ रहे हैं। इसकी कीमत 2,000 से 5,000 रुपये तक पहुंच गई है। इसलिए रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी हो। उन्होंने एनबीटी को बताया कि रेलवे प्लेटफार्म पर काम करने वाले लाइसेंसी वेंडर के लिए रेट लिस्ट में पिछली बार समीक्षा साल 2012 में हुई थी। तब से लेकर आज तक महंगाई कई गुना बढ़ गई है, लेकिन रेलवे ने रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। उन्होने उदाहरण देते हुए बताया कि रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिकने वाली चाय का रेट अभी भी 5 रुपये कप है। वह सवाल पूछते हैं कि इतने कम कीमत पर चाय बेचना संभव है वह भी लाइसेंस फीस और तरह तरह के टैक्स चुका कर। उल्लेखनीय है कि इन वेंडर की बिक्री में करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी पानी के बोतल और चाय की ही होती है। रेलवे के लाइसेंसधारी वेंडरों ने यह भी बताया कि उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी, 5 प्रतिशत जीएसटी ऑन सेल्स, 12 प्रतिशत लाइसेंस फीस, 10-15 प्रतिशत वेंडर्स कमीशन और 5-10 प्रतिशत अन्य करों का अतिरिक्त बोझ है।

### लाइसेंस फीस में राहत मिले

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि भारत में आपूर्ति को सामान्य स्तर पर पहुंचने में अभी लगभग 3 वर्ष लग सकते हैं। ऐसे में एसोसिएशन ने रेलवे प्रशासन से महामारी काल की तरह लाइसेंस फीस में राहत देने और चाय एवं अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री दरों में वृद्धि करने की मांग की है।

### छह साल में तीन गुना हो गया दाम

यदि 19 किलो वाले एलपीजी गैस वाले कॉमर्शियल सिलेंडर या हलवाई सिलेंडर की बात करें तो यह बीते छह साल में तीन गुना महंगा हो गया है। एक मई 2020 को इस सिलेंडर के रिफिल का दाम दिल्ली में 1,144.50 रुपये था। बीते शुक्रवार यानी एक मई 2026 को इसकी कीमत बढ़ने के बाद दिल्ली में यह रिफिल 3,071.50 रुपये में मिल रहा है। बीते तीन महीने में ही यह सिलेंडर कुल 1,303 रुपये महंगा हो चुका है।

# 900 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने वाले शेयरों का होगा 10 हिस्सों में बंटवारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगले कुछ दिनों में जिन कंपनियों के शेयरों का बंटवारा होगा उसमें भी है। कंपनी के शेयरों को 10 हिस्सों में बांटने के लिए बोर्ड ने अपनी मंजूरी दे दी है। बता दें, बीते 5 साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 900 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 10 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। 5 मई 2026 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी मंगलवार को कंपनी के शेयरों का 10 हिस्सों में बंटवारा हो जाएगा।

एनएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार कंपनी की तरफ से कोई भी डिविडेंड या बोनस शेयर अबतक नहीं दिया गया है। शेयर गुरुवार को मार्केट के क्लोजिंग के टाइम पर एनएसई में 0.90 प्रतिशत की गिरावट के बाद 125.50 रुपये के स्तर पर था। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 10.70 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, इसके बाद भी एक साल में यह स्टॉक 17.60 प्रतिशत लुढ़क चुका है। कंपनी का 52 वीक हाई 202 रुपये और 52 वीक लो लेवल 138.50 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 76.18 करोड़ रुपये का है।




तीन साल में कंपनी के शेयरों का भाव 16 प्रतिशत गिरा है। बता दें, 5 साल से इस स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 923 प्रतिशत का फायदा हुआ है। इस दौरान निफ्टी50 का रिटर्न 64 प्रतिशत ही रहा है।

### कंपनी में किसकी कितनी है हिस्सेदारी

प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 53.64 प्रतिशत है। वहीं, पब्लिक के पास 46.36 प्रतिशत हिस्सा है। यह आंकड़ा 2 मई 2026 का है। इससे पहले 6 अप्रैल 2026 के आंकड़ों के अनुसार कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 54.07 प्रतिशत और पब्लिक की हिस्सेदारी 45.93 प्रतिशत थी। यानी कंपनी के प्रमोटर्स ने इस दौरान हिस्सेदारी को घटाया है।

## हामर नागपुर



– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, तपकरा।

चल रे भईया...
देईख ले हामर नागपुर
हीरा तईर दिसेला - मोहेला
लाले लाल मोती नियर धूर।।
धु।।

हरियर बन करे,
धरती सिंगार,
कोईल-कारो बहे जहाँ,
झरना अपार,
चल रे भईया.... ।। 1।।

कल- कारखाना देखु,
नागपुरक शान,
अबरख सोना चांदी,
कोयला के खदान,
चल रे भईया.......।। 2।।

माला पहाड़ कर,
बोले का जे सुन,
आखरा में रईसका आऊर,
नागपुरिया धुन,
चल रे भईया....।। 3।।

पियु- पियु बोले जहाँ,
कोयली बसेरा,
चैन के नींदे करे,
*नारायण* सवेरा,
चल रे भईया....।। 4।।

## देस भारत



रामदेव बड़ाईक, रांची

**माथे देस** भारत कर ,
मुकुट विराजमान रे,
आहे देस भारत कर, सुंदर
असथान रे।

परबत हिमालय कर,
आहे हियां सान रे,
आहे देस भारत कर, सुंदर
असथान रे।

आहे चम - चम चरका,
सुंदर हियां हिमवान रे,
आहे देस भारत कर, सुंदर
असथान रे।

कहों आहे नदी - नाला,
कहों खनिज - खदान रे,
आहे देस भारत कर, सुंदर
असथान रे।

कहों तो पसरल आहे,
बन - जंगल निसान रे,
आहे देस भारत कर, सुंदर
असथान रे।

# अंतर्रास्ट्रीय सूर्य दिवस में रन फॉर सन मैराथन कर करलक आयोजन

**रिकॉर्ड 2.7 लाख रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन करेक कर उत्सव मनाल गेलक**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतर्रास्ट्रीय सूर्य दिवस 3 मई 2026 में नवीन आउर नवीकरनीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) रन फॉर सन मैराथन कर आयोजन करलक। ई सौर सक्ति के समर्पित एगो भेंट आहे, जे लाखों घर आउर जिनगी में उजाला भइर देइ हे। ई कार्जकरम में 1,50,000 मेगावाट से बेसी सौर ऊर्जा कर स्थापित छमता आउर पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) कर अंतर्गत होवल परिबर्तनकारी प्रगति कर उत्सव मनाल गेलक। इकर अंतर्गत 30 लाख सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेसन करल गेलक, जेकर में से अप्रैल 2026 में एक महीना में सउबसे बेसी 2.7 लाख इंस्टॉलेसन पूरा भेलक। इकर से देस भइर में 45 लाख से बेसी घर के रूफटॉप सोलर कर लाभ मिइल हे। रन फॉर सन कार्जकरम में नई दिल्ली कर मेजर ध्यान चंद नेशनल इस्टेडियम में 2 किमी आउर 5 किमी कर दौड़ आयोजित करल गेलक। इकर में सउब आयु बर्ग कर नागरिकमन उत्साहपूर्बक भाग लेलयं, जे भारत कर स्वच्छ ऊर्जा मिशन में जनता कर बढ़त भागीदारी के परदरसित करेला।

ई अवसर में नवीन आउर नवीकरनीय ऊर्जा मंत्रालय कर सचिव संतोष कुमार सारंगी कहलयं कि रन फॉर सन खली एगो मैराथन नखे, बलकि बेसी स्थायी आउर आत्मनिर्भर भारत कर दिसा में एगो सामूहिक पहल आहे। ऊ ई बात उपरे जोर देलयं कि जैसे-जैसे भारत नवीकरनीय ऊर्जा कर छेतर में बैश्विक नेता कर रूप में आपन इस्थिति मजबूत करत हे। नवीकरनीय ऊर्जा स्थापित करेक कर छमता कर मामला में भारत बर्तमान में बैश्विक स्तर में तीसर ठांव में आहे। रन फॉर सन कार्जकरम ने भारत कर सौर ऊर्जा जातरा कर बयापकता के उजागर करेक आउर देस भइर में सौर ऊर्जा कर बिस्तार के आउर बेसी गति देवेक ले एगो मंच परदान करलक।










# न्यायमूर्ति श्रीमती अनुभा रावत चौधरी करलयं परिसंपत्ति कर बितरन

## सरकार कर कल्यानकारी जोजना कर लाभ लेवेक कर अपील करलयं

**एजेंसी**

**लोहरदगा।** न्यायमूर्ति श्रीमती अनुभा रावत चौधरी आइज सेन्हा परखंड कर अलौदी नवा टोली गांव पहुंचलक। हुवां ऊ आमजनमन कर संगे संवाद कार्जकरम में बतौर मुध गोतिया सामिल होलयं। परिसम्पत्ति कर बितरन करलयं। न्यायमूर्ति ग्रामीनमन के संबोधित करते कहलयं कि सिछा कर बिना कुछ भी संभव नखे। सिछा से केऊ भी वंचित नी रहयं। सउब छउवामन बिद्यालय जरुर जावयं।

न्यायमूर्ति कहलयं कि गांव में आय कर अन्य स्रोत ले गांव कर निवासी सरकार द्वारा चलाल जायेक वाला जोजना कर लाभ लेवयं। कृसि में एक से बेसी फसल उपजाऊ। मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन कर जोजना आय में बिरधि ले उचित जोजना आहे। जोजना कर लाभ लेवेक ले पारा लीगल वोलेंटियर कर मदद भी लेइ सकीला। अलौदी नवाटोली ग्राम में आयोजित कार्जकरम में न्यायमूर्ति दू गो लाभुकमन के सोना सोबरन साड़ी-धोती/लुंगी वितरण जोजना, तीन लाभुकमन के प्रीति उरांव, सतीश उरांव आउर प्रीतम उरांव के जाति आउर आवासीय परमान पत्र, शीला उरांव आउर शिमला उरांव छह लाख रुपया कर कैश क्रेडिट लिंकेज, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान अंतर्गत गीता उरांव के तीस हजार रुपया कर चेक देलयं।

संधियों भगत आउर अमीन भगत के ई-श्रम कार्ड, प्रीतम उरांव आउर राहुल उरांव के नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बिद्यालय में नामांकन कर स्वीकृति पत्र, प्रीति उरांव के केजीबीवी आवासीय बिद्यालय सेन्हा में नामांकन कर स्वीकृति पत्र, रंथु भगत, संधियो भगत आउर सोहराई भगत के आयुष्मान कार्ड, आरती उरांव आउर रंथु भगत के आभा कार्ड, दीपेश भगत आउर मुकेश उरांव के जनम परमान पत्र देल गेलक। इकर अलावा विनोद उरांव के ट्राई साइकिल आउर सोहराई भगत के श्रवन मसीन देल गेलक।

ई अवसर में प्रधान जिला आउर सत्र न्यायाधीश सह अध्यछ डालसा राजकमल मिश्रा, एडीजे प्रथम स्वयंभू, एडीजे द्वितीय श्रीमती नीरजा आसरी, सीजेएम केके मिश्रा, रोहित कुमार सिविल जज सीनियर डिवीजन, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, रजिस्टार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, श्रीमती जया स्मिता कुजूर सिविल जज जूनियर डिवीजन सह पीएमजेजेबी, एलएडीसीएस अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ, पीएलवी आदि रहयं। जिला परसासन कर दन से उपायुक्त संदीप कुमार मीना, पुलिस अधीछक सादिक अनवर रिजवी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेसक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीपीआरओ अंजना दास, एसडीपीओ वेदांत शंकर, डीएसपी समीर तिर्की, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, एनडीसी अभिनीत सूरज, समस्त संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारीगन आउर पुलिस पदाधिकारी मन पहुंचल रहयं।










## धोखा देले



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

सोइच नी रहों
इ दिन आवी,
हांसत चेहरा
उदास होइ जाइ।
तोंय धोखा देले रे
पेयार कर नाम में,
मन नी लागेला रे आब
कोनो काम में।
सोइच नी रहों
इ दिन आवी,
हांसत चेहरा
उदास होइ जाइ।

फेसबुक इंस्टा में
फोटो देखोना,
कमेंट पइढ़ -पइढ़
चुपचाप रहोना,
मोय हकों दिवाना
मोय हकों दिवाना।

का जे कसुर मोर
एतइ बताय दे,
भुलाएक दवाइ या
कोनो उपाइ दे,
तोंय धोखा देले रे
पेयार कर नाम में,
मन नी लागेला रे आब
कोनो काम में।

सहरी चमक में
तोंय हेराय गेले,
गांव कर डहर के
तोंय भुलाय गेले,
करले जिनगी सुना
करले जिनगी सुना।

सोइच नी रहों
इ दिन आवी,
हांसत चेहरा
उदास होइ जाइ।
तोंय धोखा देले रे
पेयार कर नाम में,
मन नी लागेला रे आब
कोनो काम में।

# तेज धूप में निकलेक से बचू, करु पेय पदार्थ कर सेवन : वीरेन्द्र प्रताप

**डालसा हीट-वेव-रिलीफ कैंप में राहत सामग्री बांटलयं**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** डालसा, रांची आउर दुकानदार सहयोग समिति कर संजुक्त प्रयास से 3 मई के प्रचंड गरमी के देखते रांची कर बहु बाजार चौक कर समीप हीट-वेव-रिलीफ कैंप लगालक। राहत सामग्री कर रूप में पानी कर बोतल आउर ओ.आर.एस बांटल गेलक। ई अवसर में डालसा एलएडीसी सहायक वीरेन्द्र प्रताप, होटल सहयोग समिति कर सदस्य, पीएलवी भुप्रताप महतो, प्रदीप नाग, साहिष्ता प्रवीण, रजनी कुमारी आउर मुन्नी देवी पहुंचल रहयं।

राहत सामग्री बितरन कार्जकरम में एलएडीसी सहायक वीरेन्द्र प्रताप आपन टीम कर संगे स्वयं उपस्थित होए के सउब कर बीच राहत सामग्री कर बितरन करलक। ऊ कहलयं कि तेज धूप में निकलेक से बचू। पेय पदार्थमन कर बेसी से बेसी सेवन करु। पीएलवी भुप्रताप महतो भी सउब से कहलयं कि ई प्रचंड गरमी के देखते डालसा, रांची कर द्वारा राहत कैंप लगाल जाए हे। आगे भी लगाल जाई। जखनों घर से निकलु, मुंह सर ढाइप के निकलु।






मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com